* ओड़िशा संस्करण

11 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 141

www.epaper.azadsipahi.in

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

मुख्यमंत्री के हाथों जामताड़ा और गिरिडीह को मिली 980.15 करोड़ की सौगात

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC) तथा मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना

का शुभारंभ कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

श्री बादल पत्रलेख
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

दिनांक: 11 मार्च 2024

समय: 11:30 पूर्वाह्न

स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषता

1 झारखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे **विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना** ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र/संस्थान जैसे-Engineering, Medical, Law, Research, IITs, IIMs आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले।

2 विद्यार्थियों को ऋण के रूप में **अधिकतम ₹15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।** विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा, शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गई है जिसके लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार की जमानती सुरक्षा (Collateral Security) नहीं ली जाएगी। ऋण प्राप्ति के लिए किसी तरह की इनकम क्राइटेरिया निर्धारित नहीं की गई है।

3 **ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद प्रारंभ करने का विकल्प तथा अध्ययन की अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर विद्यार्थी को ब्याज के दर में 1% की छूट भी दिए जाने का प्रावधान है।**

मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

1 राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना जिसमें राज्य के राजकीय/निजी /P.P.P मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखण्ड राज्य स्थित विद्यालय से **10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स हेतु ₹15,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी**

2 झारखण्ड राज्य के राजकीय / निजी /P.P.P मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.टेक/ बी.ई. कोर्स में **झारखण्ड राज्य के विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक/ बी.ई. कोर्स हेतु ₹30,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।**

3 **जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतो को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम ₹8 लाख तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा।**



उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 322044 (Higher Education, Technical Education and Skill Development Department) 23-24

www.epaper.azadsipahi.in

11 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 141

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

पीएम मोदी ने किया 1008 परिवारों का सपना साकार

ओबीसी के हक और अधिकार के लिए उलगुलान का एलान

कुर्बानी देकर भी लेकर रहेंगे हक-अधिकार: ब्रह्मदेव प्रसाद

■ मांगें पूरी नहीं हुई, तो सड़क पर लड़ाई

■ चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन का भी रास्ता अपनायेंगे

रांची(आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच ने हक और अधिकार के लिए उलगुलान का एलान कर दिया है। मौका था- रविवार को एकता अधिकार मंच के छोटानागपुर प्रमंडलीय महासम्मेलन का। इसमें आबादी के बराबर हिस्सेदारी की मांग उठी। देश की आबादी में 65 फीसदी हिस्सेदारी का जिक्र करते हुए 52 प्रतिशत आरक्षण देने सहित 11 सूत्री मांगों को रखा गया। मंच से साफ संदेश दिया गया कि जो भी पार्टी घोषणा पत्र में ओबीसी समाज की मांग को शामिल करेगा, उसी पार्टी को समर्थन दिया जायेगा। ओबीसी की जो बात करेगा, वही सत्ता पर राज करेगा। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की आवाज बुलंद की गयी। महासम्मेलन में शहर और गांव से काफी संख्या में ओबीसी समाज के महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए। इधर, ओबीसी परिवार में जन्मे भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव ने ओबीसी) एकता अधिकार मंच के समर्थन में अपनी गीतों की प्रस्तुति दी।

प्रमंडलीय महासम्मेलन में उमड़े जनसैलाव ने एक साथ हाथ उठा कर केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद का अभिवादन स्वीकार किया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि 11 सूत्री मांगें अब सरकार को मान लेनी चाहिए, ये मांगें हमारा अधिकार है। गरीबी हमारे समाज को बर्बाद कर रहा, हमारा ओबीसी समाज समृद्धि और संपूर्णता खो चुका है। बेरोजगारी चरम पर है, इसका कारण है जनसंख्या के आधार पर आरक्षण न मिलाना है। ओबीसी समाज सड़क पर लड़ाई शुरू करेगा। झारखंड के हर जिलों से अभी सिर्फ आवाज उठनी शुरू हुई है, कल को हम चक्का जाम और धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनायेंगे। पिछड़ा वर्ग ओबीसी परिवार को कई जगहों पर अत्याचार, जमीन लूट और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अब वे अकेले नहीं हैं। मंच उनके साथ खड़ा है। कोई भी परेशानी हो, हम उनके मदद के लिए तैयार हैं। ओबीसी समाज से आने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा की राजनिति में भी महिलाओं को बराबर का आधिकार देना राज्य और केंद्र सरकार सुनिश्चित करें। बेरोजगार शिक्षित युवकों को ऋण मुक्त प्रोत्साहन राशि मिले, ताकि उन्हें अपने व्यवसाय और शिक्षा में मदद मिले, बुजुर्ग अभिभावकों को पेंशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

ओबीसी की प्रमुख मांगें

- जाति आधारित जनगणना करा कर जनसंख्या के अनुपात में पिछड़ा वर्ग के पुरुष- महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित की जाये। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक रिपोर्ट जारी की जाये।
- जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो।
- नगर निकाय-पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार सीटो को राज्य सरकार आरक्षित करे।
- पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 10000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता की व्यवस्था की जाये और किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया जाये।
- पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सभी शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के साथ ही निःशुल्क शिक्षा और बुनियादी सुविधा की व्यवस्था कर उन्हें रहने के लिए छात्रावास की व्यवस्था की जाये।
- पिछड़ा वर्ग के व्यापारियों और बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने के लिए बिना ब्याज के 10 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाये।
- पिछड़ा वर्ग की लूटी गयी जमीन को उन्हें वापस कराया जाये और लूटी जा रही जमीन जायदाद पर रोक लगाते हुए जमीन संबंधित विवादों का निपटारा कर जमीन लुटेरों के खिलाफ सख्त कानून कार्रवाई करते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया जाये।
- पिछड़ा वर्ग के ऊपर हो रहे अन्याय, आपराधिक घटनाएं और हत्या से संबंधित मामले में उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का स्थापना की जाये। साथ ही व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान की जाये।
- पिछड़ा वर्ग आयोग को सशक्त और सक्रिय करते हुए पिछड़ा वर्ग वित्त निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवको-छात्रों को ब्याज मुक्त स्वरोजगार और शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध करायें।
- पिछड़ा वर्ग के व्यवसायियों द्वारा दिये गये कर (जीएसटी और इनकम टैक्स) के अपुपात में 50 वर्ष के ऊपर सभी को पेंशन की व्यवस्था की जाये।

समाज के लोगों ने निभायी भागीदारी

अजय वर्मा ने मंच संचालन किया। महासम्मेलन में राज्य के अन्य वरिष्ठ सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी, जिसमें वासवी जी, राजेश कुमार, शकुंतला जयसवाल, श्रवण कुमार, दीपा रानी कुंज, विनोद कुमार, राज नारायण पटेल, अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी, वरुण बिहारी, सर्वेश पटेल, आरके मंडल, अख्तर अंसारी, अभिलाष साहू, रवींद्र ठाकुर, वीरेंद्र साहू, बबलू टाइगर, कमलेश आर्य, कृपाल साहू, रीना देवी, राकेश चौधरी और राकेश गुप्ता ने मंच साझा किया।

सदस्यता के लिए मो. नंबर जारी किया

संबोधन के वक्त केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने मिस कॉल सदस्यता को लेकर 80 47358317 जारी किया। इस पर मिस कॉल देते ही आपकी सदस्यता दर्ज हो जायेगी।

संविधान प्रदत अधिकार हर हाल में चाहिए

ओबीसी समाज पिछड़ा वर्ग अपना अधिकार पाने के लिए संवैधानिक तरीके से आंदोलन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। संविधान में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप पिछड़ा वर्ग को आरक्षण चाहिए। पिछड़ा वर्ग भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गांव की अर्थव्यवस्था को चलाने में भी उसका अहम रोल है। अब ओबीसी समाज एकजुटता के साथ आगे बढ़ेगा और अपना अधिकार लेकर रहेगा।

65 प्रतिशत आबादी है, 52 फीसदी आरक्षण चाहिए

ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि कुर्बानी देकर भी हर हाल में अपना अधिकार लेकर रहेंगे। अब ओबीसी समाज जग गया है। दबेंगे नहीं, हक और अधिकार के लिए लड़ेंगे। झारखंड में ओबीसी की आबादी 65 प्रतिशत है, हर हाल में 52 फीसदी आरक्षण चाहिए। हर नौकरी में 100 में 52 लोग ओबीसी के होने चाहिए। बिहार की तर्ज पर झारखंड में जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए। हालांकि इसकी घोषणा सरकार के स्तर से की गयी है, लेकिन इस पर जल्द पहल हो। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा पैसे के अभाव में दम तोड़ रही है। एजुकेशन लोन काफी महंगा है। इस लिए सरकार को चाहिए कि एजुकेशन लोन देने के बदले लौटाने पर कोई अतिरिक्त इंटरेस्ट नहीं लगे। छात्रहित में सरकार को यह कदम उठाना चाहिए।

www.epaper.azadsipahi.in

11 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 141

न्यूज रील्स

गिरिडीह में जैन समाज के आश्रम से अष्टधातु की सात मूर्तियां चोरी

गिरिडीह। जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में दिगंबर जैन 20 पंथी कोठी के समीप स्थित श्री कृष्णा बाई उदासीन आश्रम में पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर के गेट का ताला तोड़कर शनिवार रात चोरों ने अष्टधातु एवं पीतल की बनी 12 मूर्तियों सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब आश्रम की कुसुम दीदी मंदिर पूजा करने पहुंचीं, तो गेट का ताला टूटा देख समाज के अन्य लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही जैन समाज के लोग मंदिर पहुंचे और निमियाघाट पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना पाते ही निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह सदल-बल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद जैन समाज और स्थानीय

मुख्यमंत्री के हाथों जामताड़ा और गिरिडीह को मिली 980.15 करोड़ की सौगात

हम घोषणाएं नहीं कर रहे, योजनाओं को जमीन पर उतार रहे: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही टीम

- जामताड़ा के वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर 263.87 करोड़ के पुल का शिलान्यास
- गिरिडीह के पीरटांड़ में 639.20 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास
- आज कोई भी ऐसा परिवार नहीं है , जहां हमारी सरकार की योजनाएं नहीं पहुंची हों

जामताड़ा/पीरटांड़। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को जामताड़ा और गिरिडीह जिलों को 980.15 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जामताड़ा-निरसा पथ पर वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल और गिरिडीह के पीरटांड़ में 639.20 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपये की लागत से कई विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें 263.87 करोड़ रुपये की बरबेंदिया पुल परियोजना और 26 करोड़ रुपये की 12 अन्य योजनाओं का लोकार्पण और नींव रखी गयी। वहीं 69631 लाभुकों के बीच 52.80 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ। दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही है, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतार भी रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई ऐसा परिवार नहीं है, जिस तक राज्य सरकार की योजनाएं नहीं पहुंची हों।

हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार घोषणाओं में विश्वास नहीं करती है। हम जो कहते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं। आज सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को इसका लाभ मिल रहा है।

पीरटांड़ क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा : बाद में मकर संक्रांति मेला मैदान, मधुबन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यहां के कृषक परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में किसान साल भर में तीन फसल की उपज कर सकें, यह हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह झारखंड आंदोलन की धरती रही है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने इसी धरती से झारखंड आंदोलन को धार देने का काम किया था।

ये रहे उपस्थित: जामताड़ा के कार्यक्रम में मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल और अन्य मौजूद थे। पीरटांड़ के कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा विधायक सुदिव्य कुमार, इरफान अंसारी, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार और उपायुक्त और अन्य मौजूद थे।

विकास का गलियारा बना रहे

जामताड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में सड़कों तथा पुल-पुलिया का जाल बिछाया जा रहा है, क्योंकि इसी के जरिये विकास का नया गलियारा बनता है। उन्होंने कहा कि बरबेंदिया पुल उन लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बराकर नदी में नाव दुर्घटना होने से जल समाधि ले ली थी। उन्होंने कहा कि बरबेंदिया पुल के निर्माण से जामताड़ा समेत पूरे संताल का धनबाद से रोड कनेक्टिविटी मजबूत होगा।

झारखंड कभी गरीब नहीं रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कभी गरीब नहीं रहा, लेकिन यहां के लोग गरीबी में रहने को मजबूर रहे। अलग राज्य बनने के 19 वर्षों तक झारखंड के उत्थान पर किसी भी सरकार का ध्यान नहीं रहा। सिर्फ यहां के खनिज संसाधनों का दोहन होता रहा। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के दुख-दर्द को किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। 2019 में हेमंत जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तो उन्होंने यहां के आदिवासियों-मूलवासियों, दलितों, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, गरीबों, जरूरतमंदों और किसानों-मजदूरों की समस्याओं को समझा और उसी के अनुरूप योजनाएं बना कर उन्हें सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

पीएम मोदी ने साकार किया 1008 परिवारों का पक्के घर का सपना

- रांची लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया वर्चुअल उद्घाटन
- सांकेतिक तौर पर 10 लोगों को दी गयी फ्लैट की चाबी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची के 1008 परिवारों के पक्के घर के सपने को रविवार को सच कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रांची के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया और समारोह में सांकेतिक रूप से 10 लोगों को फ्लैट की चाबी दी गयी। यह प्रोजेक्ट राजधानी के धुर्वा इलाके में मौसीबाड़ी मैदान पंचमुखी मंदिर के पास अवस्थित है। ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत 3डी वॉल्युमेट्रिक प्रीकास्ट विधि से 5.15 एकड़ में सात इमारतें बनायी गयी हैं। इसके तहत 131 करोड़ की लागत से 18 महीनों में 1008 फ्लैट बनाये गये। हरेक फ्लैट 315 वर्ग फीट में बना है और एक बेडरूम का है।

मौके पर रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह फ्लैट महज प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री का विजन है कि आज उन्हें भी घर मिला, जो कभी उम्मीद भी नहीं रखते होंगे। प्रधानमंत्री गांव-गरीब और किसान सभी के लिए सोचते हैं। महिलाओं के आरक्षण प्रधानमंत्री ने ही दिया। संजय सेठ ने कहा कि मोदी जो कहते हैं, वही करते भी हैं। यही उनकी गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी फिर से 2024 में आ रहे हैं। दुनिया के संपन्न देश भी मान चुके हैं कि मोदी फिर से आ रहे हैं। रांची शहर की व्यवस्था को लेकर कहा कि बड़गाई में प्लांट बन कर तैयार है। यहां सीवरेज का पानी ट्रीटमेंट किया जायेगा।

ये रहे उपस्थित : कार्यक्रम के दौरान रांची सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगर प्रशासक अमित कुमार समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

10 लाभुकों को दी गयी सांकेतिक चाबी

उद्घाटन के दौरान 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से फ्लैट की चाबी दी गयी। लाभुकों में शोभा देवी, केशरी देवी, संजय कुमार कर्ण, मनोज कुमार वर्मा, राकेश कुमार दास, पूनम देवी, इंदू देवी, मुन्नी देवी, सविता कुमारी और अजय कुमार ठाकुर के नाम शामिल हैं। लाभुकों ने घर मिलने की खुशी जतायी और पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि अभी तक सभी किराये के मकान में रहते थे, लेकिन अब उनका खुद का मकान होगा।





हमसे सस्ता हमसे अच्छा कहीं नहीं

1. अनगड़ा ब्लॉक – 1.8 KM
2. RTC Public School – 1.8 KM
3. Usha Martin University – 1.2 KM
4. कुलप्रमाश मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज – 600 Meter
5. थाना – अनगड़ा (CRPF कैम्प) – 1.8 KM
6. हुन्डरू फॉल – 20 KM
7. सालीनी हॉस्पिटल – 2 KM
8. जल संसाधन (Drinking Water Department)
9. पद्मावती ITI – 1.5 KM
10. सप्ताहीक बाजार, अनगड़ा चौक (2दिन)– 2 KM
11. सरकारी स्वास्थ कैन्द्र – 2 KM
12. कस्तुरबा गांधी बालिका विधालय – 2.5 KM
13. Ring Road – 6 KM
14. खादी ग्राम उद्योग – 1 KM
15. गेतल सुद डेम – 10 KM
16. जोन्हा – 19 KM
17. सिकदरी – 18 KM
18. गोला – 30 KM

MAYUR VIHAR
A PROJECT OF MAA KALI CONSTRUCTION
(Proprietor) Mr. Niraj Kumar
Contact us :- 7992464862 / 9798914734

एक बार सेवा का मौका अवश्य दें !

सर्राफा

सोना (बिक्री)	61,900 रु./10 ग्राम
चांदी	77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

धनबाद-चतरा में भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा में देरी के मायने

■ चल रहा है टिकट के दावेदारों के साथ स्थानीय सियासी माहौल का आकलन

■ झारखंड की इन दोनों सीटों पर बेहतर विकल्प की तलाश कर रही है भगवा पार्टी

■ जाति या उम्र नहीं है बाधा, केवल जीत की संभावना है टिकट मिलने का आधार

लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जिन तीन सीटों के लिए अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं, उनमें धनबाद और चतरा की सीटें भाजपा कोटे की हैं, जबकि गिरिडीह की सीट भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के खाते में है। धनबाद और चतरा सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं किये जाने के कारण तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और कई मायने निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि बढ़ती उम्र के कारण धनबाद के सांसद पीएन सिंह को और कामकाज की रिपोर्ट के आधार पर चतरा सांसद सुनील सिंह को बदलने का फैसला किया जा चुका है। एक चर्चा यह भी है कि भाजपा ने जातीय संतुलन को साधने की वजह से एक ही जाति के दो प्रत्याशियों को टिकट नहीं देने का मन बनाया है। इसलिए दोनों का टिकट रोका गया है। लेकिन हकीकत इससे एकदम अलग है। इस बार भाजपा के प्रत्याशियों की सूची के गहन विश्लेषण से एक बात साफ हो गयी है कि पार्टी के टिकट का आधार केवल जीत की संभावना को ही बनाया गया है। जाति या उम्र जैसी कोई बाधा नहीं है। इसलिए कहा जा सकता है कि भाजपा धनबाद और चतरा में टिकट के दावेदारों की जीत की संभावनाओं के साथ स्थानीय सियासी माहौल का भी आकलन कर रही है, ताकि बेहतर विकल्प को मौका दिया जा सके। क्या है धनबाद और चतरा सीट का राजनीतिक माहौल और भाजपा के अंदर क्या चल रहा है मंथन, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन धनबाद, चतरा और गिरिडीह सीट पर अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गयी है। भाजपा द्वारा इन तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं किये जाने के पीछे तरह-तरह की बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि गिरिडीह सीट भाजपा अपनी सहयोगी आजसू को दे चुकी है, जबकि धनबाद के वर्तमान सांसद पीएन सिंह की उम्र के कारण वहां उम्मीदवार बदला जा रहा है। चतरा के वर्तमान सांसद सुनील सिंह का टिकट इसलिए रोका गया है, क्योंकि एक तो उनके कामकाज की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है और दूसरा कि इस बार चतरा में 'बाहरी सांसद' का मुद्दा बहुत जोर पकड़ चुका है। एक दलील यह भी दी जा रही है कि भाजपा दो सीटों पर एक ही जाति का उम्मीदवार देने से बचना चाहती है। लेकिन भाजपा के प्रत्याशियों की सूची के गहन विश्लेषण और पार्टी के भीतर चल रहे मंथन के बाद जो बात उभर कर सामने आ रही है, वह यह है कि पार्टी दोनों सीटों के तमाम दावेदारों का आकलन कर रही है और यदि कोई बेहतर विकल्प मिला, तो उसे टिकट दे सकती है।

क्या है पीएन सिंह और सुनील सिंह की स्थिति

धनबाद से पीएन सिंह लगातार तीन बार से सांसद रहे हैं। वह 75 साल के हो गये हैं। पार्टी उन पर चौथी बार विश्वास जतायेगी या नहीं, इससे बिना प्रभावित हुए वह क्षेत्र में पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने पिछले 15 साल में धनबाद के लिए बहुत काम किया है। उनके पक्ष में जो सबसे बड़ी बात है, वह यह कि उनकी छवि बेदाग रही है। वह कभी किसी विवाद में नहीं रहे। उधर चतरा के वर्तमान सांसद सुनील सिंह के कामकाज की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं बतायी जा रही है। वह लगातार दो बार से चतरा से सांसद हैं। मूल रूप से बक्सर (बिहार) के रहनेवाले सुनील सिंह पर 'बाहरी' का ठप्पा लगा हुआ है और चतरा में इस बार 'स्थानीय सांसद' का मुद्दा लगातार जोर पकड़ रहा है।

कौन हैं इन दोनों सीटों के दावेदार

अब नजर डालते हैं धनबाद और चतरा सीट के दावेदारों पर। धनबाद सीट के बारे में कहा जाता है कि धनबाद में नेता नहीं, भाजपा जीतती है। धनबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र में नेता का व्यक्तिगत प्रभाव, सामाजिक समीकरण और जातीय समीकरण बहुत मायने नहीं रखता। इसलिए इस सीट को लेकर भाजपा में दावेदारों की सूची लंबी है। हर जाति के दावेदार दावा ठोंक रहे हैं। पीएन सिंह लागातार तीन बार यहां से भाजपा के टिकट पर सांसद बन चुके हैं। धनबाद में भाजपा के टिकट के कई दावेदार हैं। इनमें पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा और बोकारो विधायक बिरंची नारायण के अलावा बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो रेस में हैं। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के नाम की चर्चा भी जोर-शोर से चल रही है। भाजपा सरयू राय पर इसलिए भी दांव लगा सकती है, क्योंकि सरयू भले ही धनबाद जिले के नहीं हैं, लेकिन कोयलांचल में उनकी अच्छी पकड़ है। दामोदर बचाओ आंदोलन को लेकर उन्होंने इस क्षेत्र में काफी काम किया है। भाजपा के कार्यकर्ताओं से भी उनका संपर्क अच्छा है। दूसरा फैक्टर यह भी है कि धनबाद में राजपूत वोटरों का भाजपा को समर्थन मिलता रहा है। इसलिए भाजपा यहां से पीएन सिंह के बाद राजपूत प्रत्याशी ही खड़ा करना चाहेगी।

उधर चतरा के वर्तमान सांसद सुनील सिंह भाजपा के बड़े नेता हैं। वह लगातार दो बार, यानी 2014 और 2019 में यहां से चुने जा चुके हैं। सुनील सिंह पिछला चुनाव साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट से जीते थे। पिछले चुनाव में भी कई हिचकोले खाने के बाद वह टिकट हासिल कर पाये थे। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ता और नेता इनके खिलाफ मुखर हैं। भाजपा नेताओं का एक खेमा भी इनका खेल बिगाड़ने में लगा है। चर्चा है कि वर्तमान सांसद सुनील सिंह क्षेत्र में समय नहीं दे रहे हैं। इस बदली हुई परिस्थिति में चतरा से भाजपा के कई दावेदार हैं। इस सीट पर भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही और पांकी विधायक शशिभूषण मेहता की नजर है। झारखंड की राजनीति में लंबे समय से स्थापित नेता गिरिनाथ सिंह के नाम की भी चर्चा हो रही है। वहीं, प्रवीण सिंह इन दिनों चतरा का दौरा कर एक नया समीकरण बनाने की कोशिश में हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी इलाके में सक्रिय हैं और टिकट के लिए कोशिश कर रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से उम्मीदवार रहे मनोज यादव दूसरे स्थान पर थे। श्री यादव फिलहाल भाजपा के साथ हैं। भाजपा में टिकट के दावेदार श्री यादव को भी गंभीरता से लेते हैं। भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह भी टिकट के लिए दौड़ भाग कर रहे हैं। हाल के दिनों में नेत्र रोग विशेषज्ञ और इलाके में प्रमुख समाजसेवी के रूप में चर्चित डॉ अभिषेक रामदीन भी भाजपा के संभावित चेहरे हैं। वहीं योगेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी तेजी से उभर रहा है।

केवल जीत की संभावना ही टिकट का आधार

भाजपा में इस बार उम्र, जाति या कामकाज के आधार पर टिकट नहीं दिया जा रहा है। पार्टी इस बार हर हाल में 'चार सौ पार' का लक्ष्य हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह दावेदारों की केवल एक बात पर गौर कर रही है और वह है जीत की संभावना। यदि किसी दावेदार की जीत की संभावना में जरा सा भी संदेह है, तो उसका टिकट काटने में पार्टी जरा भी देरी नहीं कर रही है। झारखंड में ही सुदर्शन भगत और जयंत सिन्हा का टिकट काटने के पीछे यही कारण हैं। उधर पलामू से वीडी राम को बढ़ती उम्र के बावजूद टिकट दिया जाना यही साबित करता है। प्रत्याशियों की जाति भी टिकट का आधार नहीं बनी है, क्योंकि पार्टी ने कायस्थ (जयंत सिन्हा) का टिकट काट कर एक वैश्य (मनीष जायसवाल) को दिया है। इसलिए यह कहा जाना गलत है कि पीएन सिंह और सुनील सिंह के एक ही जाति होने के कारण भाजपा पसोपेश में है।

बेहतर विकल्प तलाश रही है भाजपा

भाजपा के अंदर इन दोनों सीटों को लेकर केवल यही बात हो रही है कि यदि यहां के वर्तमान सांसदों को बदला जायेगा, तो उनका बेहतर विकल्प कौन हो सकता है। चूंकि इन दोनों सीटों पर दावेदारों की सूची लंबी है, इसलिए इन पर मंथन लगातार जारी है। यह बात पक्की है कि यदि कोई बेहतर विकल्प नहीं मिला, तो पार्टी इन दोनों को फिर से मैदान में उतार सकती है।

अर्जुन मुंडा ने सिमडेगा में किया पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन

12 मार्च तक चलेगा मेला, विभिन्न अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप, एफपीओ और कृषि उद्यमियों के स्टॉल लगे

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सिमडेगा जिले में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित इस किसान मेला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए पूसा संस्थान के द्वारा लगातार बेहतर प्रयास किया रहा है। उन्होंने किसानों से नयी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके वैज्ञानिक नवाचारों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

श्री मुंडा ने कहा कि बीज में रोग ना लगे, इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। धान की फसल में पानी की कम खपत हो इसके लिए कैसे बीज तैयार किये जायें, इसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के विभिन्न संस्थानों के माध्यम से रिसर्च किये जा रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को फसलों में रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज किसान कल्याण मंत्रालय का बजट 1.25 लाख करोड़ किया गया है, जो कि पिछली सरकारों के मुकाबले काफी ज्यादा है। देश भर के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 6000 रुपये, नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी पहल, विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला को आदर्श जिला बनाना है। किसानों का डेटाबेस बनाया जा रहा है जिससे वह सीधे कृषि मंत्रालय से जुड़ कर नयी तकनीकों का लाभ ले सकें।

इस मौके पर विमला प्रधान, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार, निर्मल कुमार बेसरा पूर्व विधायक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ रवींद्र पडारिया, संयुक्त निदेशक, डॉ एससी दुबे कुलपति बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, डॉ सुजय रक्षित, निदेशक, भारतीय कृषि जैव प्रोद्यौगिकी अनुसंधान संस्थान, रांची, डॉ विशाल नाथ समेत विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कृषि उद्यमिता-समृद्ध किसान

हरित क्रांति की जन्मस्थली और देश की अग्रणी कृषि अनुसंधान शिक्षा और प्रसार का संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नयी दिल्ली द्वारा सिमडेगा में आयोजित मेले के दौरान देश भर से विभिन्न कृषि संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मेले की मुख्य विषय कृषि उद्यमिता-समृद्ध किसान है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मूल्य संवर्धन और फसल विविधता पर चर्चा की जायेगी। मेले में कृषक संगठन, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल भी लगाया गया है। पूसा संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संगोष्ठी होगी, जिससे किसानों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

आदिवासियों का आरक्षण छीनना चाहती है भाजपा : कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डमरू हाट के फुटबॉल मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार (10 मार्च) को लोगों को संबोधित किया। डमरूहाट में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री हफीजुल हसन के साथ हेलीकॉप्टर से पहुंचीं कल्पना सोरेन ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुंदरपहाड़ी हेमंत सोरेन का विधानसभा क्षेत्र है।

हेमंत सोरेन ने राज्य के लोगों के लिए बनायीं कल्याणकारी योजनाएं : अपने पति हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के अंतर्गत आने वाले सुंदरपहाड़ी

प्रखंड में उन्होंने कहा कि यहां 10 साल से विधायक रहे हेमंत सोरेन ने जो विकास किया है, इसके पहले किसी जनप्रतिनिधि ने इतना विकास नहीं किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं तैयार कीं और उसका लाभ भी उन्हें दिलवाया।

हमंत सोरेन ने गांव और गरीबों का विकास किया : उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने गांव व गरीबों का विकास किया है। इससे भाजपा घबरा गयी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसाकर जेल भेज दिया गया। जनता को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बात से रुकना व थमना नहीं है। केंद्र व भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जबाब देना है।

हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करें : कल्पना

कल्पना सोरेन ने जनता का आह्वान किया कि इस बार वो फिर से तीर-धनुष व हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करें। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार यहां के आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही है। उसके आरक्षण को खत्म करना चाह रही है। इसका हम सभी जमकर विरोध करेंगे। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में झामुमो को जीत दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए ही बनी है। मंत्री हफीजुल हसन ने भी सभा को संबोधित किया।

आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाकपा

इंडी गठबंधन से पार्टी अलग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। यह घोषणा रविवार को की गयी। पार्टी की ओर से 16 मार्च को उम्मीदवारों की घोषणा की जायेगी। इसके साथ ही जानकारी

दी गयी है कि पार्टी आठ सीटों पर अपने उम्मीदवाार की घोषणा करेगा। जिसमें हजारीबाग, जमशेदपुर, चतरा, कोडरमा, पलामू, रांची, दुमका और गिरीडीह से उम्मीदवार उतारा जायेगा। इसके साथ ही पार्टी ने जानकारी दी है कि इंडिया गठबंधन के लेटलतीफी के कारण पार्टी ने यह निर्णय लिया है। इसकी जानकारी पूर्व सासंद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने की। इसकी जानकारी देते हुए भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन से मांग करती है कि अभी भी समय है गठबंधन सीटों पर निर्णय लें। हजारीबाग सीट सीपीआइ के खाते में डाले। नहीं तो पार्टी अलग चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है।

www.epaper.azadsipahi.in

11 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 141

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

आइपीएम के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे रॉबिन मिंज

न्यूज रील्स

राज्यसभा चुनाव

सरफराज अहमद होंगे महागठबंधन के उम्मीदवार

रांची। झामुमो के वरिष्ठ नेता और गांडेय से पूर्व विधायक डॉ. सरफराज अहमद इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी होंगे। इस पर मुहर रविवार को देर शाम मुख्यमंत्री आवास पर हुई गठबंधन दलों की बैठक में लगी। बैठक की अध्यक्षता गठबंधन दल के नेता एवं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बैठक में सरफराज अहमद के नाम पर मुहर लगायी गयी। वे गठबंधन के साझा प्रत्याशी होंगे और 11 मार्च को सुबह 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, जिसमें गठबंधन दल के विधायक शामिल होंगे। बैठक में मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर आलम, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह समेत कई विधायक एवं नेता मौजूद थे।

प्रमोद कृष्णम् बोले- राहुल गांधी दिमागी संतुलन खो चुके

मुरादाबाद। कांग्रेस से निकाले जा चुके आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने रविवार को संभल में कहा- राहुल गांधी दिमागी संतुलन खो चुके हैं। कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। जिस जहाज का कैप्टन राहुल गांधी जैसा होगा, उससे सब छलांग लगायेंगे ही। इसीलिए सीनियर नेता एक-एक करके छलांग लगा रहे हैं। जितने भी बड़े नेता हैं उनका कांग्रेस में अपमान हो रहा है। कहा- कांग्रेस की बबार्दी के लिए सिर्फ एक व्यक्ति जिम्मेदार है, उसका नाम है राहुल गांधी। करुणाकरन की बेटी, अशोक चौहान, सुरेश पचौरी और गुलाम नबी आजाद जैसे बड़े नेता यूं ही छोड़कर नहीं चले गये। सच तो ये है कि सीनियर नेताओं का कांग्रेस में दम घुट रहा है। राहुल गांधी के नौकर सीनियर नेताओं का अपमान करते हैं। कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद प्रमोद कृष्णम् ने संभल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद प्रमोद कृष्णम् ने संभल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। प्रमोद कृष्णम् ने कहा- हार का डर राहुल गांधी को अमेठी से वायनाड ले गया। वो जानते थे कि अमेठी से लड़े तो हार जायेंगे, इसीलिए वायनाड चले गये।

पश्चिम बंगाल में बिखर गया इंडी गठबंधन तृणमूल ने सभी 42 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

- नुसरत जहां और मिमी चक्रवर्ती और अर्जुन सिंह का कटा टिकट
- 12 महिलाओं समेत 16 मौजूदा सांसदों को दोबारा दिया गया मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। इंडी गठबंधन को रविवार को उस समय जोरदार झटका लगा, जब पश्चिम बंगाल में उसकी सहयोगी टीएमसी ने राज्य की सभी 42 संसदीय सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। कोलकाता में आयोजित रैली में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने की। सूची के अनुसार 16 मौजूदा सांसदों को

टिकट दिया गया है। इनमें 12 महिलाएं भी शामिल हैं। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की मंजूरी से जारी इस सूची में बहरामपुर सीट से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ क्रिकेटर यूसुफ पठान को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आसनसोल से अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और दुर्गापुर से पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को मैदान में उतारा गया है। वहीं, बशीरहाट लोकसभा सीट से अभिनेत्री नुसरत जहां और जादवपुर सीट से अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का टिकट काट दिया गया है। भाजपा से तृणमूल में शामिल हुए सांसद अर्जुन सिंह को भी इस बार टिकट नहीं दिया गया है। इसके अलावा बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े चेहरे रचना बनर्जी को हुगली और दीपक अधिकारी देव को घाटाल से टिकट दिया गया है।

कोलकाता में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में टीएमसी की 'ब्रिगेड जनसभा' का आयोजन किया गया था। पार्टी ने यहीं से 2024 के चुनाव अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने 'जन गर्जन सभा' नामक इस रैली में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा सरकरा पर हमला बोलते हुए कहा कि हम एनआरसी लागू होने नहीं देंगे। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मैं इस ब्रिगेड रैली से भाजपा को कहना चाहता हूं, 'जन-गण का गर्जन, बंगाल से विरोधी का विसर्जन' है।

टिकट कटा तो मंच छोड़कर चले गये अर्जुन सिंह

बैरकपुर से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर नाराज तृणमूल नेता अर्जुन सिंह बीच में ही ममता का मंच छोड़ कर चले गये। 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद अर्जुन सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया था। तब उन्होंने तृणमूल के दिग्गज नेता दिनेश त्रिवेदी को हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले त्रिवेदी भी भाजपा में शामिल हो गये थे। इसके बाद यहां तृणमूल के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं बचा था। इसके बाद अर्जुन सिंह 22 मई को भाजपा छोड़कर वापस तृणमूल में आ गये।

आजमगढ़ में पीएम ने कहा मोदी दूसरी मिट्टी का बना

- चुनाव में नेता पत्थर लगाकर गायब हो जाते थे
- मैं तेज दौड़ रहा, देश को दौड़ा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

वाराणसी/ आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को यूपी में दूसरा दिन है। रविवार को आजमगढ़ से पीएम मोदी ने देशभर के 15 एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा- मैं दूसरी मिट्टी का बना हूं, क्योंकि पहले चुनाव के मौसम में नेता पत्थर लगा देते थे। फिर पत्थर भी गायब और नेता भी गायब हो जाते थे।

उन्होंने कहा कि मैं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। 2024 में किए जा रहे शिलान्यासों को कोई चुनावी चश्मे से न देखे। क्योंकि 2019 में हमने जो शिलान्यास किए थे, उनके उद्घाटन हो चुके हैं। आजमगढ़ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न दिया। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ पहले अपराध और माफियाओं का गढ़ था। मगर 10 साल में आजमगढ़ की पहचान बदल गई। इससे पहले सुबह वाराणसी में पीएम ने इछह गेस्ट हाउस में 100 से ज्यादा भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक की थी। शनिवार देर शाम पीएम काशी पहुंचे थे। यहां उन्होंने बाबतपुर एयरपोर्ट से करीब 30 किमी का रोड शो किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा का 30 मिनट तक पूजन किया।

भाजपा विधायकों ने डॉ प्रदीप वर्मा का अभिनंदन किया

राज्यसभा चुनाव में राज्य के प्रत्याशियों का निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए राज्य का सत्ताधारी गठबंधनः अमर कुमार बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल, विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, अनंत ओझा, राज सिन्हा, नीरा यादव, केदार हाजरा, कोचे मुंडा, नारायण दास, अमित मंडल, समरी लाल सहित राज्यसभा के घोषित प्रत्याशी एवं प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा ने एक समर्पित डॉ कार्यकर्ता डॉ प्रदीप वर्मा जो वर्षों से लगातार पार्टी कार्य विभिन्न

दायित्वों के माध्यम से कर रहे हैं, उन्हें आगामी राज्यसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खाली हुए दो राज्यसभा सीटों में एक भाजपा के खाते में है तथा दूसरा राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के खाते में। संख्या बल के आधार पर दोनों पक्षों के पास एक एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने का संख्या बल है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। सोमवार को 11.30 बजे पूर्वाह्न नामांकन भी दाखिल करेंगे। ऐसे में आदर्श स्थिति होगी कि सत्ता पक्ष भी अपना एक उम्मीदवार घोषित कर दोनों सीटों पर निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराये। उन्होंने कहा कि झारखंड धनपशुओं के कारण राज्यसभा चुनाव में बदनाम होता रहा है। ऐसे में सत्ताधारी गठबंधन को झारखंड को कलंकित होने से बचाना चाहिए। इसके पूर्व विधायक दल की बैठक में पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा का अभिनंदन किया गया। डॉ वर्मा ने मौके पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित सभी का आभार प्रकट किया।

चतरा से राजद प्रत्याशी रहे सुभाष यादव गिरफ्तार

- लालू के करीबी को इडी ने छापामारी के बाद हिरासत में लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। चतरा लोकसभा सीट से राजद के प्रत्याशी रह चुके राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी सुभाष यादव को इडी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह से लेकर रात तक उनके आठ ठिकानों पर छापेमारी चली थी। इसके बाद करीब दो करोड़ कैश और जमीन से जुड़े कई कागजात बरामद हुए थे।

जांच के बाद इडी की टीम ने सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इडी की टीम की ओर से अब तक बयान जारी नहीं किया गया है। सुभाष यादव ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। उन पर बालू के अवैध कारोबार करने का आरोप है। वहीं इस गिरफ्तारी के बाद राजद खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। इससे पहले राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकाने पर आयकर की टीम ने छापेमारी की थी। टीम ने पटना स्थित उनके आवास पर छापा मारा था।

बालू के अवैध कारोबार और मनी लांड्रिंग का आरोप : इडी की टीम को सुभाष यादव के खिलाफ बालू का अवैध कारोबार और मनी लांड्रिंग की शिकायत मिली थी। जांच के बाद टीम ने पटना के दानापुर, तकिया इलाके समेत सुभाष यादव के आठ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इतनी भारी मात्रा में कैश देख इडी की टीम दंग रह गयी थी। टीम को कैश गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ी थी। इसके बाद मध्य रात्रि को सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

राजद ने लोकसभा चुनाव का दिया था टिकट

सुभाष यादव को राजद ने 2019 में झारखंड के चतरा लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया था। उस चुनाव में उन्हें हार का सामाना करना पड़ा था। चुनाव से एक साल पहले यानी 2018 में इनकम टैक्स ने दिल्ली, धनबाद और पटना समेत सुभाष यादव के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

जेएसएससी पेपर लीक मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पलामू से कोचिंग संचालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के प्रश्न पत्र के लीक के मामले में पलामू से एसआइटी ने एक कोचिंग संचालक को गिरफ्तार किया है। एसआइटी से जुड़े सब इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार पवन पलामू के मेदिनीनगर के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है। पवन का भाई रवि किशोर प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी में से एक है। रवि किशोर फरार है जिसकी तलाश एसआइटी की टीम कर रही है। दरअसल कुछ दिनों पहले झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था और इसके पेपर सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। पूरे मामले में रांची पुलिस ने एसआइटी का गठन किया है। एसआइटी की टीम ने पलामू में शनिवार को छापेमारी की और पंकज को गिरफ्तार किया है। पंकज पर प्रश्न पत्र लीक में शामिल रहने का आरोप है। मुख्य आरोपी में से एक रवि किशोर को वित्तीय सहायता करने का भी पवन पर आरोप है। पवन को एसआइटी की टीम रांची ले गयी है जहां पुलिस के टॉप अधिकारी उससे पूछताछ करेंगे। कुछ दिनों पहले स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पलामू में छापेमारी की थी और दो युवकों को हिरासत में लिया था। दोनों युवकों के मोबाइल से प्रश्न पत्र के सैंपल मिले थे। दोनों को मुख्य आरोपी में से एक रवि किशन ने प्रश्न पत्र का सैंपल दिया था।

राज्य के नवनिर्माण के लिए नवीन सोच की आवश्यकता: सुदेश महतो

- कृषि विकास को सरकार ने प्राथमिकता नहीं दी
- चान्हो और मंडर के जिला परिषद सदस्य ने थामा आजसू का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

चान्हो। राज्य के नवनिर्माण के लिए नवीन सोच की आवश्यकता है। कृषि पर राज्य की बड़ी आबादी निर्भर करती है, लेकिन मौजूदा सरकार ने कृषि विकास की अनदेखी की है। किसानों की समस्याओं से सरकार और सिस्टम का कोई लेना- देना नहीं है।

उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बिजुपाड़ा में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान चान्हो के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी और मंडर के जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य जिस अराजकता के माहौल से गुजर रहा है, उसमें लोगों की चेतना को जगाना और हक अधिकार के लिए मुखर बनाने की जरूरत है। आजसू पार्टी इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव में लूट और झूठ का पर्दाफाश होगा। बेरोजगारी के दलदल में फंसे युवाओं में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर गुस्सा है। उन्होंने कहा कि मांडर, चान्हो, इटकी को कृषि के क्षेत्र में बहुत आगे ले जाया जा सकता है, लेकिन राज्य सरकार ने किसी असरदार योजना पर काम नहीं किया।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आजसू समाज के हर वर्ग की पार्टी है। झारखंड के बारे में चिंतन-मंथन करने वाले लोग लगातार हमारे साथ जुड़ रहे हैं। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखंड में विकास की असीमित संभावनाएं हैं फिर भी हमारा राज्य आज गरीब व पिछडों राज्यों की गिनती में आता है।

मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, निर्मला भगत, एस अली, आदिल अजीम, भरत कांशी, संजय रंजन, सतेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इन्होंने ली सदस्यता : मिलन समारोह में लतीफ अंसारी, अशेखर साही, राजू उरांव, करमु महतो, चंदन कुमार दुबे, संजू उरांव, समशेर खान, इमरोज खान, उषा देवी, मोहन राम, रोमा, उरांव, माजिद अंसारी, जयपाल मुंडा, संध्या उरांव, लखी राम लोहरा, सौमब अंसारी, पंच्मानी उरांव, विजय प्रजापति, सुभद्रा उरांव, मोजिम खान, माजिद अंसारी, भरत मुंडा, नादिम अंसारी, लाजुद्दीन अंसारी, विकास ठाकुर, हस्बुल अंसारी, मिथलेश सोनी, आलम खान, खालिद आलम, शंवाज अंसारी, नेजुद्दीन अंसारी, सबीर अंसारी, माजिद अंसारी, एउल अंसारी, शमशाद अंसारी, इब्राहीम अंसारी, तजमुल अंसारी, खालिद अंसारी, ज्ञान खान, हाजी, सदाम अंसारी, सलमान अंसारी, सौदागर अंसारी समेत सैकड़ों लोग आजसू पार्टी में हुए शामिल।

कूनो से फिर आयी खुशखबरी, मादा चीता गामिनी ने पांच शावकों को दिया जन्म

आजाद सिपाही संवाददाता

भोपाल। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी सामने आयी है। दक्षिण अफ्रीका से लायी गयी मादा चीता गामिनी ने पांच शावकों को जन्म दिया है। भारत में जन्मे चीतों की संख्या 13 हो गयी है। बता दें कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने 'एक्स' हैंडल पर वीडियो शेयर किया है। बताया गया कि भारत में दूसरे लॉट में लाये गये चीतों में शामिल पांच वर्षीय गामिनी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण

अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। गामिनी को दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाया गया था।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर लिखा कि हाई फाइव, कुनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लायी गयी मादा चीता गामिनी, उम्र लगभग 5 वर्ष, ने आज 5 शावकों को जन्म दिया है। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गयी है।

यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। सभी को बधाई, विशेषकर वन अधिकारियों, पशुचिकित्सकों और फील्ड स्टाफ की टीम को, जिन्होंने चीतों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 26 है।

बता दे 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से लायी गयी दूसरी खेप में 12 चीतों को कूनो नेशनल पार्क में लाया गया था। जहां 12 चीतों में से एक मादा चीता गामिनी भी थी। 12 चीतों को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कूनो नेशनल पार्क में रिलीज किया था। नर चीते पवन की तरह मादा चीता गामिनी भी कूनो की सीमा से बाहर चली जाती थी और कूनो नेशनल पार्क की टीमों के प्रयास से लौट आती थी। बता दें कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 26 है। कूनो नेशनल पार्क में अब चीतों की संख्या 26 है, जिसमें 13 शावक और 13 वयस्क चीते शामिल हैं।

कलश यात्रा 11 मार्च को, तैयारी पूरी

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम महूंगाय में 11 मार्च से शुरू होने वाले 9 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ को लेकर तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुखिया सुनील यादव ने दी। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। 11 मार्च को यगाचार्य बसन्त शास्त्री की देख रेख में भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, जिप अध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख मरकच्चो चौक विजय सिंह, जिला परिषद सदस्य मरकच्चो उत्तरी गुड़िया देवी, उप प्रमुख मरकच्चो पिंकी देवी, मुखिया सुनील यादव, पंसस नसीम अंसारी उपस्थित रहेंगे।

महागठबंधन के बैनर तले मांगों को लेकर दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर में इंडिया महागठबंधन के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित बालू लोड ट्रैक्टर से की जा रही अवैध वसूली के विरोध में शनिवार से धरना प्रदर्शन पर बैठ हैं। धरना प्रदर्शन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरना के पूर्व हटिया बाजार से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भाकपा के अंचल मंत्री धनंजय यादव कर रहे थे। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस-प्रशासन की मनमानी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पुलिस-प्रशासन और केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय सांसद, विधायक के विरोध में जमकर नारेबाजी की। झाझा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह झामुमो नेता अजीत यादव ने कहा कि सतगावां प्रखंड में ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से गरीबों को रॉयल्टी लेकर बालू उपलब्ध कराने की मांग की। भाकपा के अंचल मंत्री धनंजय यादव ने कहा कि सकरी नदी में सतगावां के किसानों का रैयती जमीन गयी है। जिन किसानों का जमीन गया है उनके नाम से बंदोबस्ती की जाये। उपेंद्र यादव ने कहा कि धरना पर ना कोई सांसद, विधायक ना ही कोई प्रतिनिधि सुध लेने आया। इधर ट्रैक्टर मालिकों ने कहा कि धरना अनिश्चितकाल रहेगा। धरना-प्रदर्शन में राजद नेता उपेंद्र यादव, पंसस रणधीर यादव, उपेंद्र कुमार, अशोक राजवंशी, सदानंद सिंह, गीता देवी, संदीप कुमार, नवलेश कुमार, पिंटू राणा, मिथिलेश कुमार, मिथिलेश यादव, शैलेंद्र यादव, विजय यादव, विकास मंडल, अमित कुमार, मुन्ना यादव, शंभू मोदी, चंद्रदेव प्रजापति, ब्रह्मदेव यादव, अरबिंद यादव, दिनेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में बोकारो और कोडरमा के बीच खेला गया। समारोह के शुभारंभ में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मेजर बाखला सर और सार्जेंट मेजर ज्ञानेंद्र पंडित ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। छोटे-छोटे बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर अपना नाम, अपना परिवार का नाम के साथ-साथ जिले का नाम भी रौशन करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। संचालन मनोज सहाय पिंकू ने किया। इस अवसर पर केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, महेश भारती, ज्योति भारती, आलोक पांडे, सोनू खान, सुमन कुमार, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, सुरेंद्र प्रसाद, तहसीन हुसैन, धीरज पांडे, गनौरी रजक, अमित जायसवाल, उपेंद्र सिंह, लक्ष्मण यादव, अर्जुन यादव, अजय राणा, अक्षय कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य खेल प्रेमी शामिल थे। आज बोकारो और कोडरमा के बीच खेले गये मैच में टॉस जीतकर कोडरमा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाये। जिसमें कोडरमा की ओर से सूरज ने 69 रन हार्दिक ने 48 रन साहिल ने 45 रन और तन्मय ने 39 रन का योगदान दिया। बोकारो की ओर से गेंदबाजी करते हुए छोटे, कुलदीप, अविनाश और पीयूष ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी बोकारो की टीम 39.4 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। बोकारो की ओर से अविनाश ने 65 रन पीयूष ने 64 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से हमजा समीर ने दो विकेट और साहिल, प्रिंस ,योगेंद्र और प्रिंस ने एक-एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए बोकारो के पीयूष कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मौके पर जेएससीए द्वारा प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर राजेश कुमार झा, अंपायर नीरज कुमार पाठक और प्रमोद कुमार और स्कोरर जूलकर नैन थे।

अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आस्था व विश्वास जताते हुए 10 मार्च को नावाडीह पंचायत के ग्राम लोहोंडीयो अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर आफताब आलम, कमेटी के सेक्रेटरी कलीम शाह, आलीमें दीन अख्तर शाह, वार्ड सदस्य खुर्शीद आलम और हाफिज अमजद राजा, मोहम्मद रफीक और समाजसेवी मोहम्मद सिराज दरदाही समेत अन्य लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इस दौरान उनलोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कोडरमा संसदीय क्षेत्र की सांसद अन्नपूर्णा देवी के कुशल नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए दामन थामा है। वही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जहीर आलम और शंकर यादव ने भाजपा पार्टी का पट्टा पहनाकर, झंडा देकर और मिठाई खिलाकर दामन थामे लोगों का स्वागत किया है। मौके पर छोटू यादव, रामकृष्ण प्रसाद वर्मा, उमेश प्रसाद कुशवाहा, सुरेश साव उपस्थित रहे थे।

पत्रकार की पत्नी और पुत्री की सड़क हादसे में मौत पर पत्रकारों ने जताया शोक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा के पत्रकार परमानंद कुमार की पत्नी और पुत्री की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। रविवार की सुबह रांची के आगे तुपुदाना के पास बस और बालू लदे हाइवा की टक्कर में पत्रकार परमानंद की पत्नी रीना कुमारी (40) और पुत्री सोनल (7) का निधन हो गया। रीना अपनी पुत्री और पुत्र के साथ विवाह समारोह में शामिल होने मायका खूंटी जा रही थी। रविवार सुबह हुई इस घटना के बारे में जानकारी मिलने पर पत्रकारों के साथ ही राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक जताया है।

बड़कागांव इलाके में पुलिस और टीपीसी के बीच मुठभेड़

फायरिंग से थर्राया इलाका

नक्सली संगठन के एक सदस्य को गोली लगने की सूचना
घायल उग्रवादी को साथी लेकर भागने में हुए सफल
दिन भर में दो बार हुआ मुठभेड़ दोनों बार कई राउंड चली गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के अंगों पंचायत अंतर्गत गुडकुवा के कीचुनिया कोच जंगल में टीपीसी उग्रवादी संगठन और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुआ है। जिसमें दिन भर में रह रहा कर दो मुठभेड़ हुआ। पहला मुठभेड़ 10:30 फिर पुलिस को दबिश को देख 1:45 बजे दोबारा दोनों के बीच मुठभेड़ हुआ। उग्रवादी संगठन की ओर से एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप जी, और पुलिस की ओर से पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह मोर्चा संभाले हुए हैं। जिसमें कई राउंड गोलियां दोनो ओर से चली है। पुलिस की गोली से टीपीसी उग्रवादियों के एक सदस्य को गोली लगने से घायल हो गया घायल सदस्यों को अन्य सदस्यों ने लेकर भागने में सफल रहे। घटना स्थल पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। पुलिस कि सर्च अभियान चल रही है। जिसमें बड़कागांव सीडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह उरिमारी थाना प्रभारी रामकुमार, पतरातू थाना प्रभारी, बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार और आंगो पिकेट प्रभारी छोटू उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल है। बताते चले की टीपीसी उग्रवादी संगठन का इस क्षेत्र में आचनक चहल कदमी बढ़ गयी है। एक सप्ताह के अंदर तीन बार गोलीबारी होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। पत्थर कारोबारी, बालू कारोबारी, कोयला कारोबारीयों के बीच हड़कपं मची हुई है।

श्याम रंगीलो फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। प्रभु श्री श्याम का आराधना पूरे देश भर में बड़े ही धूमधाम के साथ किया जा रहा है। फागुन महीना बाबा श्याम के लिए काफी महत्वाकांक्षी होता है। इसी दृष्टिकोण से आज अग्रवाल युवा मंच के द्वारा श्री श्याम रंगीलों फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भव्य निशान शोभा यात्रा और भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। 11 मार्च को प्रातः 8:30 बजे मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर से शोभा यात्रा मैं श्रधालुओं के हाथ मे बाबा का निशान ध्वजा ले कर चलेंगे जो कि शहर के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त होगी, इस बीच कई सामाजिक संस्था तथा कई समाज के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जायेगा, शोभायात्रा में 500 से भी अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल रहेंगे, शोभायात्रा में पुरुष कुर्ता पजामा और महिलाएं लाल पीली साड़ी में शामिल रहेगी। शोभायात्रा में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजा वाहन श्याम प्रेमियों को अपनी और आकर्षित करेगा। वही संध्या 6 बजे अग्रसेन भवन के परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक शिवम पंसारी और धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक परितोष और मिनी अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमायेंगे। भजन संध्या के दौरान मनोहारी श्रृंगार, इत्र की वर्षा, फूलों की होली, भजन संध्या, अखंड ज्योत, भोग का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन में समस्त श्याम प्रेमी सादर आमंत्रित है। आयोजक मंडली ने बताया है कि यह कार्यक्रम बाबा श्याम के आशीर्वाद से बेहद ही ऐतिहासिक पूर्वक संपन्न होगा यह कार्यक्रम एकदिवसीय आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में श्याम प्रेमियों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

रामनवमी पूजा को लेकर हुई बैठक

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कादोडीह में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा को भव्य तरीके से मनाने के लिए ग्रामीणों की एक बैठक की गयी। अध्यक्षता राजेश सिंह और संचालन रमेश महतो के द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने पूर्व की कमेटी को भंग कर सर्व समिति से नये समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव कुशवाहा, सचिव नागेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष जनार्दन महतो, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी कार्तिक प्रसाद वर्मा, सदस्य सुधीर वर्मा, मंटू वर्मा, जागेश्वर पासवान, उमेश सिंह, प्रकाश महतो ,अर्जुन राणा प्रदीप वर्मा, संदीप वर्मा, राहुल देवराम, मुकेश वर्मा, महेश राणा, विनोद राम, राजू दास, सुमन यादव, सारजन राम, दिलीप शर्मा को चयन किये सलाहकार समिति में बद्री राम, बिहारी महतो, डूगन, महतो,अर्जुन महतो, वासुदेव राणा का ग्रामीणों ने चयन किया। नए अध्यक्ष ने अपने संबोधन में विशाल मेला का शांति और सौहार्द पूर्वक आयोजन करने पर अपनी कटिबद्धता जतायी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद अन्नपूर्णा देवी का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। दूसरी बार कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा टिकट मिलने के बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी मरकच्चो पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका भव्य व जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी दूसरी बार भी भारी मतों से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने जनता के बीच में जाकर चुनावी माहौल का भांपा। अन्नपूर्णा देवी पर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया है। मरकच्चो में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें दूसरी बार लोकसभा का टिकट देकर उन पर विश्वास जताया। वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उन्हें दूसरी बार भी जनता का आशीर्वाद मिलेगा और वे संसद में पुनः निर्वाचित होकर जायेंगे। इस मौके पर राजकुमार यादव, कैलाश यादव, मुखिया रणजीत सिंह, प्रयाग यादव, रवींद्र पांडे, शम्भू सिंह, सुरेश सिंह, रामलाल यादव, अनेश्वर सिंह, नकुल यादव, सहदेव यादव यादव, मुखलाल प्रसाद वर्मा, विकाश कुमार यादव, श्रीकांत यादव, सिकन्दर यादव, मुकेश राम, जयकुमार सिंह, मुकेश ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, अमजद अंसारी, सन्तोष सिंह, सरयू यादव, किशुन महतो समेत कई भाजपा समर्थक उपस्थित थे।

7.45 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

सदर प्रखंड क्षेत्र के कुल 10 पंचायतों के करीब 25 गांवों में विकास को मिलेगी गति
विधायक बनकर बेटा/ भाई के रूप में किया सेवा, आशिर्वाद मिला तो हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में सेवा भावना का होगा विस्तारः मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने टिकट मिलने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में अपने तुफानी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत रविवार को चितरपुर प्रखंड के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना करने किया। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भगवती से आशीर्वाद प्राप्त किया। हजारीबाग लोस के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को टिकट मिलने की खुशी में उनके लिए मन्नत मांगे भाजपा हजारीबाग नगर पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके संग मिलकर यहां मां के दरबार में विशेष पूजा- अर्चना किया और उनकी जीत की कामना की। भाजपा नगर पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता महामंत्री राजीव सिंह, महामंत्री अजय प्रजापति, उपाध्यक्ष रिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, नगर मंत्री शिवकुमार प्रजापति, अरुण कुमार, सुधीर कुमार, बाबू सिंह, महेंद्र मेहता, उमेश प्रजापति, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग साथ रहें । मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रनणजय कुमार उर्फ.कुंदु बाबू, रामगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, खिरोधर साहू, विजय जायसवाल, राजीव जायसवाल, बसुद तीवारी, दिलीप सिंह, धीरज साहू, भीम सेन चौहान, बृजेश पाठक, चंद्रशेखर चौधरी, बबलू साव, अशोक कुमार, महेंद्र महतो, मनसू बेदिया, बबली सिंह, राहुल पासवान, मुकेश कुमार, प्रदीप प्रसाद, सुनील पांडेय, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का रामगढ़ जिले के दौरे पर जाने के क्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित डेमोटांड़ में विधायक मद से बने मॉडल सामूदायिक भवन परिसर में भाजपा सदर पूर्वी और पश्चिमी मंडल के भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय समर्थकों ने अभूतपूर्व अभिनंदन किया। लोगों ने गर्मजोशी से भाजपा झंडा के साथ नारे-जयकारे लगाते हुए बुके भेंटकर, फूल माला पहनाकर और पुष्प वर्षा करके उनका अनोखे तरीके से भव्य स्वागत किया ।

यहां भाजपा लोकसभा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने एक साथ अपने विधायक मद की राशि करीब 2 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के सदर प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायत के करीब 25 गांवों के विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया साथ ही 4 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से सदर अंचल सह प्रखंड के बीडीओ/ सीओ सहित अन्य कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया ।सदर प्रखंड क्षेत्र के कुल 10 पंचायतों के करीब 25 गांवों में विकास को गति मिलेगी। डेमोटांड़ का मॉडल सामूदायिक भवन के दुसरे तल्ले का भी उद्घाटन हुआ।

मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इसी भाव से आगे भी कार्य करूंगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा की आपके बीच जिस प्रकार बेटा/ भाई बनकर हरेक सुख- दुख में सहभागी बना उसी प्रकार अगर आप मौका दें तो पुरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों का सुख-दुःख का साथी बनूंगा ।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, दयामणि टोप्पो, दामोदर प्रसाद, जितेंद्र कुमार साहू, मोहन कुमार, संजय कुमार, कलेश्वर साहू, चौधरी प्रसाद साहू, देवनारायण कुमार, विनोद कुमार, नरेंद्र कुमार, रामचंद्र प्रसाद, रामकुमार साहू, प्रकाश साहू, संतोष कुमार, कैलाश साहू, वीरेंद्र यादव, रामाज्ञा सिंह, सोहर साहू, रामचंद्र साहू, अर्जुन साहू, पप्पू राणा, रवि शंकर ठाकुर, प्रयाग पुरी, परमेश्वर प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, राजदीप साहू, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पप्पू प्रजापति, लखपति साव, रामेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार, महादेव प्रजापति, चिंटू प्रजापति, कन्हैया कुमार, सुरेश साव, विजय साहू, वासुदेव साहू, राजकुमार, बलराम राम, विनोद कुमार, सुजीत कुमार, संजय टोप्पो, नरेश कुमार, मुकेश कुमार, राजू प्रसाद, मथुरा साहू, भुनेश्वर साहू, राजू राम, प्रीतम कुमार, वीरेंद्र कुमार, महेंद्र राम, शनिचरा राम, अजीत कुमार, बहादुर कुमार, कृष्णा मेहता, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ओटी का उद्घाटन आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। डीएमएफटी मद से उपायुक्त नैंसी सहाय और उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व के बदौलत आधुनिक परिवर्तन देखने को मिल रहे है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के आर्थो विभाग में मॉड्यूलर ओटी निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस मॉड्यूलर ओटी का विधिवत उद्घाटन आज कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया जायेगा। 62.13 लाख रुपये की धनराशि से निर्मित यह आधुनिक मॉड्यूलर ओटी के स्थापित होने से हजारीबाग के साथ साथ निकटवर्ती जिलों के जरूरतमंदों को ऑर्थो संबंधी चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ मिल पायेगा।

नेशनल पब्लिक स्कूल की शिक्षिका लापता

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया थाना क्षेत्र के नेशनल पब्लिक स्कूल टाटीझरिया की कराटे शिक्षिका तालो कुमारी (23 वर्ष) शनिवार को समयानुसार विद्यालय पहुंची और 11:45 बजे स्कूल छुट्टी हुई लेकिन अब तक घर नहीं पहुंची है बहुत खोज बिन के बाद भी पता नही चल पाया तब परिवार वालों ने रविवार को उक्त शिक्षिका के भाई दिनेश मुर्मू ने थाना में लापता होने का आवेदन दिया उक्त आवेदन में जिक्र है की मेरी बहन तालो कुमारी मुल रूप से बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के पसेरी टोला महुवाटांड से टाटीझरिया नेशनल पब्लिक स्कूल प्रतिदिन अपने घर से मुरूमातु पत्थर खदान की ओर से विद्यालय आना जाना करती थी। बताया कि कुछ दिन पुर्व मेरी बहन तालो कुमारी से विद्यालय आने जाने के क्रम में खदान के ड्राइवरों द्वारा छेड़खानी किया जाता था। जिससे भी वह परेशान रहती थी। हमें वही लोगों पर शक है कि लापता किया है। उन सब से मेरा परिवार डरा हुआ है विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने बताया की 9 मार्च शनिवार को विद्यालय आयी थी वह एक कराटे की शिक्षिका के पद पर थी छूटी होने के बाद घर के लिए निकली थी खबर लिखे जाने तक शिक्षिका का पता नही चल पाया है।

खेलकूद के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें: सूरज

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में नारी सशक्तिकरण को लेकर 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता खरकी पंचायत के केंदुआडीह में कराया गया। इस दौरान युवतियों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरज पाठक ने कहा की बेटियां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा चुकी है और हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। बेटियां नित्य नई ऊंचाइयां प्राप्त कर समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। खेलकूद के साथ साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दे शिक्षा के बिना समाज में आगे बढ़ना कठिन कार्य है। बेटियों के पढ़ने से ही समाज आगे बढ़ेगा। 500 मीटर दौड़ में प्रथम राधा कुमारी, द्वितीय खुशबू कुमारी और तृतीय कंचन कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और शेष प्रतिभागियों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्वयं सेवक सुधीर कुमार रजक, सोना महतो, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, सुनील मण्डल, गौतम कुमार, चेतलाल मंडल, राधा कुमारी, पुनम कुमारी, अनिता कुमारी, कंचन कुमारी, मधु कुमारी, नेहा कुमारी, सपना कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

सड़क पर चलते कंटेनर में लगी आग

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग स्थित चलनिया जंगल मे लाडली रोडवेज की आईसर ट्रक JH 10 CQ 4076 में अचानक आग लग गयी। जिसमें बजाज कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक सामान 50 प्रतिशत तक जल गया स्थानीय लोगों के सहयोग से बाकी का बचा सामान सुरक्षित निकाला गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रांची जाने के क्रम में विष्णुगढ़ के चलनिया जंगल में एक बाइक वाले ने बताया कि आपकी गाड़ी से धुआं निकल रहा है जब गाड़ी रोक कर देखा तो सही में धुआं निकल रहा था तुरंत चालक ने गाड़ी मालिक को फोन किया फिर उन्होंने बोला कि कोई सर्विस सेंटर में गाड़ी लेकर जाओ क्योंकि दमकल आने में समय लग जायेगा इतने में गाड़ी को जमुनिया डैम स्थित स्टार कार वॉशिंग सेंटर में लेकर पहुंचा। जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया इस दौरान विष्णुगढ़ थाना के पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग करते दिखे। जिसमें 50 प्रतिशत सामान बचाने में सफल हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर थोड़ा और देर हुआ होता तो सामान जल कर राख हो जाता।

पुल निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के तलसवार (टिकरीटांड) से सदबहिया के बीच हाहारों नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने नारियल फोड़ कर किया गया। उक्त पुल का निर्माण झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लगभग 4 करोड़ प्राक्कलन राशि की लागत से बनेगी। पुल का निर्माण करने का कश्यप कंस्ट्रक्शन को मिला है। शिलान्यास समारोह के बाद कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस पंचायत का यह उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होना ग्रामीणों का मेहनत का फल है। ग्रामीण इसे अपने देखरेख में टिकाऊ बनाने का सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कंस्ट्रक्शन को समय के साथ गुणवत्तापूर्ण पुल निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत कोर कमेटी के माध्यम से सभी पंचायत में विकास की योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल निर्माण होने से अगल-बगल के सभी गांव को काफी सहूलियत होगा विशेष कर सदबहिया में बसे बिरहोर के लिए काफी सहूलियत होगा। लोगों का कहना था की नदी में पुल नहीं रहने के कारण चार से पांच बिरहोर इस नदी में बह गये हैं। पुल के शिलान्यास होने पर आसपास के ग्रामीण में खुशी देखी जा रही थी विशेष कर बिरहोर समुदाय के लोगों मे काफी खुशी देखी जा रही थी। इस अवसर पर विशुत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया प्रतिनिधि सह कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साव उर्फ बोलबम, संजय साव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथलेश कुमार, नरेश साव, शमशेर अंसारी, सोहर साव, जितेंद्र कुमार साव, गणेश महतो, आनंद प्रसाद कुशवाहा, केदार महतो, चेतलाल महतो, सोहर साव, प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू, बूलक महतो घनश्याम कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री घायल

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा जिला में बेलगाम रफ्तार का कहर बदस्तूर जारी है। लगातार वाहनों के तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं घट रही है। एक बार फिर अनियंत्रित हाइवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मारी है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र-खरीक गांव के समीप घटी है। इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हैं। घायलों में सलोनी कुमारी, शिला कुमारी, गोरवा देवी, श्वेता कुमारी, भीखन राम दांगी शामिल है। जिन्हें ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा के टक्कर से अनियंत्रित होकर टेम्पो यात्रियों को लेकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। टेंपो यात्रियों को लेकर लोवागड़ा से चतरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बेकाबू हाइवा ने सामने से उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना के वक्त टेंपो में कई महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। दुर्घटना के बाद हाईवा चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। फरार हाईवा को ढूंढने के लिए सदर थाना पुलिस जुट गयी है। बताया जाता है कि कोयला लदा हाईवा टंडवा से कटकमसांडी कोल साईडिंग जा रहा था।

उचक्कों के आतंक से आम जनता परेशान कहीं छीना गया मोबाइल, तो कहीं चेन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर में उचक्कों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। उचक्के राह चलते लोगों से सामान छीन कर भाग निकल रहे हैं। ऐसी ही शहर में दो वारदातें हुई, जिसमें महिलाओं को ही उचक्कों ने अपना शिकार बनाया। पहली घटना लोहार टोला मार्केट में हुई। यहां एक युवती स्वाति से स्कूटी पर सवार दो उचक्कों ने मोबाइल छीन लिया। विकास नगर रोड होटल राज के पीछे रहने वाली स्वाती ने बताया कि वह मोबाइल से बात करते हुए पैदल जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो लोग उसके पास पहुंचे और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर रफू चक्कर हो गये। वही, दूसरी घटना रविवार को चट्टी बाजार में श्याम कंपलेक्स के पास हुई। यहां 70 वर्षीय वृद्ध महिला समुद्री देवी दूसरी महिला से बात कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो उचक्के वहां पहुंचे और उसके गले में मौजूद सोने का चेन खींचकर भाग निकले। इन दोनों पीड़ितों ने रामगढ़ पुलिस से शिकायत की है। इससे पहले भी रामगढ़ शहर में उचक्कों ने कई लोगों से सोने का चेन व अन्य सामान छीना है। यह गिरोह इतना शातिर है कि वह महिलाओं को ही अपना शिकार बन रहा है। पहले भी गली मोहल्ले में खड़ी महिलाओं से सोने का चेन छीन कर भाग निकलने में वह सफल रहे हैं। रामगढ़ पुलिस के लिए इस गिरोह को पकड़ना एक बड़ी चुनौती है। पुलिस ने अभी तक किसी भी अपराधी की शिनाख्त नहीं की है। हालांकि उचक्के को पकड़ने के लिए पुलिस बाजार मे लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। लेकिन उचक्के पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर है। वही, घटना से पूर्व उच्चके का सीसीटीवी में कैद हो गयी।

श्री रामेश्वर मंदिर को विकसित करने को लेकर आम सभा, कमेटी का गठन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के थाना चौक स्थित श्री रामेश्वर मंदिर परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान आम सभा में मंदिर को विकसित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही नए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें, अध्यक्ष अरविंद कुमार मेहता, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार, सचिन विजय चौधरी, कोषाध्यक्ष राजू सिंह, सह कोषाध्यक्ष गणेश कुमार, मुख्य संरक्षक संतु भाई माणिक, सरदार अनमोल सिंह, देवकुमार सिंह, सुबोध पांडे, बीरू माणिक, रतन कुमार, मीडिया प्रभारी कैलाश रजक, संरक्षक मनोज सिंह एवं सदस्य के रूप में सुमन पांडे, संतोष रजक, अशोक पांडे, संजीत कुमार, सुनील मालाकार, संजय प्रसाद, रमेश यादव, आशीष कुमार, रोहित सिंह, राजेश सिंह, अर्पण गोहा आदि शामिल है। अध्यक्ष बनाये जाने पर अरविंद कुमार मेहता ने कहा कि प्राचीन श्री रामेश्वर मंदिर का समुचित विकास किया जायेगा इसके लिए उन्होंने रामगढ़वासियों से मंदिर विकसित करने को लेकर बढ़-चलकर भाग लेने का आह्वान किया है।

रत्नेश्वर शिव मंदिर में होगी बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के गोरियारीबाग स्थित रत्नेश्वर शिव मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि मंदिर परिसर में ही श्री श्री हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसमें प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम तय किया गया है। मंदिर समिति के सहयोग के लिए संरक्षक समिति का गठन किया गया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, सचिव रविकांत कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शीतल कुमार, उपाध्यक्ष रामनंदन कुशवाहा, उप सचिव हीरालाल कुशवाहा, उपकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा, जानकी महतो साहित अन्य मौजूद थे।

अवैध महुवा के साथ एक गिरफ्तार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल सौंदा मैदान के समीप अवैध महुवा के विरूद्ध शनिवार को अवर निरीक्षक अमित मड़की उत्पाद प्रहार बल रामगढ़ एवं भुरकुण्डा ओपी के पुलिसकर्मी के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 200 किलो जावा महुवा को नष्ट किया गया और करीब 40 लीटर महुवा शराब पकड़ा गया। मौके पर अवैध महुवा शराब विक्रेता राजू प्रसाद मेहता पिता-स्व कमल महतो रेलवे साईडिंग टीपला थाना-पतरातू (भुरकुंडा) को गिरफ्तार किया गया।

पूर्ण सतगुरु ही सृष्टि रचना का पूर्ण ज्ञान बताते हैं: संत रामपाल

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड ना जाने कितने युगों के बीत जाने पर भी हमें उस अनमोल रहस्य का पता नहीं चल पाया जो प्रत्येक मानव के लिए जानना अति आवश्यक था। आखिर मनुष्य इस काल के जाल में कैसे उलझ गये। ये संपूर्ण भेदपूर्ण परमात्मा ही स्वयं सतगुरु रूप मै इस धरती पर अवतरित हो कर सही सही ज्ञान बताते हैं। रविवार को चतरा जिले में संत रामपाल महाराज जी ने सत्संग के माध्यम से उपरोक्त सृष्टि रचना का रहस्य उजागर किया। उन्होंने बताया कि हमारे वेद, शास्त्र, कबीर सागर में सृष्टि रचना का संपूर्ण प्रमाण हैं कि इस संसार की रचना पूर्णब्रह्म कबीर साहेब जी ने रची है। वास्तविक अविनाशी परमात्मा कविर्देव (कबीर साहेब) है इसके प्रमाण प्रोजेक्टर के माध्यम सेसंत जी ने दिखाए। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सत्संग प्रवचन का लाभ उठाए व संत रामपाल जी का धन्यवाद किये कि उन्होंने हमारी आध्यात्मिक क्षेत्र की सारी शंकाओं का समाधान करके हमे अपने वास्तविक लक्ष्य का ज्ञान कराया।

कोलियरी से ही बेच दिया जा रहा है बाहर के पावर प्लांटों का कोयला

कुजू साइडिंग पहुंचता है इनवर्ड रैक, फिर जाता है बाहर के पावर प्लांट में

कुजू रेलवे साइडिंग में काम करने वाली लगभग ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियां जांच एजेंसी के रडार पर

बीरु कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आजाद सिपाही अखबार की पड़ताल जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे वैसे कुजू रेलवे साइडिंग में होने वाले गड़बड़ियों की कलई खुलती जा रही है। जो भी मामले सामने आ रहे है वो खतरनाक और भयावह है। लूट की सीमाएं हद पार कर दी है। साइडिंग में यार्ड के नाम पर कोयले की लूट दोनों हाथ से होने की बात सामने आ रही है। सबकुछ कैसे हो रहा है ये केवल एक सवाल है। लेकिन इस सवाल के अंदर लूट की गंगोत्री बह रही है। अंदरखाने से ये भी बात सामने आ रही है कि बाहर के पावर प्लांट का कोयला कोलियरी से सीधे सेल कर दिया जा रहा है। कोलियरी से लोड होने वाली ट्रकों को साइडिंग न भेजकर अन्यंत्र भेज दिया जाता है।

इधर जानकार सूत्रों बताया कि ट्रांस्पोर्टिंग कंपनी अच्छे कोयले को सेल कर खूब तरक़्क़ी कर रहा है। जबकि कुजू रेलवे साइडिंग में इनवर्ड रैक (मिक्सिंग कोयला) मंगाकर खेला कर रहा है। बताया कि मिक्सिंग कोयले को लोडिंग कराकर बाहर के प्लांटों में भेज दिया जाता है। जिससे ट्रांस्पोर्टिंग कंपनी को करोड़ों का मुनाफा हो रहा है। जबकि प्लांट को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इधर बताया जाता है कुजू रेलवे साइडिंग में काम करने वाली लगभग ट्रांस्पोर्टिंग कंपनी जांच एजेंसी के राडार पर है। जांच का दायरा जैसे जैसे आगे बढ़ेगा वैसे वैसे कंपनी पर शिकंजा कसेगा। सूचना है जल्द ही मामले की जांच पड़ताल शुरू होगी। जिसके साथ ही कुजू रेलवे साइडिंग में जारी काला कारोबार से पर्दा उठने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि मामले में किसका गर्दन नपेगा। ये आने वाला समय में स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल खबर प्रकाशित होने के कारण कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी हुई है।

आरकेटीसी कंपनी के कोल स्टॉक पर जांच एजेंसी की नजर!

विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुजू रेलवे साइडिंग में अनेकों कंपनी कार्यरत है। उसमें एक आरकेटीसी कंपनी भी शामिल है। सूत्रों के हवाले से सूचना मिल रही है कि इस कंपनी के कोल स्टॉक में गड़बड़ी की शिकायत जांच एजेंसी को मिली है। जिसमें बताया है कि कंपनी के कोल स्टॉक पेन पेपर में काफी मजबूत है। लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और है। पेन पेपर में कोल स्टॉक करीब 30 हजार टन कोयला उपलब्ध है। लेकिन जमीन पर कुछ भी नहीं होने की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी कुछ भी बोलना जल्दबाजी होगा। ये तो जांच पड़ताल होने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल जांच एजेंसी पर लोगों की निगाहें बनी हुई है।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया 283 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। झारखंड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकास और उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने रविवार को डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में 283 करोड़ के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम में आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात मंत्री श्री भोक्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत मंत्री भोगता ने लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना और सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र और डमी

चेक वितरण किया। मंत्री ने जिले के लगभग 283 करोड़ की विकास योजनाओं का फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन किया। जिसमें कुल 136 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। जिसकी कुल लागत एक सौ दो करोड़ रुपया है। 1 सौ 80 करोड़ के 128 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में राज्य का चंहूमुखी विकास हो रहा है। मंत्री ने कहा कि अबुआ आवास और वृद्धा पेंशन लाभुकों के बीच चेक का भी वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर ने सभी पंचायतों में डीएमएफटी मद से सामुदायिक भवन बनवाने की मांग की। इस पर डीसी ने सहमति जतायी। डीसी रमेश घोलप ने कहा कि सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से पूरा कर लिया जायेगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, डीसी रमेश घोलप, उपविकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, समाज सेवी नवलकिशोर यादव, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

सीसीएल सीएमडी ने परियोजनाओं का किया दौरा

उत्पादन कोयला लक्ष्य को उत्पादन माह में जल्द करें पूरा : सीएमडी वी रेड्डी

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया। दौरे के क्रम में सर्वप्रथम करमा परियोजना ओपनकास्ट खान का अवलोकन किया। साथ ही, पीओ पवन कुमार और अन्य अधिकारियों से खान विस्तारीकरण और कोयला उत्पादन में तेजी लाकर लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात बंद पड़ी सारूबेड़ा परियोजना के प्रस्तावित ओपनकास्ट खान क्षेत्र में पहुंचकर खान को शुरू करने की दिशा में जीएम आरके सिन्हा व पीओ

एसके सिंह से पूछताछ की। इस दौरान अधिकारियों और कुछेक मजदूर नेताओं को खरी खोटी सुनाते हुए कार्य के प्रति गंभीरता दिखाने को कहा। बाद में तोपा परियोजना स्थित खुली खदान पहुंचे। इस दौरान खदान विस्तारीकरण को लेकर जीएम सहित तोपा पीओ मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह और अन्य अधिकारियों से विचार विमर्श किया। वही, सीएमडी ने कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने की बात कही। साथ ही, खान के वर्तमान हालात पर चर्चा की। वही, सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने सभी परियोजनाओं का तूफानी दौरा बाद जीएम कार्यालय सभागार, कुजू में क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं के खनन अधिकारी, सभी विभागों के स्टॉफ ऑफिसर व अन्य प्रमुख अधिकारियों संग बैठक कर कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। सर्वप्रथम बंद पड़े परियोजनाओं को शीघ्र चालू करने की दिशा पर विचार-विमर्श किया। वहीं, बंद पड़े पुंडी परियोजना के चालू होने को लेकर जानकारी अधिकारियों को दिया। कहा कि प्रबंधन को प्रशासन की सहभागिता समय पर मिले तो क्षेत्र के बंद खानों को चालू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। मौके पर कुजू जीएम आरके सिन्हा, एसओ पीसी साहू, चंद्रवीर नारायण, राजकुमार, अनिल कुमार दास, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, देवेंद्र शर्मा, भरत केशरी, विक्की राम, अभिज्ञान, एसके सिंह मौजूद रहे। इधर, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजनलाल महतो ने तोपा और जनता मजदूर संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने सारूबेडा में सीएमडी से मुलाकत कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर सीएमडी ने समाधान करने का भरोसा दिलाया।

स्वामी सहजानंद सरस्वती की मनायी गयी जयंती

किसान आंदोलन के प्रणेता रहे हैं स्वामी सहजानंद सरस्वती: सुनीता चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। स्वामी सहजानंद सरस्वती का जीवन आम लोगों के लिए समर्पित था। उन्होंने किसानों को उनका हक दिलाने के लिए आंदोलन किया। यही वजह थी कि किसान आंदोलन के प्रणेता माने गये। यह बातें रविवार को शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित अशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में आयोजित स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि स्वामी सहजानंद आम जनमानस से जुड़े हुए थे। उन्होंने कभी भी अपनी चिंता नहीं की, बल्कि किसानों और समाज के विकास के लिए ही अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। लोगों को न्याय दिलाने के लिए वह कई बार जेल गये, लेकिन वहां भी उनके आंदोलन को विराम नहीं मिला। इससे पूर्व अतिथियों ने समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद शर्मा ने किया।

समारोह में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव दिवाकर सिंह, कोषाध्यक्ष विभन सिंह, संरक्षक सी पी संतन, आर वी ठाकुर, अनमोल सिंह, मुकुंद तिवारी, नवल किशोर शर्मा, संत कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुरेंद्र शर्मा, प्रभास सिंह, मुशरी शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, शशि भूषण सिंह, डॉ विवेक कुमार राय, रजनीकांत राय, अजय कुमार मिश्रा, शालिग्राम सिंह, हरे कृष्ण शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, शशि भूषण शर्मा, प्रो के के शर्मा, जय नंदन शर्मा, संजय कुमार, मनोज राय, गणेश तिवारी, राजीव शांडिल, मंजू सिंह, माला सिंह, पुतुल सिंह, पूनम सिंह, आशा देवी, मनीष सिंह, मीना ठाकुर, सुषमा देवी, आरती सिंह, रिंकू देवी, आरती देवी, उर्मिला सिंह, रीना देवी, सोना देवी, राहुल हजारी, अखिलेश कुमार, सतीश तिवारी, ज्योति कुमारी, पंकज कुमार, शंभू शरण सिंह, सौरभ कुमार, नवलेश सिंह, रितेश रंजन, दिनेश कुमार, शंभू शर्मा, प्रिया रंजन प्रसाद, प्रभाकर सिंह, संजय सिंह, विपिन शर्मा, कौशलेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वामी सहजानंद सरस्वती विलक्षण प्रतिभा के धनी थे: नागेश्वर सिंह : मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद नागेश्वर सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने तब अपनी छाप छोड़ी जब वे अपनी पढ़ाई कर रहे थे। 11वीं की पढ़ाई के बाद ही उन्होंने अपनी दिशा तय कर ली थी। कई बार घर वालों ने उन पर दबाव डाला लेकिन उन्होंने जो निर्णय लिया उससे वे महापुरुष बन गये। उन्होंने समाज को वह दिशा दिखाई इसके बारे में तब लोग विचार भी नहीं कर पा रहे थे। व्यवसायियों और दमन करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए उन्होंने संन्यास ग्रहण किया और कई पुस्तकों का निर्माण किया।

स्वामी सहजानंद सरस्वती नेबस्वाधीनता के लिए कई लेख लिखा: स्वामी सहजानंद सरस्वती, सुभाष चंद्र बोस के साथ भी हजारीबाग जेल में रहे थे। तब भी उन्होंने स्वाधीनता के लिए कई लेख लिखा। उन्होंने तब भी झारखंड के किसानों पर एक पुस्तक लिखी जिसका सीधा संबंध किसानों के उत्थान से जुड़ा हुआ है।

महाशिवरात्रि पर भक्ति जागरण का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार की रात्रि शिव मंदिर समिति हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुंडा के तत्वावधान में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने भगवान भोलेनाथ के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। जागरण के दौरान कलाकारों ने मेरो भोला है भंडारी, राम आयेंगे, चलो बुलावा आया है, ए गणेश के मम्मी सहित अन्य मनोहारी भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रातभर झुमाये रखा। वहीं रविवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थें। भक्ति जागरण को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, विजय कुमार, रविन्द्र कुमार, अजित कुमार, रवि कुमार सिंह, शिवा कुमार, विशाल कुमार, दिलीप सिंह, संदीप कुमार, दानिश कुमार, आकाश कुमार, भरत करमाली सहित अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान रहा।

केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रीवर साइड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में रविवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक दर्शन गंझू और संचालन समिति के सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में सरहुल पूजा की तैयारी और जुलूस निकालने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही सरहुल पूजा कार्यक्रम को ले तिथि की घोषणा भी को गयी। बताया गया कि 12 अप्रैल को सरना पूजा और 13 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाली जायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता, सचिव संतोष उरांव, कोषाध्यक्ष देवशरण मुंडा को बनाया गया। मौके पर राजन करमाली, पात्रिक मिंज, महेंद्र मुंडा, पाहन देवलाल मुंडा, राजकुमार, सूरज करमाली, गोविंद बड़ाईक, अमर बावरी, राजन करमाली, राजेंद्र मुंडा, किशुन नायक, अनिल भुइयां, पाहन बेदिया, तारणी बेदिया, अरविंद करमाली, रासेल तिग्गा, माग्रेट खालको, जोसेस डिक्रूज, विनोद बेदिया, वीरेंद्र करमाली, विकास बेदिया, महावीर बेदिया, दिनेश मुंडा कुंदन करमाली, मनोज मुण्डा, विगल करमाली, सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

12 को पीएम रेलवे उरीमारी में एनयूजीपी मेगा रेलवे साइडिंग का करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू रेलवे के प्रतीक्षालय में रविवार को रेलवे अधिकारियों के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया की बारह मार्च को नॉर्थ उरीमारी में पीएम एनयूजीपी (मेगा रेलवे साइडिंग) का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया की यह उद्घाटन गति शक्ति योजना के तहत किया जायेगा। बताया गया की रेलवे साइडिंग के उद्घाटन के बाद यहा से प्रति दिन करीब दस हजार एमटी कोयले का परिवहन किया जा सकता है। अधिकारियों ने यह भी बताया की धनबाद मंडल के सोलह स्टेशनों में पीएमटी के द्वारा वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) की भी शुरूआत करेंगे। इसमें स्टेशन में चलंत दुकान के माध्यम से वहा का लोकप्रिय उत्पाद को बेचा जायेगा। इसके तहत बरकाकाना में इस योजना की शुरुआत की जायेगी। प्रेस कांफ्रेंस में सहायक यातायात प्रबंधक राजहंस सिंह, यातायात निरीक्षक अवधेश राम, पतरातू स्टेशन प्रबंधक एसके सांगा, कृष्णा राम आदि शामिल थे।

महिला रेलकर्मियों की प्रतियोगिता आयोजित

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। विश्व महिला दिवस के अवसर पर रेलवे फुटबाल मैदान बरकाकाना में इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, बरकाकाना शाखा एवम रेलवे विमेंस एम्प्लॉय बरकाकाना के संयुक्त तत्वाधान में रेलवे महिला कर्मचारियों के बीच विश्व महिला दिवस समारोह सहित कई प्रतियोगिता आयोजित की गयी। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनके सम्मान को बढ़ावा देना था। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि एडीएमओ नम्रता कुमारी, सुरभि सिंह और सपना संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि डीटीएम बरकाकाना कुमार अंकित उपस्थित रहे। समारोह का संचालन महेंद्र कुमार महतो और आर के चौबे ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट, म्यूजिकल चेयर, ब्लाइंडफोल्ड मटका फोड़, रस्सा कस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता परिणामों में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गीतांजलि, द्वितीय स्थान पुतुल देवी और तृतीय स्थान लाली कुमारी को घोषित किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य खिलाड़ी का खिताब से गीतांजलि कुमारी को सम्मानित किया गया। मौके पर ऑपरेटिंग डिपार्टमेंट से अनीता तिर्की, मनीषा तिर्की, राधा रानी, कांति, शकुंतला, द्रौपदी, नूर जहा, खुशबू सिंह, पीडब्लूआई से जशिका, ललिता, रीना, सोनाली, एइएन ऑफिस से सविता तिवारी, टेली कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट से मंजु देवी, आशा, सुनीता, एस बक्सला, जोजो, आरपीएफ से खुशबू मूर्ति, कंट्रोल ऑफिस से दिशा, सुर्भि, गीतांजलि, रेवा, प्रियंका, फुल कुमारी, कल्पना चावला, वजन घर से किरण देवी, प्रतिभा, कैरिज एंड वैगन डिपार्टमेंट से लाली कुमारी, फूलो देवी, पटल देवी, ऋण देवी, गीता देवी, ललिता देवी, सपना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बुकिंग डिपार्टमेंट से रूबी, काजल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

तड़ीपार अपराधी सुजीत राम गिरफ्तार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तड़ीपार अभियुक्त संजीत राम को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया की पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ के न्यायालय के सीसीए वाद सं0-78/23 में जिला बदर बुधबाजार निवासी (तड़ीपार) अपराधकर्मी संजीत डोम उर्फ सुजीत राम, पिता-स्व. अर्जुन डोम की सूचना मिला की वह घर पर ही है। वह बुध बजार रिवर साइड स्थित सीसीएल आवास में चोरी छिपे अपने घर में रहकर किसी जघन्य अपराध करने के फिराक में है। इसकी गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।

आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच का हुआ विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच (आजसू पार्टी का सहयोगी संगठन) की केंद्रीय समिति में लोहरदगा के एन कुजूर और जतरू मुंडा, रमेश विश्वकर्मा, महेश लोहरा को केंद्रीय सचिव मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार साहू और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, तारकेश्वर महतो, अरुण सिंह, रामलाल राम, दीपक उरांव, राम सुंदर महतो का मनोनयन किया गया है। इन सभी के मनोनयन पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने बधाई दी एवं कहा कि अभिभावकों के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश मिलने से और ऊजार्वान होकर हम लोग काम करेंगे और हमारा संगठन और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, परमेश्वर भगत, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी समेत बड़ी संख्या में आजसू समर्थक कार्यकर्ता मौजूद थे।

अतुलनीय है आदिवासियों की परंपरा-संस्कृति : वैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार प्रखंड के इचाक पंचायत के ग्राम दुगिला में पारंपरिक स्वशासन पाढ़ा व्यवस्था प्रखंड लातेहार धूम कुड़िया स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्कृति बचाओ धरोहर कार्यक्रम किया गया। स्थानीय विधायक बैजनाथ राम ने संबोधित करते हुए बताएं कि धूम गुड़िया स्थापना आदिवासियों के लिए संस्कृत धार्मिक सामाजिक कार्य है, जिसके माध्यम से आदिवासियों में संगठित रहना, भाईचारा बनाना , अपने आप में जागरण कर समाज को नई दिशा देना है।

हरी कृष्णा ने संबोधित कर बतायें कि आदिवासी परंपरा, आदिवासी कभी रोहतासगढ़ के राजा हुआ करते थे। विपरीत

परिस्थिति में अपने संस्कृति की रक्षा के लिए, आन बान शान के लिए आदिवासी जाने जाते हैं। आदिवासी हर समय दुश्मनों से लोहा लिया है। अपनी संस्कृति मान मयार्दा अपनी मातृ भूमि की रक्षा की है । बलिदान दिया है।

कार्यक्रम में सभी प्रकार के सामाजिक कार्यकर्ता पढ़ा दीवान, जिला पढा राजा, स्थानीय विधायक लातेहार बैजनाथ राम, मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्व सीतामणी तिर्की, ग्राम प्रधान प्रखंड पढा राजा शुकु उरांव, समाजसेवि नरेश उरांव, रिझू उरांव इचाक मुखिया शशि कुजूर, छात्र नेता रमेश उरांव, कमलेश उरांव , महेंद्र उरांव, अरुण उरांव अनेकों जनजाति समाज कार्यक्रम में शामिल हुए।

गर्मी का मौसम आते ही पेयजल का संकट गहराने लगा

बारियातू (आजाद सिपाही)। गर्मी के मौसम आते ही पुरे क्षेत्र मे पेयजल की संकट गहराने लगा है .प्रखंड के टोटी पंचायत अंतर्गत? बाजार टांड, का चापानल व इट-के ग्राम स्थित कब्रिस्तान के समीप लगे जलमिनार पिछले छ माह से खराब पडा. है . जिस कारण ग्रामीणों व बाजार मे दुरदराज से आने वाले लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है। ग्रामीण मो अख्तर, मो.परवेज, मो.साजिद सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इटके कब्रिस्तान के समिप मुखिया फंड से लगा जलमिनार पिछले छ माह से खराब पड़ा है। इसे मरम्मती हेतु कई बार स्थानीय मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य होजैफा, व पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह को बोला गया पर छ माह बीत जाने के बाद भी आज तक मरम्मत नही कराया गया। जलमिनार खराब हो जाने के कारण हम सभी आस पास के ग्रामीणों को पेयजल व अन्य कार्यो के लिये काफी परेशानी हो रही हैं।

शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड के ग्राम बंडा के गौहर मिरदाहा की पुत्री ताहरा खातून दो दिन पूर्व अपने गांव में बकरी चराने गई थी जहां उसकी हत्या कर दी गई थी। जानकारी मिलते ही रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ बंडा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर श्री भगत ने शोकाकुल परिवारों से घटना की सारी वस्तु स्थिति से अवगत हुए ।मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि यह घटना काफी शर्मसार करने वाली घटना है ।दोषीवार को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। श्री भगत ने मौके पर से ही पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से वार्ता कर इस घटना में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कहें। पुलिस अधीक्षक ने श्री भगत को बताया कि वह इस घटना का स्वयं अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर रहे हैं जल्द से जल्द कातिलों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ,भंडरा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल अभिषेक, विजय चौहान, रंजन उरांव, चंदर उरांव, मुबारक अंसारी, चरण उरांव , मुख्तार अंसारी, जमीर अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चुनाव को लेकर कोर कमेटी का गठन

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। 2024 लोकसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी तैयारियों में जुट चुकी है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी को जिताने और मजबूती से चुनाव लड़ने को लेकर लातेहार एवं मनिका विधानसभा स्तर पर 31 सदस्यीय नई कोर कमेटी का गठन किया गया है। इसका मकसद आगामी चुनावों का प्रभावी तरीके से सामना करना और पार्टी को मजबूत करना है। लातेहार विधानसभा कोर कमेटी में 16 सदस्य है जिसका संयोजक भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व पूर्व विधायक प्रकाश राम को बनाया गया है। वहीं मनिका विधानसभा कोर कमेटी में 15 सदस्य को शामिल किया गया है। जिसका संयोजक पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह को बनाया गया है ।

आम का मंजर लगने से किसानों के चेहरे खिले

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के किसान आम का मंजर देख चेहरे पर खुशियाँ है .इस वर्ष आम पेड़ पूरी तरह मंजर से ढके हुए हैं। जिसे सभी तरफ आम के पेड़ो पर मंजर ही मंजर नजर आ रही है। ऐसे तो बीच मे बिन मौसम बरसात होने से कुछ बहुत मंजर झड़ गया है। फिर भी मंजर के कारण पत्ते पूरी तरह ढक गया है। वही मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत आम बागवानी लगाने वाले किसानों को इस वर्ष बेहतर आम का पैदावार की उम्मीद है। आम की खेती से बिना पूंजी का किसान प्रत्येक वर्ष 50 हजार से लाख रुपया तक कमाई कर लेते हैं। किसानों को आम बेचने के लिए कही जाने की भी जरूरत नही होती है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा व चितरी डॉडू पंचायत में वर्ष 2010 – 2011 में मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 120 एकड़ भूमी पर 120 किसानों को आम बागवानी का लाभ दिया गया है। जिसमे किसानों को 1 डिसमिल में 1 पौधा के हिसाब से आम का पौधा लगवाया गया है। जो तैयार हो चुका है।

चतरा और राजमहल से प्रत्याशी उतारेगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की चतरा, पलामू और लातेहार जिला कमिटी संयुक्त बैठक रविवार 10 मार्च को चंदवा में मयूर इंटर नेशनल होटल में चतरा जिला के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हो गयी। सर्वसम्मती से चतरा लोकसभा से उम्मीदवार देने का प्रस्ताव पास, फैसले की रिपोर्ट तत्काल राज्य केंद्र को भेज दिया गया है। इस बैठक में बतौर पर्यवेक्षक माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सचिवमंडल सदस्य समीर दास, सुफल महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र लाल झंडा के संघर्षों और शहादत की धरती रही है। सीपीएम ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के सवालों, ज्वलंत स्थानीय मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रही है। इसलिए समय आ गया है कि इस पिछड़े इलाके चतरा की आवाज लोकसभा में गुंजे, इसलिए चतरा, लातेहार, पलामू जिला कमिटि ने संयुक्त बैठक कर चतरा से उम्मीदवार देने का प्रस्ताव पास किया है। आज देश में जिस प्रकार से फांसीवादी शासन चलाने की कोशिश भाजपानीत मोदी सरकार कर रही है। इंसान को इंसान का दुश्मन बनाया जा रहा है, ऐसे में देश की संप्रभुता, सद्भाव और संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए संसद में वामपंथ की संख्या बढ़ाना समय की जरूरत है। इसलिए चतरा लोकसभा का चुनाव माकपा मजबूती से लड़ेगी साथ ही राजमहल लोकसभा क्षेत्र में भी पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

बैठक मे राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, समीर दास, सुधांशु शेखर, सुफल महतो, लातेहार जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, चतरा जिला सचिव राजकुमार यादव, वरिष्ठ नेता अयुब खान, बैजनाथ ठाकुर, गणेश दास सहित अन्य शामिल थे।

खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ लातेहार जिला समिति की बैठक शनिवार को बालूमाथ प्रखंड के जोगियाडीह जतराटॉड में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू तथा संचालन जिला सचिव सत्यनारायण गंझु ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझु, केंद्रीय सदस्य रामधन गंझु, नारायण भोगता आदि उपस्थित थे।बैठक में मुख्य रूप से 28 मार्च को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अपनी राजनीतिक भागीदारी के लिए 2024 में चुनाव में चतरा लोकसभा से उम्मीदवार खड़ा करने का विचार विमर्श किया गया।

आयरन मैन प्रवीण तेवतिया का 13 को होगा स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती के अध्यक्षता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आगामी 13 मार्च को मार्कोस कमांडो और आयरन मैन का खिताब पा चुके प्रवीण तेवतिया की उपस्थिति में होनेवाला योग शिविर के विषय में आवश्यक बैठक कर विचार विमर्श किया गया। जिसमें युवाओं को एवं आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। योग आयुर्वेद के साथ साथ राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर जीवन जीने की आवश्यकता पर बल देते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें प्रवीण तेवतिया जैसे व्यक्तित्व से सीख लेने की आवश्यकता है। शिवशंकर सिंह ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में योगबल, मनोबल, आत्मबल से मजबूत होना जरूरी है। बैठक में शिवराज विजय, दिनेश प्रजापति, किरण देवी, विनय कुमार, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी दिलावर ने सभी बूथों का किया निरीक्षण

बारियातू (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने रविवार को प्रखंड मुख्यालय के अलावा बारिखाप,साल्वे, इटके, टोंटी हेसला, शिबला, अमरवाडीह सहित सभी बुथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों में मौजूद सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान के दौरान किसी तरह की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी बूथ में पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली आदि की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण व पुलिस के जवान मौजूद थे।

सड़क मरम्मत कार्य में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगीः रामचंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। सड़क निर्माण कार्य मे कोई कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी, अगर किसी तरह की शिकायत मिली तो संवेदक पर कार्यवाई की जायेगी। उक्त बाते क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ो रुपये की लागत से चार सड़क मरम्मती कार्य की भूमि पूजन के दौरान कही।

विधायक श्री सिंह ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र मे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ो की लागत से सड़क मरम्मती कार्य का भूमि पूजन हुआ और सड़क मरम्मत कार्य भी संवेदक के द्वारा जल्द ही शुरू की जाएगी। ग्रामीणों की जिम्मेवारी है कि सड़क मरम्मती कार्य मे नजर बनाए रखेंगे ताकि सड़क मे कोई गडबड़ी नही हो। उन्होंने कहा कि प्रखंड मे करीब सभी सड़के जर्जर हो गई है जो चलना मुश्किल हो गया परेशानियों को देखते हुए प्रखंड मे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से चार सड़को की मरम्मती कार्य का भूमि पूजन किया गया। जिसमे बरवाडीह आयुर्वैदिक के पास शिव कुमार जयसवाल के घर से संत कलारेट स्कूल होते हुए लुहूर तक, आरयू रोड बहेरा टॉड से मुरु स्कूल होते हुए बेतला फोरेस्ट तक, छिपादोहार के बरीदोहार सड़क, और पोखरी से कुशहा बथान तक सड़क कार्य की मरम्मती होनी है। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अनील सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया पूनम देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, तेतर यादव, राजद महासचिव अजय चंद्रवंशी, शिवंद तिवारी, समसुल अंसारी, सलिम अंसारी, एनमूल अंसारी, एस प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष रविंद्र राम, राजदीप समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

युवा मेहनत और लगन से खेलेंगे तो मिलेगी कामयाबी : नेसार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखंड के ग्राम कुज्जी में कुज्जी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित कैनवस क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन हुआ टूनार्मेंट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद एवं विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस महासचिव सलीम अंसारी बड़े के द्वारा सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। इस टूनार्मेंने में कुल 16 टीमें भाग ली थी । जिसमे फाइनल मुकाबला बारीक इलेवन केशा व इलेवन स्टार कुरसे के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल मुकाबले में बारीक इलेवन केशा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए इलेवन स्टार कुरसे को 8 ओवर 3 विकेट खो कर 152 रन का टारगेट दिया । कुर्से के टीम टारगेट का पीछा करते हुवे 8 ओवर 4 विकेट खो कर सिर्फ 82 रन पर सिमट गयी, और बारीक इलेवन केशा फाइनल मुकाबले को 70 रन से जीत लिया और कुज्जी प्रीमियर लीग 2024 का दुबारा चैंपियन बनी । इस टूनार्मेंट में मैन ऑफ द सीरीज विनर प्राइज (साइकिल) विकास को मिला तथा टूनार्मेनेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले प्लेयर फिरदौस को कूलर देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट विश्व भर में खेला जाने वाला काफी लोकप्रिय खेल है और हमारे देश भारत में काफी सराहा जाता है। यहां के लोग क्रिकेटरों को अपना आदर्श मानते हैं और अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुनून के साथ खेला जाता है और इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होता है। युवा मेहनत लगन एवं तकनीक के साथ खेलेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। युवा खेल से अपना करियर बना सकते हैं सरकार द्वारा निर्धारित खेल नीति का लाभ यहां के युवाओं को अवश्य लेनी चाहिए।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सलीम अंसारी बड़े, हातिम अंसारी देवनाथ उरांव गोस्सनर लकड़ा, हातिम अंसारी गुलाम जिलानी तारिक अनवर मुसीब अंसारी, राजेंद्र गोप एवं कई गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

महीनों बाद पेयजल की समस्या हुई दूर

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र की पोखरी कला पंचायत अंतर्गत गैस एजेंसी रोड के वार्ड नंबर 3 में विगत कई महीनो से जालमीनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा था। बीते एक सप्ताह पूर्व प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा पंचायत क्षेत्र के दौरे के क्रम में रहने के दौरान ग्रामीणों के द्वारा मामले की शिकायत की गयी थी जिस पर जिला परिषद सदस्य तत्काल संज्ञान लेते हुए खराब जलमीनार को जल्द से जल्द दोस्त करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह को दिया। प्रखंड समंवयक के द्वारा जलमीनार की जांच करवाते हुए जलमीनार के मशीन को दुरुस्त करवा कर ग्रामीणों की पेयजल की समस्या को दूर करने का काम किया गया।

पत्थर खदान के विरुद्ध ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित

डिम्पल राजा

मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)। दुंदु पंचायत में अवैध पत्थर खनन के विरुद्ध 8 मार्च को ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित किया। जल्द ही इस प्रस्ताव से जिले के उच्च अधिकारियों को कानून सम्वत कार्रवाई हेतु समर्पित करने के लिए 15 सदस्यीय समिति गठित की गयी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राजस्व ग्राम दुंदु के टोला रहरबार और खैराही में मनिका निवासी अशोक प्रसाद द्वारा अवैध ढंग से पत्थर खनन करवाया जा रहा था जो विगत 3 वर्षों से बंद पड़ा है। अब फिर उसे चालू करने की फिराक में हैं। उनके द्वारा अनधिकृत रूप से गांव के प्लॉट को सीमेंटेड पिलर से घेरने कार्य किया जा रहा है, जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि माईंस के चालू होने से 2 आदिवसी परिवारों को घर से बेघर होना पड़ेगा। माईंस से सटा हुआ सूकरी नदी है। जो करमाही टोला, रहरबार, खैराही, जामुन टोला, झाराखाड़, चौकिया 400 परिवारों, पशुओं और खेती के लिए जीवन रेखा है।

पर्यावरणीय अनुमति के मापदंडों के विपरीत है खनन स्थल : मईनर मिनरल्स की अनुमति हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुसार परिशिष्ट 1 में वर्णित है कि 500 मीटर के दायरे में कोई मानव बसाहट और कोई जलीय निकाय यथा, चेकडेम, तालाब या नदी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यहां दोनों ही मापदंडों को दरकिनार किया गया है। यहां खनन क्षेत्र के नक्से के अंदर ही एक आदिवासी और 1 दलित परिवार सहित पाँच सौ मीटर के दायरे में सैकड़ों घर अवस्थित हैं। राज्य सरकार की आधिकारिक वेबसाईट में मनिका निवासी लीजधारक अशोक प्रसाद का कोई भी विवरण उपलब्ध नहीं है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि जहाँ ग्रामीण खनन कार्य को पूर्णतः रोक लगाने में सड़कों की लड़ाई लड़ेंगे, वहीं जरूरत पड़ी तो लीजधारक सहित बिचौलियों ऊपर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

पोखरीकला की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के बेतला के डॉ अब्दुल कलाम खेल मैदान में सामाजिक विकास संगठन के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को आयोजित किया गया जहाँ फाइनल मुकाबला के उद्घाटन विधायक रामचन्द्र सिंह , जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर , बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत अन्य अतिथि के द्वारा किया गया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला पोखरी कला और बेतला के बीच खेला गया जहां रोमांचक मुकाबले में पोखरी कला की टीम ने बेतला को पांच विकेट से हराकर किताब पर कब्जा जमा। फाइनल मुकाबला संपन्न होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा जिला पार्षद संतोषी शेखर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया मंजू देवी, भाजपा नेत्री रुपाली सिंह, सामाजिक कार्यकता मनान अंसारी समेत कई लोग शामिल हुए जहां अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से विजेता और विजेता टीम के के साथ मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने का काम किया। वही मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य संतोषी ने कहा कि खेल को और बेहतर बनाने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में अपना करियर बनाकर अपने साथ-साथ अपने क्षेत्र का नाम राज्य और राष्ट्र स्तर पर रोशन करें।

मतदाताओं के नाम का मिलान के लिये बीएलओ कर रहे हैं सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग मतदाता सूची दुरुस्त करा रहा है। आई एम वेरिफाइड वोटर के तहत लगातार बीएलओ द्वारा मतदाता सूची लेकर डोर-टू-डोर भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान मतदाता सूची में पात्रों का नाम जोड़ने के लिए जांच की गई। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के तहत कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहें है।आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बूथों पर तैयारी की जा रहा है। बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की सूचना के साथ मतदाता सूची की त्रुटियों को भी ठीक किया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले के विभिन्न बूथों पर तैनात बीएलओ ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डोर-टू-डोर भ्रमण किया। बीएलओ ने सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता सूची को पढ़ कर सुनाया।

नगर परिषद क्षेत्र के बीएलओ ने मार्केट क्षेत्रों में स्थित सभी दुकानों का भी भ्रमण कर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम का मिलाव किया एवं नागरिकों को मतदान देने एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार उपायुक्त के निर्देश के आलोक में लोक सभा चुनाव कराने की तैयारी हर स्तर से पूरी की जा रही है।

गुमला में भाजपा महिला मोर्चा ने बनायी चुनावी जीत की रणनीति

भाजपा ने जिला महिला मोर्चा की बैठक में मोदी को पीएम बनाने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक स्थानीय चुनाव कार्यालय में अयोजित हुई। महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण बाड़ा ने बैठक की अध्यक्षता की। चुनावी रणनीति तैयार की गई कि मतदाताओं को बुथ तक कैसे पहुंचाया जाए। बैठक को संबोधित करते महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाड़ा ने कहा भाजपा की सरकार में महिलाओं को जितना सम्मान-अधिकार मिला है,वो आज तक किसी सरकार ने प्रयास भी नहीं किया। नारी शक्ति अब जागरूक हो गई है। पीएम मोदी पे भरोसा किया है। सामान्य वर्ग से लेकर अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाएं जाति-धर्म से ऊपर उठकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं। नारी को देवी शक्ति के रूप में प्रयोजित किया जा रहा है। तुष्टीकरण भेदभाव की राजनीति भाजपा शासन में बंद हो गई है। सबका साथ-सबका विकास में महिलाओं को हरेक जगह बराबरी की हिस्सेदारी मिली है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पूरे जोश आत्मविश्वास से बूथ तक जाएंगे मोदी के लिय वोट मांगेंग। इस बीच भाजपा मोदी से प्रभावित होकर 10 महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की। जिनमें जैनु खातुन, मधु देवी, प्रियंका देवी, मार्था एक्का, सीमा सोरेन, हेम गुप्ता, प्रतिमा देवी, रेखा देवी, प्रभा देवी,जयंती देवी हैं, जिनका भाजपा में सबों के द्वारा अभिनन्दन किया गया। बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहू भी उपस्थित रहे। जिन्होंने नारी शक्ति का वंदन किया,कहा मोदी सरकार ने महिलाओं के हित मे कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर सबल बनाया है।

बैठक में महिला मोर्चा महामंत्री पायल तिवारी, सोनामनी उरांव, रेखा देवी, अनिता देवी, ज्योति कुमारी, गुड्डी नंदा, सावित्री देवी, अमरमनी उरांव, पूनम कुमारी, सुकांति देवी, हीरामुनी देवी, आश्रिता देवी, लक्ष्मी साहू, रुक्मिणी देवी, अलका देवी, खुशबू देवी, प्रतिमा देवी, बबीता देवी, अनुपमा देवी, शीला देवी, इला देवी, मनीता देवी कान्द्रता देवी, अधीना देवी, चैती देवी, सुनीता उरांव, निर्मला उरांव, सूरजमणि उरांव ,सुचिता देवी, कस्तूरी देवी, बसंती देवी, शांति उरांव और अन्य महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बॉबी भगत के ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

गुमला (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यसमिति में डॉ प्रदीप बालमुचू एवं गीताश्री उरांव को मनोनित किया गया है। जिसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में हर्ष है। वहीं जॉइंट कोऑर्डिनेटर के रूप में बॉबी भगत को मनोनित किए जाने पर गुमला के कांग्रेसियों में उत्साह का संचार हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश कुमार ने कहा कि बॉबी भगत को जॉइंट कोऑर्डिनेटर बना कर पार्टी ने गुमला कांग्रेस को सम्मान दिया है। साथ ही उन्होने मनोनित पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने झारखंड कांग्रेस का मान सम्मान बढ़ाया है। उसके लिए वे अध्यक्ष का आभारी है। बॉबी भगत अपने नए दायित्वों का निर्वाहन कर पार्टी को सशक्त व मजबूत बनाएं। बधाई देने वालों में प्रदेश सचिव रमेश चीनी, पीसीसी डेलिकेट राजनील तिग्गा, दीप नारायण उरांव, अरुण कुमार, हेमावती देवी, कलावती देवी, हिमेश कुमार आदि है।

मानवसेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते हैं भगवान : एनोस एक्का

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। शिवरात्रि के मौके पर पाकरटांड़, बसतपुर गांव में सांस्कृतिक नागपुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर एनोस एक्का ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रेमभाव से रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान हमें मानव सेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते है। हमें भगवान के संदेश को अपनाते हुए आपसी सौहर्द से रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। एनोस एक्का ने आने वाले समय में सभी के सहयोग के दम पर क्षेत्र का विकास करने की बात कही। कार्यक्रम को समिति के संरक्षक ईश्वर साहु ने भी संबोधित किया। इसके बाद नारायण साहु के द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर नागपुरी कलाकारो ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर रात भर लोगो को झुमाया। कार्यक्रम के आयोजन में विश्वनाथ मेहर, मनिन्द्र बिझिंया सहित समिति के सभी लोगो का योगदान रहा।

शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रखता है खेलकूद : किरण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। संत इग्नेशियस स्कूल के खेल मैदान में रविवार को सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा किशोरों के बीच एक दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया कटूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सी 3 ईंडिया के द्वारा यह आयोजन बहुत ही विशेष है क्योंकि इसमें 10-19 साल के किशोरों के लिए मैच का आयोजन किया गया है। खेल कूद में जुड़े रहने से किशोर स्वस्थ भी रहेंगे एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक योगदान करेगें और आगे जाकर राज्य स्तरीय खिलाड़ी बनेंगे। ज्ञातव्य हो कि सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज किशोरों के बेहतर शारीरिक एवम मानसिक, सामाजिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास हेतु कार्य कर रही है। सी 3 इंडिया के कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि संस्था के द्वारा 6 प्रखंडों के हर पंचायत में किशोरों को फुटबॉल का अभ्यास अनुभवी कोच के द्वारा कराया जा रहा है। किशोरों को जागरूक करने का उद्देश्य यह है कि समाज में पहले से चली आ रही रूढ़िवादी सोच को समाप्त करने में किशोर अपनी भूमिका निभा सकें।

इस टूनार्मेंट में गुमला जिला से 4 प्रखंड डुमरी, बसिया, पालकोट, भरनो एवं लोहरदगा जिला से 2 प्रखंड किस्को एवं कुडू से कुल 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बसिया और भरनो प्रखंड की टीमों के बीच खेला गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम ऑफिसर दीपक कुमार एवम प्रकाश सारंगी ने किया।

इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट थाना प्रभारी, महिला थाना के प्रभारी सी 3 की प्रखंडस्तरीय टीम उपस्थित थी।

आज महिलाएं हर क्षेत्र में निभा रही हैं अग्रणी भूमिका : बसंती डुंगडुंग

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड के केमताटोली स्थित डोमिनिकल सिस्टर्स भवन परिसर में संकल्प आदिवासी विकास की पहल पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कहा कि नारी के अनेक रूप होते है नारी एक माँ बहन बेटी बहु के रूप के साथ ही साथ पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है।आज हम महिलाएं घर के कामकाज से लेकर खेत खलिहान तक, ऑफिस से लेकर चद्रमा तक पहुंचने तक का कार्य कर रहे है। हम आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे है और देश के नाम रोशन के रहे है। लेकिन आज में समाज मे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न समेत अनेक कुरीतियां व्याप्त है जिसे दूर करने की आवश्यकता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग समेत सभी अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सिस्टर प्रेमा, मुखिया गुलशन टेटे, मुखिया सुरेंद्र तिर्की समेत अनेक लोगो द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के उद्देश्य, उनके कार्य करने के तरीके, महिलाओं के हक अधिकार समेत अनेक विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपना विचार रखा गया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सिस्टर प्रेमा, विनीता, सिस्टर जयंती, कोलोस्टिका किंडो, सिसका केर-केट्टा समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

शिवालय मंदिर में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला प्रखंड स्थित बेलगांव के शिवालय मंदिर में शनिवार को 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम का समापन रविवार को हवन के साथ किया गया। अखंड हरी कीर्तन में बेलगांव व आसपास के सैकड़ो ग्रामीण भाग लिए। जहां हरे राम हरे कृष्णा का जाप करते हुए 24 घंटे अखंड हरी कीर्तन किया गया। अखंड हरि कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस मौके पर भाजपा नेता मिसिर कुजूर, कंचन सिंह, बालेश्वर सिंह भी सम्मिलित होकर पूजा पाठ व अखंड हरी कीर्तन में भाग लिए। कार्यक्रम में गंदूर उरांव, दिनेश सिंह, महेश चौधरी, रूधन खेरवार, महेश्वर सिंह, मुकेश गोप, सूरज खेरवार, अजीत सिंह, सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए।

बंगाली मजदूर कर रहे स्थानीय मजदूर की हकमारी : रोशन बरवा

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। पर्यटक स्थल बाघमुण्डा में रविवार को झांरखण्ड मजदूर यूनियन रांची के तत्ववधान में बसिया कामडारा एवम पालकोट प्रखंड के राजमिस्त्री एवम मजदूरों का सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राजमिस्त्री एवम मजदूरों का हक की लड़ाई है। आज मुझे भीड़ देख कर खुशी हो रही है कि अब लोग जागरूक हो रहे है। अपने अधिकार एवम हक के लिए एक जुट है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जितनी भी योजना चल रही है चाहे वह सरकारी हो या प्राइवेट सेक्टर सभी मे बांग्लादेशी मिस्त्री एवम मजदूर यहाँ के स्थानीय मजदूरों का हक मार रहे है। आज किसी भी योजना में सरकारी दर पर मजदूरी का भुगतान नही हो रहा है। उन्होंने सभी राजमिस्त्री कम मजदूरों से कहा कि हमे संगठन से जुड़कर का कारण है।तभी हम अपने हक एवम अधिकार की प्राप्त कर सकते है। साथ ही संगठन अपने हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि मजदूरों के खिलाफ हो रहे शोषण को हम किसी भी कीमत में बर्दाश्त नही करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मजदूरों का मजदूरी 394 रुपए तय किया गया है।जबकि ठेकेदार द्वारा ढाई सौ से तीन सौ मजदूरी भुगतान कर रहे जो मजदूरों का हक और अधिकार को मार रहे है। यह संगठन गरीबो का है। मजदूरों के हक के लिए है संघर्ष करना हैं। मौके पर जिला प्रभारी मकसूद खान, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुजूर, अध्यक्ष सुजीत मिंज, बिकास साहु सहित सेकड़ो राजमिस्त्री और मजदूर उपस्थित थे।

दो युवती को बाइक चालक ने मारी टक्कर

गुमला (आजाद सिपाही)। टोटो पेट्रोल पंप के समीप पैदल चल रहे दो युवती को बाइक चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां उपचार के उपरांत गंभीर रूप से घायल नवाडीह दसई टोली निवासी 20 वर्षीय कविता कुमारी को डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया।वहीं नवा डीह दसई टोली निवासी 24 वर्षीय सूरज मुनि कुमारी का सदर अस्पताल मे इलाज चल रहा है। जबकि बाइक चालक डीएसपी रोड निवासी संतोष कुमार को इलाज के बाद डॉक्टर ने छुट्टी कर दिया। उसके सिर में चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवती टोटो पेट्रोल पंप में काम करती है।

सड़क पर पत्थर रखे होने से बाइक से गिरकर तीन युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला रांची राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नागफेनी व लावा गई के बीच सड़क पर पत्थर रख होने के कारण बाइक सवार तीन युवक लावागई सिसई निवासी 26 वर्षीय मंगलेश्वर उरांव,18 वर्षीय आलोक कुजूर और 18 वर्षीय राहुल उरांव अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जहां तीनों का इलाज चल रहा है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक युवक ने बताया हम लोग तीनों एक ही बाइक से लावा गई से गुमला मौसी के घर दाऊद नगर आ रहे थे। तभी नागफेनी व लावा गई के बीच आरकेडी कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाई जा रही सड़क में डायवर्सन दिया गया है। जहां एक और सड़क बंद है और दूसरी ओर सड़क के बीच में एक बड़ा पत्थर रखा हुआ है। कई लोग सड़क पर चल रहे हैं लेकिन किसी ने पत्थर को किनारे नहीं किया। सामने से एक हाईवा की लाइट से पत्थर दिखाई नहीं दिया और बाइक पत्थर से टकरा गया। जिससे गिरकर हम लोग घायल हो गए। इसमें सड़क निर्माण कार्य करा रहे कंपनी की भी गलती है। ऐसे में दुर्घटना होकर किसी की जान भी जा सकती है। बता दे की आरकेडी कंस्ट्रक्शन द्वारा धीमी गति व लापरवाही से सड़क निर्माण कार्य के कारण कई लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं वही कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।

हत्या के मामले में नाबालिग को भेजा गया सुधारगृह

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तेन्दार गांव में 12 वर्षीय अंकित उरांव की हत्या मामले को लेकर उसी गांव के एक 12 वर्ष से किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल सुधारगृह भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व थाना प्रभारी तरुण कुमार ने सामूहिक रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार किशोर के द्वारा बताया गया कि अंकित लगातार इलाके में चोरी करने का काम करता था। गांव में जब भी उसकी चोरी पकड़ी जाती थी और पंचायती होता था तब वह उसका नाम लेकर उसे फंसा दिया करता था। जिससे किशोर काफी आक्रोशित में था और एक दिन दोनों ही लोग घूम रहे थे इसके बाद शाम हो गया। इसी दौरान वह दोनों किशोर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेंदार में जाकर बैठकर आराम कर रहे थे, तो अचानक ही गिरफ्तार आरोपित किशोर ने बगल में रखे डंडे से उसके सर पर चार बार प्रहार कर दिया। जिससे अंकित की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा हुआ छुपाए गए कपड़े को भी बरामद कर लिया है।

प्रांतीय प्रधानाचार्य सह समिति का बैठक आयोजित

घाघरा (आजाद सिपाही)। श्रीहरी वनवासी विकास समिति द्वारा नवडीहा सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय प्रधानाचार्य सह समिति की बैठक का शुभारंभ रविवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात अखिल भारतीय शिक्षा प्रमुख पी बी राधाकृष्णन, श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड के संरक्षक कृपा प्रसाद सिंह, समिति के सह मंत्री राजेश अग्रवाल, क्षेत्रीय शिक्षा प्रमुख वीरेंद्र शर्मा सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, भारत माता, मां सरना, ॐ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के बाद श्रीहरि बनवासी विकास समिति के वार्षिक पत्रिका ज्योत्सना के 15वे अंक का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर अखिल भारतीय शिक्षा प्रमुख पी बी राधाकृष्णन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रकल्प चलाने के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का काम किया जाता है। जिसके लिए तमाम प्रधानाचार्य को प्रशिक्षण में उन हर बातों की जानकारी दी जाएगी। मौके पर प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, श्याम बिहारी शुक्ला, अखिलेश्वर साहू, जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह, जगमोहन बड़ाइक, हीरालाल महतो सहित झारखंड प्रांत में संचालित सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रत्येक विद्यालय के सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

कांग्रेस के लिए चैलेंजिंग क्षेत्र है लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र

आफताब अंजुम

गुमला (आजाद सिपाही)। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने अपने उम्मीदवार समीर उरांव के नाम की घोषणा कर दी है। समीर उरांव भी भाजपा के कुनबे को जोड़ कर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारियां जोरों से कर रहे हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन की ओर से अभी तक उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं होने से भाजपा खेमे में भी काफी बैचैनी है। हद तो ये है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों की सीट शेयरिंग की विधिवत घोषणा तक नहीं की गई है। जिसके कारण अभी तक इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भी कोई समीकरण नहीं बना पा रहे हैं। लोहरदगा लोकसभा चुनाव में किस किस राष्ट्रीय या क्षेत्रीय पार्टियों के उम्मीदवार चुनावी मैदान में होंगे अभी से यह कहना मुश्किल है। लेकिन रविवार को खूंटी में आयोजित झारखंड पार्टी (एनोस) का तीन लोक सभा क्षेत्रों के सम्मेलन से यह तय हो गया है कि क्षेत्रिय पार्टियों में मजबूत हैसियत रखने वाली पार्टी झारखंड पार्टी (एनोस) लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडेगी। अब यह कहना फिलहाल मुश्किल है कि इस पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा? अंदर खाने से छन कर जो खबर आ रही है कि झापा एनोस का प्रत्याशी कोई कद्दावर चेहरा होगा। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र सीट शेयरिंग में कांग्रेस को चला जाता है तो झामुमो के कई चर्चित चेहरे झामुमो छोड़ कर झापा का

दामन थाम सकते हैं। और इन्हीं चंद चर्चित चेहरे में से एक बड़ा चेहरा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से झापा का उम्मीदवार हो सकता है। ऐसे दौर में कांग्रेस उम्मीदवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि यह जग जाहिर है कि इंडिया गठबंधन का असर क्षेत्र के आम मतदाताओं के अंदर देखने को तो जरूर मिलता है। लेकिन अभी तक जो देखा गया है कि चुनावों में चाहे वह लोकसभा हो या विधान सभा, पिछले कई बार से गठबंधन बना कर इस क्षेत्र में कांग्रेस या झामुमो के उम्मीदवारों को टिकट मिलती है। और जिस चुनाव में झामुमो को टिकट मिलती है उस चुनाव में कांग्रेस के कार्यकर्ता लगभग निष्क्रिय भूमिका में नजर आते हैं और जिस चुनाव में कांग्रेस को टिकट जाता है उस चुनाव में झामुमो कार्यकर्ता चुनावी गतिविधि से गायब नजर आते हैं। अगर कांग्रेस पार्टी को लोहारदगा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतना है तो इन बिंदुओं पर पहले गौर करना होगा। पहला ये कि क्या कांग्रेस अपने कुन्बे को समेट कर अपने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर, पूरी तैयारी से चुनावी मैदान में उतर सकती है? और अपने उम्मीदवार को भीतरघात से बचा सकती है? दूसरा यह कि क्या कांग्रेस के पास ऐसा कोई बेदाग चेहरा है जो अपनी अलग सामाजिक हैसियत रखता हो? तीसरी यह कि क्या सीट शेयरिंग में यह क्षेत्र कांग्रेस को मिलने के बाद नाराज झामुमो कार्यकताओं को पार्टी से भागने से रोका जा सकता है? अगर ये लीकेज बंद नही हुए तो कांग्रेस को चौतरफा मार झेलनी पड़ सकती है। पिछले लोकसभा चुनाव में झापा ने कांग्रेस के कैडर क्षेत्रों से इतने वोट हासिल किए थे कि अगर झापा प्रत्याशी के प्राप्त मतों का मात्र 20 प्रतिशत अगर कांग्रेस की झोली में चला जाता तो तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत चुनाव हार जाते।

ममरला भिखारिएट काथलिक महिला संघ की बैठक आयोजित

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के ममरला भिखारियेट काथलीक महिला संघ की बैठक आयोजित हुआ जिसे कांग्रेस प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने अपने संबोधन में कहा की आज आदिवासी समाज की एकता, भाषा संस्कृति और सभ्यता आजीविका और नौकरी,आरक्षण व अन्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अन्य लोग साजिश के तहत हमारी एकता को सरना ओर ईसाई के नाम पर विखंडित कर के तोड़ने का प्रयास किया कर रहे है। हमारा समाज नशा पान से भरा पड़ा है युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में हैं जिसके कारण से अपनी अधिकारों को पहचानने व समझने में कठिनाई महसूस हो रहा है।

घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि

योजनाओं को शुरू करके महिलाओं को सशक्त बनायें, ताकि महिलाएं विभिन्न विषयों में अपनी जगह बनाने में सक्षम हो सकें, जिसके लिए केंद्र सरकार उनकी बेहतरी के लिए रास्ते बना कर हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन प्राथमिकता अच्छी शिक्षा प्रदान करने पर होनी चाहिए। किसी भी चीज से पहले घर, बाहर और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाना चाहिए। जब तक लड़कियां/ महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी, तब तक वे कुछ नहीं कर पायेंगी। आजकल हर दूसरे दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। दुख की बात है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, हरियाणा की आपकी बेटी, हमारी बेटी योजना, सभी कागजों में हैं। लड़कियों के खिलाफ क्रूरता की खून जमा देने वाली घटनाएं रोजाना सामने आती हैं और हर मामला दूसरे से कम भयानक नहीं होता। जहां तक लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी का सवाल है, उनका प्रतिनिधित्व बेहद कम है। वर्तमान में प्रतिनिधित्व नाममात्र का है। संसद ने हाल ही में विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का बिल पारित किया है, जिसे सभी ने स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा महिलाएं समुदाय की जरूरतों को बेहतर ढंग से जानती हैं और कोई भी समाज जो महिलाओं को बाहर कर देता है, वह आधी से ज्यादा प्रतिभा, क्षमता और उसके पास मौजूद संसाधनों को बाहर कर देता है। लेकिन महिलाओं द्वारा आगे बढ़ाये गये हर कदम को पुरुष उन्हें आधा कदम पीछे धकेलने में कामयाब हो जाते हैं। शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने और बढ़ावा देने के लिए अभी भी काफी काम करने की जरूरत है। इन सबके बावजूद घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है और महिलाओं के खिलाफ अपराध में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो कि एक बड़ी समस्या प्रतीत होती है। घरेलू हिंसा एक ऐसा विषय है, जिसे बहुत कम लोग स्वीकार करना या इसके बारे में बोलना पसंद करते हैं। हमारे घरों में पितृसत्ता व्याप्त है और महिलाओं को घर में क्रूरता, दुर्व्यवहार और अधीनता का सामना करना पड़ता है। हमें एक समतामूलक समाज बनाने की जरूरत है। पुरुषों और महिलाओं दोनों को नारीवादी होने की जरूरत है, क्योंकि नारीवादी वह व्यक्ति है, जो पुरुषों और महिलाओं की समानता में विश्वास करता है। अपनी ही महिलाओं को कमजोर और अक्षम बताना दुखद है। कोई राष्ट्र अपनी जनसंख्या के लगभग आधे अनुपात को अपने अधीन करके कैसे प्रगति कर सकता है?

घरेलू हिंसा एक ऐसा विषय है, जिसे बहुत कम लोग स्वीकार करना या इसके बारे में बोलना पसंद करते हैं। हमारे घरों में पितृसत्ता व्याप्त है और महिलाओं को घर में क्रूरता, दुर्व्यवहार और अधीनता का सामना करना पड़ता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत की बढ़ती आबादी को खिलाना भविष्य में एक बड़ी चुनौती बनी रह सकती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां भूमि, जल और वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। भारत जहां ऐसी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कृषि क्षेत्र तकनीकी प्रगति से प्रेरित एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुजर रहा है। दूसरी चुनौती किसानों की आय बढ़ाने की है और इसके लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसमें खेती में क्रांति लाने, इसे अधिक कुशल, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की क्षमता है।

स्वयं सहायता समूह की सदस्य-नमो ड्रोन दीदियां भारत में कृषि नवाचार की पथ प्रदर्शक

चरणजीत सिंह और गजानन रौता

भारत ने अपनी खाद्य प्रणाली को 1960 के दशक के मध्य में अत्यधिक कमी वाली प्रणाली से बदल कर अब आत्मनिर्भर और अधिशेष वाली प्रणाली में बदल दिया है। भारत की बढ़ती आबादी को खिलाना भविष्य में एक बड़ी चुनौती बनी रह सकती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां भूमि, जल और वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। भारत जहां ऐसी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कृषि क्षेत्र तकनीकी प्रगति से प्रेरित एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुजर रहा है।

दूसरी चुनौती किसानों की आय बढ़ाने की है और इसके लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसमें खेती में क्रांति लाने, इसे अधिक कुशल, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की क्षमता है। खेती में लागत कम करने वाली और उत्पादकता बढाने वाली कृषि मशीनीकरण से एआइ-संचालित फसल निगरानी तक, डेटा-संचालित निर्णय लेना और फसल सलाहकार सेवाएं, खेती की दक्षता और उसकी स्थिरता को बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। वास्तव में, भारत का कृषि उद्योग एक बड़े तकनीकी परिवर्तन के शिखर पर है।

भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

ड्रोन प्रौद्योगिकी : भारतीय कृषि में बदलाव की संभावनाएं: भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, भारत सरकार कृषि में ड्रोन के उपयोग को विशेष रूप से फसल मूल्यांकन, भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और कीटनाशकों तथा पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। इसके लिए इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार ने निम्नलिखित प्रमुख कदम उठाये हैं:-

उदार ड्रोन नियम, 2021: ड्रोन के उपयोग के लिए नियमों को आसान बनाते हुए इन नियमों को 25 अगस्त, 2021 को अधिसूचित किया गया था। ड्रोन उद्योग में स्वदेशी विनिर्माण और विकास को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना। कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन के दिशानिर्देश में संशोधन। कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थानों, आइसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को कृषि ड्रोन की लागत का 100 प्रतिशत या 10 लाख रुपये, जो भी कम हो, का अनुदान प्रदान किया जाता है।

कस्टम हायरिंग सेंटर और हाई-टेक हबः मौजूदा कस्टम हायरिंग सेंटर ड्रोन खरीदने के लिए ड्रोन की मूल लागत का 40 प्रतिशत (4 लाख रुपये तक) की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। किसानों की सहकारी समितियों, एफपीओ और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा स्थापित नए कस्टम हायरिंग सेंटर अपनी मशीनरी परियोजनाओं के हिस्से के रूप में ड्रोन को शामिल कर सकते हैं।

ड्रोन आयात नीति 9 फरवरी 2022 कंप्लीटली-बिल्ट-अप, सेमी-नॉक्ड-डाउन, या कंप्लीटली-नॉक्ड-डाउन रूप में ड्रोन के आयात पर रोक लगाती है, जबकि पूरी तरह से असेंबल किये गये ड्रोन का आयात प्रतिबंधित है, ड्रोन घटकों के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। ड्रोन शक्ति पहल की घोषणा बजट 2022 के दौरान की गयी थी। इसका उद्देश्य भारत में स्टार्ट-अप के माध्यम से ड्रोन को एक सेवा के रूप में बढ़ावा देना है।

ड्रोन (संशोधन) नियम, 2022: 11 फरवरी, 2022 को ड्रोन पायलट लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया।

नमो ड्रोन दीदी योजना : प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था, हम स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और ड्रोन की मरम्मत करने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। सरकार हजारों महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करेगी। तदनुसार, महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए एक नयी केंद्रीय योजना 'नमो ड्रोन दीदी' की परिकल्पना की गयी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी।

योजना के उद्देश्य: खेतों की बेहतर दक्षता, बढ़ी हुई फसल उपज और संचालन की कम लागत के लिए कृषि क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना डे-एनआरएलएम के तहत प्रचारित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन सेवा प्रदाताओं के रूप में सशक्त बनाना, क्योंकि वे सामूहिक कामकाज के लिए प्रभावी जमीनी स्तर के संस्थान के रूप में उभरे हैं। डे-एनआरएलएम के तहत प्रचारित महिला स्वयं सहायता समूहों को उनकी आय बढ़ाने के लिए व्यवसाय के अवसर प्रदान करना। ग्रामीण रोजगार और वित्तीय समावेशन के अवसरों को बढ़ाना। नैनो-उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और कीटनाशकों तथा उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित करना।

योजना की मुख्य विशेषताएं: महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन का प्रावधानः चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) में 15,000 ड्रोन प्रदान किये जायेंगे।

बडी उर्वरक कंपनियों के साथ सहयोग: वर्ष 2023-24 में बडी उर्वरक कंपनियों द्वारा अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए 500 ड्रोन उपलब्ध कराये जायेंगे। वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 14,500 ड्रोन वितरित किये जायेंगे।

पैकेज वितरण: महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन एक व्यापक पैकेज के रूप में प्रदान किया जायेगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा कि महिला स्वयं सहायता समूहों के पास सभी आवश्यक सामान और सहायक उपकरण हों।

वित्तीय पैटर्न: केंद्रीय वित्तीय सहायता: केंद्रीय वित्तीय सहायता के तहत ड्रोन और संबंधित सहायक उपकरण या सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम 8 लाख रुपये तक प्रदान किया जायेगा।

महिला स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा ऋण व्यवस्था: महिला स्वयं सहायता समूहों का क्लस्टर लेवल फेडरेशन कृषि अवसंरचना निधि के तहत ऋण के रूप में शेष राशि जुटा सकता है।

ब्याज छूट: महिला स्वयं सहायता समूहों पर वित्तीय बोझ को कम करते हुए कृषि अवसंरचना निधि ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज छूट प्रदान की जायेगी।

कार्यान्वयन के लिए मुख्य रणनीतियां:

1. संसाधनों और प्रयासों को एकजुट करना: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास और उर्वरक विभाग के संसाधनों और प्रयासों को एकजुट करने वाला समग्र हस्तक्षेप।

2. **कार्यान्वयन के लिए चयन मानदंड:** उड़े-एनआरएलएम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में क्षेत्र/क्लस्टर और महिला स्वयं सहायता समूहों का सही चयन।

3.**संभावित समूहों की पहचान:** उपयुक्त समूहों की पहचान की जायेगी जहां ड्रोन का उपयोग आर्थिक रूप से संभव है।

4.महिला एसएचजी का चयन: ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित समूहों में डे-एनआरएलएम के तहत प्रगतिशील महिला स्वयं सहायता समूहों का चयन किया जायेगा।

5. महिला स्वयं सहायता समूहों सदस्यों के लिए प्रशिक्षण: महिला स्वयं सहायता समूहों के एक योग्य सदस्य को 15-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा। इसमें अनिवार्य 5-दिवसीय ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और पोषक तत्व तथा कीटनाशक अनुप्रयोग जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए अतिरिक्त 10 दिनों का प्रशिक्षण शामिल है।

ये प्रशिक्षण एक पैकेज के रूप में (ड्रोन की आपूर्ति के साथ) प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुमोदित रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन में दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में ड्रोन उड़ान, ड्रोन नियमों के प्रावधानों को समझना, पोषक तत्वों तथा कीटनाशकों के अनुप्रयोग के लिए एसओपीएस, ड्रोन उड़ान अभ्यास और ड्रोन की छोटी-मोटी मरम्मत और रखरखाव शामिल होगा।

कृषि उद्देश्य के लिए इस प्रशिक्षण को एक टीम आयोजित करेगी, जिसमें ड्रोन निर्माता, एसएवी, केवीके, आइसीएआर संस्थानों आदि जैसे केंद्रीय/राज्य संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

6.वित्तीय सहायता और ऋण प्रावधान: ड्रोन की खरीद के लिए डे-एनआरएलएम के तहत पहचाने गए महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता और ऋण प्रदान किया जायेगा।

7. बड़ी उर्वरक कंपनियों द्वारा सुविधा: बड़ी उर्वरक कंपनियों ड्रोन निर्माण कंपनियों और महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करेंगे। वे क्लस्टर लेवल फेडरेशन के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से ड्रोन खरीदेंगे और महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वामित्व हस्तांतरित करेंगे।

8. ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनियों के साथ सहयोग: प्रमुख उर्वरक कंपनियां मरम्मत और रखरखाव सेवाओं के लिए ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगी।

9. नैनो उर्वरकों को बढ़ावा: बड़ी उर्वरक कंपनियों महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देगा।

आगे की राह: ड्रोन प्रौद्योगिकी के भविष्य की संभावनाएं विशाल और आशाजनक हैं, खासकर कृषि, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में। कृषि के अलावा, ड्रोन पशुधन निगरानी, आपदा प्रतिक्रिया एवं राहत, चिकित्सा आपूर्ति वितरण विशेष रूप से दूरदराज या दुर्गम क्षेत्रों, वन क्षेत्र, वन्यजीव आवास तथा जल निकायों की निगरानी, जैव विविधता संरक्षण और इकोसिस्टम प्रबंधन में मददगार के रूप में उपयोगी हो सकते हैं। ड्रोन तकनीक को अपनाकर और विभिन्न कार्यों में इसका लाभ उठा कर, ग्रामीण भारत में महिलाएं अपनी आजीविका बढ़ा सकती हैं, सामुदायिक विकास में योगदान दे सकती हैं और अपने क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकती हैं। महिलाओं को अपने और अपने समुदायों के लाभ के लिए ड्रोन की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण, संसाधनों और सहायक नीतियों तक पहुंच महत्वपूर्ण होगी।

(लेखक : चरणजीत सिंह, अपर सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और गजानन रौता, प्रोग्राम ऑफिसर, ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

आरआइटी के बाद चोरों ने सरायकेला क्षेत्र में दी दस्तक

लाखों का समान उड़ाकर पुलिस को दी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला-खरसावां जिले में चोरों का आतंक जारी है। बीते दिनों आरआईटी थाना क्षेत्र के अर्थ एंक्लेव में छः घरों का ताला तोड़कर लगभग करोड़ रुपये की चोरी के घटना को अंजाम देने के बाद अब सरायकेला थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर गैरेज चौक में डे इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर दुकान से लगभग 40 से 50 लाख की मोबाइल उड़ा ली। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।बताया जा रहा है दो चोर दुकान के पीछे दरवाजे से प्रवेश कर दुकान से लगभह 50 लाख की मोबाइल चोरी करने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुबह दुकान मालिक शुभम डे दुकान खोलने के दौरान होश उड़ गया। उन्होंने तत्काल सरायकेला पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर जिले में दो चोरी की बड़ी घटना के बाद लोगो मे नाराजगी देखने को मिला। फिलहाल पुलिस दोनों घटनाओं में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

दीनबंधु ट्रस्ट ने महिला दिवस पर मतदाताओं को किया जागरूक

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। मानगो ओल्ड पुरुलिया रोड के चाणक्यपुरी सामुदायिक भवन में दीन बंधु ट्रस्ट के द्वारा महिला दिवस मनाया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओ ने भाग लिया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बिना भय,लालच और आलस में सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा जब शत प्रतिशत होगा मतदान तब लोकतंत्र बनेगा महान। वही महिला दिवस पर विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर रोमांचक खेल प्रतियोगिता,क्विज,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने कार्यक्रम के दौरान जमकर आंनद उठाया। विजेताओ को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उत्तम चक्रवर्ती ने दहेज रहित आदर्श विवाह के लिए महिलाओ को जागरूक किया। ताकि कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लग सके। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामो के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयरा,उर्मिला देवी,कंचन यादव , नागेंद्र कुमार ,सत्येंद्र कुमार,ममता दीप, सरस्वती दत्ता, संगीता गोस्वामी,रानी कुमारी,हेमा पांडेय,रीना झा, रुचि देवी, सोनिया सोनी पूनम देवी,सुचित्रा तिवारी,ममता देवी,कल्याणी ठाकुर,चमेली मिश्रा,रेखा देवी,कमला सिन्हा,उषा देवी,राधा देवी,कल्याणी कालिंदी,तंत्रा सिंह, प्रीति श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल रहे।

झामुमो का भाजपा पर हल्ला बोल विधायक संग सैकड़ों समर्थक हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व सीएम और जनता के लिए सेवा भाव से काम करने वाले युवा आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजने के खिलाफ झामुमो का आक्रोश जारी है। रविवार को झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी के निर्देश पर न्याय यात्रा निकाला गया। जमशेदपुर प्रखंड के घोड़ाबंधा से निकली ढेर हजार से ज्यादा बाईक रैली व पदयात्रा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाये। झामुमो का विशाल न्याय यात्रा घोड़ाबांधा से शुरू होकर गोविंदपुर अन्ना चौक, बाबा तिलका माझी चौक, गादड़ा, राहड़गोड़ा, बारीगोड़ा, बामनगोड़ा, सोपोडेरा, सरजामदा, शंकरपुर, हलुदबनी सिधु कान्हू चौक होते हुए परसुडीह त्रिवेणी चौक पहुंच कर सभा का आयोजन किया गया। न्याय यात्रा के दौरान विधायक संग हजारों समर्थक और झामुमो कार्यकर्ताओ ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद,केंद्र सरकार मुदार्बाद, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा 2019 के चुनाव में जनता के समर्थन में हेमंत सोरेन सीएम बने। उनके द्वारा कोरोना के दो साल झारखंड की जनता के लिए किये गए कार्य के साथ दो साल झारखंड की विकास कार्य को देख भाजपा घबरा गई है। केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों को लगाकर परेशान किया जा रहा है। बिना किसी सबूत में ही एक आदिवासी सीएम को जेल भेज दिया गया। विधायक ने आम जनता से आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झामुमो के साथ शामिल होकर भाजपा को भगाने का आह्वान किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, झामुमो नेता पलटन मुर्मु, मिथुन चक्रवर्ती, मानिक मल्लिक, जितेंद्र सिंह, मनोहर हूसेन, मुखिया नागी मुर्मु, मुखिया पानो मुर्मु, ग्राम प्रधान कारु मुर्मु, बबिता करुआ,सहित जमशेदपुर प्रखंड के झामुमो नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

न्याय सदन में पीएलवी की भूमिका पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आरजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के द्वारा न्याय सदन के भवन में पारा लीगल वॉलिंटियर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पीएलवी शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर सम्मानित अथिति डालसा के वरिष्ठ मिडियेटर के के सिन्हा और तरित वरन कर उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर अतिथि तरीत वरन कर ने डालसा के गठन, उसके कार्य,उद्देश्य व पीएलवी के भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं अतिथि के के सिन्हा ने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बालश्रम,पॉक्सो एक्ट कानून के बारे जानकारी दी। साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाने में पीएलवी की क्या भूमिका हो सकती उसपर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया पीएलवी न्यायालय और पब्लिक के बीच में एक सेतु का काम करते हैं। पीएलवी जमीनी स्तर पर जुड़े होते हैं। उन्होंने वंचित और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने और उन्हें विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं।

मोदी सरकार समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः अरुण शंकर प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के भालुबासा में भाजपा बिहार प्रदेश मधुबनी के खजौली विधायक और ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण शंकर प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान केंद्र में मोदी सरकार के उपलब्धियो को साझा किया। रविवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रेरणास्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा प्रस्तुत अंत्योदय सिद्धांत के आधार पर नीतियां बना रही है। जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के पिछड़े व कमजोर वर्गों का कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही हैं। अनुसूचित जनजाति समाज से देश के राष्ट्रपति बने हैं तो पिछड़ा वर्ग से देश के प्रधानमंत्री बने हैं। गत दिनों ही पार्टी ने ओबीसी समाज से आने वाले कुशल संगठनकर्ता व पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाकर ओबीसी समाज का मान बढ़ाया। भाजपा सिर्फ राजनीति के लिए निर्णय नहीं लेते हैं, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय भी सम्मलित है। भाजपा जो बोलती है वो करती हैं और जो करती हैं उसे बताती हैं। धारा 370 को निरस्त करने, राममंदिर का निर्माण, तीन तलाक खत्म करने जैसे अनेकों निर्णय लिए गए हैं।

क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ा योगदान जनता का है : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा व डंडा प्रखंड को होली का बेहतरीन तोहफा मिला है। इन दो प्रखंडों को चार अरब चार करोड़ 85 लाख रुपए योजनाओं की सौगात मिली है।

रविवार को गढ़वा प्रखंड के तिलदाग में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न विभागों की 198 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मंत्री श्री ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों, वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

समारोह के बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास में सबसे बड़ा योगदान गढ़वा की जनता का है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। जनता को अपना अधिकार पाने के लिए जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मैं मंत्री और विधायक नहीं हूं, बल्कि जनता का सेवक हूं। जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ निभा रहा हूं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर दिया गया है। वे जब भी इस क्षेत्र में आते थे हमेशा कहते थे कि आज तक जितनी भी सरकार बनी, जितने भी जनप्रतिनिधि बने सभी ने गढ़वा, पलामू को उपेक्षित रखा है। सरकार बनते ही उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात काम किया। कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में भी गढ़वा को 20 से 22 घंटा बिजली उपलब्ध कराया।

इन योजनाओं का किया गया शिलान्यास और उद्घाटन

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा एवं डंडा प्रखंड के लिए रविवार को तिलदाग में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में विभिन्न विभागों की चार अरब चार करोड़ 85 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इनमें तीन अरब 32 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास तथा 72 करोड़ 71 लाख 88 हजार रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन किया गया। इनमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 66 करोड़ 35 लाख 48 हजार रुपए की लागत निर्मित 25 योजनाओं, भवन निर्माण विभाग से 4 करोड़ 89 लाख 84 हजार 700 रुपए की लागत से निर्मित पांच योजनाओं तथा नगर परिषद गढ़वा की एक करोड़ 46 लाख 56 हजार 200 रुपए की लागत से निर्मित 43 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। जबकि ग्रामीण कार्य विभाग से एक अरब 39 करोड़ 15 लाख 71 हजार 600 रुपए की लागत से बनने वाली 158.060 किमी लंबी 44 सड़क, पथ निर्माण विभाग से एक अरब 33 करोड़ 97 लाख 90 हजार 100 रुपए की लागत से बनने वाली 53.794 किमी नौ सड़क, भवन निर्माण विभाग की 38 करोड़ 67 लाख 29 हजार 500 रुपए की लागत से बनने वाली योजना समेत विभिन्न निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

मंत्री ने कहा कि यदि जनता को अधिकार दिलाना, जनता को रोटी, कपड़ा और मकान दिलाना यदि भ्रष्टाचार है, तो हम यह भ्रष्टाचार करते रहेंगे। आने वाले समय में झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता हेमंत सोरेन बनकर खड़ा होगी।झारखंड में जन सरोकार की सरकार बनने के बाद यहां विकास का जो सिलसिला शुरू हुआ वह थमा नहीं है। मंत्री ने कहा कि वे जो संकल्प लेते हैं उसे पुरा करते हैं। वर्ष 2026 तक गढ़वा के 40 हजार योग्य लाभुकों अबुआ आवास मिलेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2019 में उन्होंने जो वादा किया था वह एक-एक कर पूरा हो रहा है।

डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिप सदस्य अमृतांजलि दुबे, मुखिया अनीता देवी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से ओएसडी चंद्रचूड़ सिंह, एसी विजय मतियस टोप्पो, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, एसडीपीओ, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, शरीफ अंसारी, मुखिया नारद तिवारी, बसंत चौबे, वंदना जायसवाल, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह, फूजैल अहमद, अनु दुबे, अमित चंद्रवंशी, महागठबंधन के कई नेता, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मार्कोस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने प्रतिदिन एक घंटा योग करने का दिया संदेश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास गढ़वा के तत्वाधान में कृषि महाविद्यालय के मैदान में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर के तीसरे रविवार को मुख्य अतिथि मार्कोस कमांडो आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने लोगों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान श्री तेवतिया ने लोगों को शरीर को रिचार्ज करने के लिए प्रतिदिन 1 घंटा योग प्राणायाम करने का बड़ा संदेश दिया। रासबिहारी तिवारी ने बताया कि श्री तेवतिया ने आयरन मैन का खिताब पाने के लिए समुद्र में 4 किलोमीटर की तैराकी,142 किलोमीटर की साइकलिंग तथा 42 किलोमीटर की दौड़ एक साथ 14 घंटे में पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया है। इस प्रकार योग के चमत्कारिक लाभ के बाद इन्होंने अपना सारा जीवन स्वामी रामदेव जी के सानिध्य में योग के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित कर दिया है। शिविर को सफल बनाने में जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, योग शिक्षक सुशील केसरी, संतोष पांडे, विवेकानंद पांडे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार, सीआरपीएफ के अधिकारी रतन कुमार सिंह, शैलेश कुमार शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय लोग शामिल थे।

रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन का मेराल रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव : सांसद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/ 18614 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रेन का ठहराव के लिए मेराल सहित गढ़वा और पलामू की जनता के द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में उनके द्वारा लोकसभा में शून्य काल के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया गया था। उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए 9 मार्च 2024 को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है ।बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर मेराल रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत रूप से ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। इस ट्रेन के मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार व्यक्त किया है।

निषाद सामुदायिक भवन बनने से मिलेगा लोगों को लाभ : डॉ कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा-पलामू के तत्वावधान में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से निषाद भवन निर्माण समिति, गढ़वा का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए डॉ कुलदेव चौधरी, उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, चंद्रदेव चौधरी, शारदा चौधरी, महासचिव सुमेर चौधरी, सचिव महेन्द्र चौधरी, रामनाथ चौधरी, आरती देवी, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी, संतोष चौधरी, संगठन मंत्री राजेन्द्र चौधरी, गणेश चौधरी, जयराम चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी सन्तु चौधरी एवं कार्यालय प्रभारी रोहित चौधरी को बनाया गया। इसके अलावा सामाजिक परिवर्तन अभियान सह निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का

आयोजन पंचायत स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक रविवार को किसी न किसी पंचायत में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, कानून आदि के एक्सपर्ट के द्वारा लोगों को जानकारी दी जाएगी। साथ ही उस क्षेत्र में बेहतर सामाजिक कार्य करने वाले बुजुर्गों, माताओं-बहनों एवं युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक परिवर्तन अभियान के संयोजक डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि इस अभियान के तहत रोग मुक्त, अशिक्षा मुक्त, बाल विवाह एवं दहेज मुक्त, नशा मुक्त एवं बेरोजगारी मुक्त समाज बनाने का पहला उदेश्य है। गढ़वा में निषाद सामुदायिक भवन बनाकर जरूरतमंद लोगों को विभिन्न अवसर पर या आपातकालीन सेवा में उपलब्ध कराना और साथ ही निःशुल्क पुस्तकालय खुलवाकर जनहित में सेवा प्रदान करना अभियान का लक्ष्य है। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भरत चौधरी, बिनोद चौधरी, हरिलाल चौधरी, विष्णुदेव चौधरी, विरेन्द्र चौधरी, मनोज चौधरी आदि उपस्थित थे।

बगैर अंगूठा लगाये राशि निकासी करने का सीएसपी संचालक पर आरोप

श्यामबच्चन यादव

सगमा (आजाद सिपाही)। सरकार द्वारा लोगो की बैंक से लेन-देन को सुविधा जनक बनाने के लिए जगह जगह बैंको का सीएसपी खोल रखा है। लेकिन संचालकों द्वारा इसे पैसा छापने की मशीन बना लिया गया है। कभी पैसा की जांच कराते समय, कभी पैसा निकालते समय ग्राहकों के खाते से पैसा उड़ा ले रहे है।जो ग्राहक सचेत है।उन्हें पैसा वापस मिल जाता है नही तो संचालक पैसा हजम कर जाते है। ऐसा ही बड़ा खेल सगमा प्रखंड के घघरी में संचालित सीएसपी में बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। सीएसपी कोड संख्या 10374525 से पैसा का निकासी किया गया है। जनवरी 24 को उत्क्रमित जमा दो उच्च विद्यालय की दो छात्राये चैनपुर ग्राम निवासी साधना कुमारी की खाता

संख्या 080 खाता टाइप तथा सरोज कुमारी के खाता संख्या 00000035308539126 से घघरी स्थित संतोष यादव के स्टेट बैंक ऑफ इंडीया के सीएसपी पर अपनी छात्रवृति जांच कराने पहुची।दोनो ने अंगूठा लगा कर अपने खाते की जांच कराया।उन्हें बताया गया कि उनके खाते में कोई पैसा नही है। जब कि उसी दौरान साधना कुमारी के खाते से 6800 टाटा सरोज कुमारी के खाते से 5800 रुपये निकाल लिये गये। जब दोनों ने यह बात अपने शिक्षकों से बताया तो शिक्षकों ने उन्हें खाते का स्टेटमेंट निकलवाने का सलाह दिया। जब दोनों ने अपने अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तब मामले का खुलासा हुआ। वंदना कुमारी के खाते 00000035218052125 में से 11जनवरी 24 को 18900 रुपये उसी सीएसपी से निकाल लिए गए।फर्क बस इतना था कि छात्रा और उसके अभिभावक के अनुसार उसने खाता जांच भी नही कराया न ही अंगूठा लगाया फिर भी पैसा निकाल लिया गया। इन सब क्रिया कलापो से पता चलता है कि बैंक कर्मी भी इस लूट के खेल में शामिल रहते है। फिर भी पैसा वापस मिलने के बाद साधना कुमारी व उसके अभिभावक बयान देने से बचते रहे। लेकिन सरोज कुमारी तथा वंदना कुमारी के अभिभावक उदेश कुशवाहा ने कैमरे पर अपना बयान दर्ज करवाया।

मानसिक दिव्यांग लड़की के लिए जन सहयोग से प्राप्त राशि प्रदान कर पिता को भेजा

कांडी (आजाद सिपाही)। स्थानीय पंचायत की एक मानसिक दिव्यांग लड़की के बेहद गरीब व असहाय पिता को जन सहयोग से प्राप्त राशि प्रदान कर मुखिया विजय राम ने इलाज कराने के लिए भेजा। कांडी पंचायत अंतर्गत ढबरीया गांव में फगुनी रजवार की लड़की की दिमागी हालत खराब है। अतिशय गरीब व असहाय होने के कारण फगुनी रजवार बेटी का इलाज कराने में असमर्थ हैं। फगुनी रजवार ने कांडी पंचायत के मुखिया से अनुरोध किया कि हमको कुछ चंदा करके दिया जाए। ताकि मैं अपनी बेटी का इलाज करा सकूं। ऐसी हालत में कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने सोशल मीडिया पर अपने पंचायत के लोगों से गरीब की बिटिया के इलाज के लिए सहयोग की अपील की। शनिवार को चलाए गए इस मुहिम में मुखिया की अपील पर 10 हजार 300 रुपए जमा हो गए। जिसे फगुनी रजवार को प्रदान कर बेटी का इलाज कराने के लिए डॉ कमलेश कुमार के पास गढ़वा भेजा गया। और पैसे जमा होने पर डॉक्टर कहें तो बाहर भेजा जायेगा।

नवनिर्मित देवी धाम मंदिर के सामने घर तोड़कर दिया रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। गोंदा निवासी अमीन शिवनारायण सिंह ने रविवार को अपना मकान तोड़कर देवी धाम मंदिर के सामने रास्ता के लिए जमीन दान कर दिया। बता दें कि गोंदा के प्रसिद्ध देवी धाम पर पिछले वर्ष भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। रास्ता से सेट देवी धाम के पास भव्य मंदिर निर्माण के लिए जमीन नहीं था। गांव वालों के कहने पर अमीन शिवनारायण सिंह ने उस समय अपने खपरैल मकान को तोड़कर रास्ता के लिए जमीन दान देने के लिए वादा किया था। गांव वालों के दान से आज यहां भव्य व आकर्षक देवी धाम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा कर फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। शिवनारायण सिंह एवं उनकी पत्नी

बिफनी देवी के द्वारा घर तोड़कर जमीन दान दिए जाने की सभी लोग सराहना कर रहे हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत दुबे तथा अन्य लोगों ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि देवी धाम मंदिर के लिए यह सबसे बड़ा दान है। गांव, समाज के जरूरत के हिसाब से किया गया यह कार्य सभी के लिए प्रेरणादायक है। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष शनेश्वर प्रसाद, प्रकाश कुमार अरुण, अमित कुमार शाह, कृष्ण देव प्रजापति, वीरेंद्र शाह, कृष्णा शाह, मिथिलेश ठाकुर, दिनेश शाह, लक्ष्मण शाह, विजयमल साहू, अर्जुन शाह, हीरा प्रसाद, शिवनाथ कुशवाहा, विश्वेश्वर रामचंद्र, वंशी, विष्णु दत्त विश्वकर्मा, गुप्तेश्वर साहू, दुखी साहू सुनील शाह सहित कई लोग थे।

भवनाथपुर के युवक की बेंगलुरु में मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र का एक और युवक पलायन की भेंट चढ़ गया। बाहर कमाने गए मकरी के कुंवरठीका निवासी छठु राम के 26 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार की मौत ईलाज के दौरान बैंगलौर के जिला अस्पताल में हो गई। रविवार की सुबह मृतक का शव उसके पैतृक आवास पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक का दाह संस्कार बगही नदी के श्मशान घाट पर किया गया। परिजनों के अनुसार विशाल कुमार कर्नाटक के बैंगलोर शहर में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। बीते 7 फरवरी के रात उसे अचानक उल्टी होने पर उसे ईलाज के लिए वहीं के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर मृतक के शव आने की सूचना पर उपप्रमुख पिंटू टोपो, मुखिया पति धनंजय साह, तिलकधारी राम आदि मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

बीडीओ को आवेदन देकर रकम ठगनेवाले पर कार्रवाई करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। कैलान पंचायत के युवक ऊदल यादव ने मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव पर 15 वे वित्त से पुलिया दिलाने के नाम पर दस हजार रुपए ठगी करने का आरोप लगाते हुए भवनाथपुर बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बीडीओ को दिये आवेदन में लिखा है कि हमारा घर नदी के पार है,जहा से आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव से आठ माह पूर्व मिलकर नदी पर पुलिया निर्माण कार्य कराने का मांग किये थे, जिस पर उन्होंने आश्वासन देते हुए खर्चा लगने की बात कही थी। प्रतिनिधि ने अपने भाई रघुवंश यादव के फोन पे पर हमसे 8 हजार रुपए डलवाया और कहा तुम्हारा काम हो जाएगा लेकिन आठ माह बीत जाने के वावजूद पुलिया नहीं बनी। कुछ दिन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने हमसे और 2 हजार रुपये लिया और कहा काम हो जाएगा लेकिन फिर भी काम नहीं कराया। उदल यादव ने मुखिया प्रतिनिधि पर ढाई लाख रुपये 15 वे वित्त से गवन करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है की डिहवार बाबा स्थान के पास गार्डवाल एवं पीपीसी निर्माण एक ही योजना था, जिसे दो योजना बनाकर ढाई लाख रुपए सरकारी पैसे का गबन किया गया। उदल यादव ने वीडीओ से मामले की छानबीन कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव ने आरोप को बेबुनियाद बताया।

विष्णुकांत बने मेराल के नये थाना प्रभारी

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक विष्णुकांत मेराल के नए थाना प्रभारी बनाए गए हैं। एसपी दीपक कुमार पांडे द्वारा की गई अधिसूचना के पश्चात उन्होंने रविवार को थाना प्रभारी के रूप में योगदान कर लिया है। नव पदस्थापित थाना प्रभारी विष्णुकांत इससे पहले रांची जिला के दशमफॉल थाना में प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। बता दें कि आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर पुराने अधिकारियों की हुई तबादला के बाद मेराल थाना में पुअनि अरुण कुमार रवानी, अरविंद साव, दीपक पासवान के साथ विष्णु कांत का पदस्थापना हुआ था। वर्तमान में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मेराल में थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

विधायक ने 4 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया

राजु सिंह

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही ने शनिवार को रमना रेलवे गेट से मुख्य सड़क सरांग गांव होते हुए ग्राम जतपुरा पुल तक 4 करोड़ की लागत से बनने वाली सुदृढ़ीकरण सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा की हमसे पहले भी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे। लेकिन बिशुनपुरा प्रखंड में आज हमारे द्वारा कई योजनाओं जैसे प्रखण्ड, थाना, पुल, रोड, हाई स्कूल, प्लस टू विद्यालय, हॉस्पिटल, बांकी नदी नहर

परियोजना का पकीकरण का कार्य मेरे द्वारा किया गया है। बाकि लोगो ने अपने कार्यकाल में जनता को सिर्फ छलने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन से लेकर जतपुरा तक सड़क मरम्मती का कार्य हो रहा है। यह सड़क को लेकर ग्रामीणों का चिर परिचित मांग था। ग्रामीणों को इस सड़क पर चंलने में दुर्घटना हो जाता था। यह सड़क बन जाने से लोगो को रमना एनएच से जोड़ने का कार्य किया गया है।

उन्होंने इस दौरान मौके पर विभागीय जेई को एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस गांव में पावर सब स्टेशन एवम हाई स्कूल बनाने का कार्य किया गया है। इस क्षेत्र के बच्चों को समुचित शिक्षा देने का कार्य किये है। पहली बार मंत्री बनने के बाद इस क्षेत्र में रमना रेलवे बिजली क्रॉसिंग करा कर विशुनपुरा प्रखंड को निर्वाध विजली दिलाने कार्य किये थे. इसके बाद भगोडीह पावर ग्रिड की शुरूआत होने पर इस क्षेत्र को बीस घँटा बिजली मिल रही है। केंद्र सरकार की चुनाव होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबो के लिए उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन पेंशन योजना, आयुष्मान योजना सहित अनेको योजनाओं से जोड़ कर ग्रामीणों को लाभ पहुचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने असहाय गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़ा एवं वंचितों के लिए अनेको कार्य किया है। वही कार्यक्रम के दौरान जेएमएम पार्टी को छोड़ कर दो दर्जन लोग भाजपा पार्टी में शामिल हुए।

इस मौके पर दयानन्द भगत, अनिल चौबे, विशुनपुरा प्रभारी कृपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि पुलस्त्य शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह जिला शोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, नीतीश सिंह, अशोक पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

मिथिलेश ठाकुर ने चबूतरा निर्माण के लिए 50 हजार रुपये का सहयोग दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत में भगवान शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित मेला में जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा वहाँ पर चबुतरा निर्माण करने हेतु 50 हजार रुपये सहयोग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से नितेश सिंह ने मेला कमेटी को प्रदान किया। इस मौके पर चुटिया पंचायत के मुखिया

प्रतिनिधि शंभु गुप्ता, झामुमो नेता शंभु यादव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता : कमलेश सिंह

महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का विधायक ने ऑनलाइन किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य पंचायत महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन रविवार को हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के बाद माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं, विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि महुदंड आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। यहां के लोगों की मांग पर उन्होंने विधायक कोटा से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किया है। कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुंडा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह राज्य की जनता के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से खुशहाल झारखंड के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि आज का दिन महुदंड के लिए ऐतिहासिक है। हुसैनाबाद के इस सुदूरवर्ती पंचायत में विधायक ने कई विकास के कार्य किए हैं। बिजली, सड़क, स्वास्थ्य की व्यवस्था के अलावा मुकम्मल पेयजल की भी व्यवस्था शीघ्र ही की जाएगी। मौके पर एनसीपी प्रवक्ता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एनसीपी के युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरि, पूर्व मुखिया बिजय प्रसाद यादव, विनय परहिया, जनेश्वर भुइयां, गुड्डू रवि, संजय परहिया, विजय ठाकुर, रवींद्र यादव, कृष्णा परहिया, शरवन परहिया, वीरवल परहिया, बंधु भुइयां, विजय परहिया, कमलेश परहिया, गनौरी यादव, सतेंद्र भुइयां, मनोज भुइयां, कर्मू परहिया, नंदलाल परहिया, कपिलदेव राम, मनदीप राम, लल्लू यादव, ओमप्रकाश राजवंशी, हंसराज सिंह, मुकेंद्र चौधरी, हसन खलीफा, गोरख पासवान, रमेश प्रजापति, अभिषेक सोनू, संतोष सिंह, अजय सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, रतन लाल आदि उपस्थित थे।

चिंता जतायी : नया लीज दर के लागू होने से कई लोग हो जायेंगे बेघर

लीज नवीकरण में भूमि दर बढ़ाने के सरकारी प्रस्ताव का मिलकर करें विरोध : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू डीसी की ओर से भेजे गए लीज नवीकरण के लिए भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने का कड़े शब्दों में विरोध किया है। उनका कहना है कि प्रशासन एवं सरकार लीजधारियों के साथ मनमानी कर रही है। एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नए-नए नियमों का नोटिफिकेशन कर रही तो, दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीजभूमि दर बढ़ाते जा रहा है। इससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि वे भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुई थी। वहां भी दर बढ़ाने के मुद्दे का विरोध करते किया था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पलामू डीसी से कहा था कि जब पुराने दर पर ही 1896 लीजधारियों में मात्र 46 लीजधारियों ने अब तक लीज नवीकरण कराया तो क्या लीज दर और भी बढ़ा देने से समस्या का समाधान हो जाएगा। मैंने समिति के प्रस्ताव को ठुकराते हुए हस्ताक्षर तक नहीं किया जिसे आज भी फाइल में देखा जा सकता है। बाद में मुझ पर हस्ताक्षर करने का दबाव भी बनाया गया लेकिन मैंने जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसा करने से मना कर दिया। प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने 2/4 रुपया रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दोगुणा करने की शर्त के साथ ही बिना डीसी की अनुमति लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपया फाइल का प्रावधान करते हुए लीजधारियों के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया था। बाद में जब शहर बस गया लोगों ने उस भूमि पर क्षमता के अनुसार लाखों, करोड़ों रुपया लगा दिए। तब अचानक बिना लीजधारियों की सहमति के अपने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट को तोड़ते हुए सलामी के साथ कई शर्त लगाते हुए लंबा चौड़ा लीज दर का निर्धारण कर दिया गया। यही लीज एवं भूमि दर बढ़ाते-बढ़ाते इतना कर दिया गया कि जितने में लोग आज काके रोड रांची में केवाला पर भूमि खरीद सकते है। प्रथम महापौर ने कहा कि हद तो तब हो गई जब लीजधारी जिनका लीज 5/10 साल पहले खत्म हुआ और समय पर उन्होंने लीज नवीकरण के सभी प्रावधानों को पूरा करते हुए समय पर आवेदन भी किया उसके उपरांत खास महल पदाधिकारी द्वारा भेजी गई सहमति पत्र पर सहमति भी दी गई लेकिन आज तक नवीनीकरण नहीं किया गया। वर्षों से फाइल पड़ा है। अगर उस वक्त लीज किया जाता तो उस वक्त के भूमि दर पर लीज हो जाता जो काफी सस्ता पड़ता। लेकिन सरकार को अब आज के दर से वर्तमान जटिल कानून के साथ 20 वर्ष पुराना किराया और बिना किसी कानून उल्लंघन के फाइन चाहिए यह कहां का कानून है?। प्रथम महापौर ने कहा हम सभी लीजधारियों को एक होना होगा और इस काले कानून का जमकर विरोध करना होगा। सभी की सहमति बनी तो हाई कोर्ट की भी शरण लेनी पड़ी तो लिया जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा कि लीज भूमि का अधिकांश भाग सरकारी उपयोग, रोड, सरकारी भवन, वन विभाग, अस्पताल, तालाब, मैदान में उपयोग हो रहे मात्र 25 प्रतिशत भूमि 150 एकड़ के लगभग आम नागरिक उपयोग कर रहें हैं। फिर भी सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करते हुए दर पर दर बढ़ा रही है। जबकि देश में 90 प्रतिशत राज्य ने इस काले कानून को खत्म कर दिया है।

श्रीरामचरितमानस हम सभी को सिखाता है जीवन जीने की कला : देवेंद्र सिंह

नीलांबर पितांबरपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पूर्णाडीह गांव में श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 40वां आयोजन आयोजित हुआ। जिसके तहत रविवार को शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह ने कलश लेकर एवं मंदिर में पूजा अर्चन के साथ किया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए। सभी गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मलय नदी तट पहुंचे। जहां पंडित प्रवीण मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नदी से कलश में जलभरी की गई। इसके बाद यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। वहीं, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीरामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जो हम सभी को जीवन जीने की कला सिखता है। धार्मिक आयोजन से समाज को एक दिशा मिलती है। यज्ञ में आए विद्वानों द्वारा अच्छे मार्ग पर चलने की सीख दी जाती है। उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों को बधाई दी। साथ ही ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में उन्होंने बढ़ चढ़ कर सहयोग करने की बात कही। मौके पर नीलांबर पितांबरपुर पश्चिमी जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया गुड्डी देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अभीषेक सिंह (कल्लू सिंह), उपाध्यक्ष मिथिलेश राय, सचिव अंकुर राय, उपसचिव अरविंद पासवान, कोषाध्यक्ष लकी सिंह, उप कोषाध्यक्ष सोनू राम, नवल किशोर राय, अमित सिंह, सुदर्शन राय, आशु सिंह, विकास सिंह, रामजी राय, सुनील सिंह, सुधीर सिंह,अशोक मिश्रा, जगत नारायण सिंह, मनोज सिंह चेरो, विनोद तिवारी और सत्यदेव सिंह आदि शामिल हुए।

बाहर से ज्यादा मन के भीतर का प्रदूषण खतरनाक : देवी शिखा चतुर्वेदी

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के पुरानी ठाकुरवाड़ी कुर्मी टोला स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित पांच दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन रविवार को प्रवचन सत्र में वृंदावन से पधारी देवी शिखा चतुर्वेदी ने मानस कथा कही। कहा कि परमात्म किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति को पलक झपकते अनुकूल बना देता है। समाज से बाहरी प्रदूषण को हटाने के लिये बड़े-बड़े अभियान चलाये जाते हैं। लेकिन बाहरी प्रदूषण से भीतर का प्रदूषण ज्यादा खतरनाक है। भीतर के प्रदूषण को समाप्त करने लिये ही इस तरह की कथाओं का आयोजन किया जाता है। कहा कि मानस कथा मनुष्य के जीवन की व्यथा दूर करती है।

महिलाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की मंशा : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हाउस में रविवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सतबरवा प्रखंड के रेवारातु, घुटुवा धावाडीह, बोहिता और तरहसी प्रखंड के टरिया पंचायत के सखी मंडल की बहनों की आजीविका संवर्धन के लिए विधायक मद की राशि से सिलाई मशीन एवं साड़ी कंबल का वितरण किया। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र की समूह में 70 हजार महिला हैं। सभी महिला को साड़ी, कंबल और सृंगार का सामान पैक है। कहा कि वे चाहते हैं कि महिला समूह के किसी भी कार्यक्रम में सभी महिलाएं एक परिधान में शामिल हों। आने वाले समय में वे सभी बहनों को सिलाई मशीन देंगें। ताकि सिलाई सीखकर वे अपना रोजगार खुद कर स्वालंबन बन सकें। सिलाई कढ़ाई बुनाई के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, वीरेंद्र वर्मा, लाला यादव, सरोज चटर्जी, दिलीप मेहता, देवराज साव, अजित प्रसाद गुप्ता, प्रमुख सुनील पासवान, कमेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

युवाओं को सदन की कार्यवाही से अवगत कराना उद्देश्य : कंचन कुमारी

विमला पांडेय मेमोरियल स्कूल के सभागार में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर/पलामू। केंद्रीय खेल मंत्रालय, पलामू नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान रविवार को विमला पांडेय मेमोरियल स्कूल के सभागार में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से लगभग 600 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि डॉ हरिवंश प्रभात, स्कूल चेयरमैन बलराम शर्मा, स्काउट एंड गाइड के स्टेट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर आमोद कुमार सिंह एवं नेहरु युवा केंद्र के ज़िला युवा अधिकारी कंचन कुमारी शामिल हुए। साथ ही इस कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल एवं न्यू इंडिया, न्यू इनिशिएटिव विषय को विस्तार पूर्वक युवाओं के बीच रखा गया। पांकी एमके कॉलेज के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज भी इस मौके पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को सदन की कार्यवाही से अवगत कराना है। उन्होंने युवाओं से माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी करवाया। वहीं, डॉ हरिवंश प्रभात ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में जिन विषयों को रखा गया है बहुत महत्वपूर्ण है। इस विषय में युवाओं को जागरूक होना चाहिए। वहीं प्राचार्य दिलीप कुमार ने कहा कि लोकल फॉर वोकल आज हमारे देश की अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि पलामू नेहरु युवा केंद्र लगातर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं के बिच विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। जिसमें बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवाओं के बीच चर्चा हुई। कार्यक्रम में पलामू के लगभग सभी प्रखंड के स्वंसेवक सहित एनवाईके द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिभागियों एवं युवा मंडल के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

महत्वपूर्ण न्यूज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की सतबरवा शाखा ने निकाली शोभायात्रा

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सतबरवा शाखा की ओर से बीके कविता दीदी के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी। जो ठाकुरबारी मंदिर के निकट सतबरवा शाखा से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां ईश्वरीय संदेश व कथा वाचन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ो महिलाएं-पुरुष शोभायात्रा में शामिल हुए। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बीके कविता दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यह शोभायात्रा निकली गई है। यह कार्यक्रम हमारे सभी शाखाओं में मनाया जाता है। हम लोग शिव को मानते हैं। हमारा हेड ब्रांच माउंट आबू राजस्थान में है। हमारे संस्थान और इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ईश्वरीय संदेश देना है, मनुष्यों के जीवन को खुशहाल बनाना है। शिव बाबा की शरण में आने से शांति मिलती है जीवन का उद्देश्य और लक्ष्य प्राप्त होते हैं। गलत रास्ते को छोड़कर अच्छे मार्ग पर चलना प्रारंभ कर देते हैं। मौके पर बीके अमृता दीदी, बीके किरण दीदी, बीके आशा दीदी, बीके आशीष भाई, बीके सोमनाथ भाई, विकास कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

पत्रकार के पितृ श्राद्ध पर कई दलों के नेता व समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता का श्राद्ध क्रम रविवार को हुआ। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने पत्रकार के पैतृक गांव हरिहरगंज प्रखण्ड के कोसडीहरा स्थित आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता सेवानिवृत रेलवे अभियंता विवेकानंद मिश्रा (65) की विगत 26 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके श्राद्ध कार्यक्रम में 51 गरीब असहाय परिवारों को कंबल और अंग वस्त्र दान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, विनोद सिंह, राजीव रंजन, अरुण मिश्रा, बल्लु बलराम, एनसीपी के विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, अखिलेश मेहता, उदय सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रमोद सिंह, मुखिया उमेश साव, अरविंद पासवान, पीपरा प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव, पंसस प्रतिनिधि तेंदुई राजन सिंह, ब्रजेश कुमार, झामुमो अमित सिंह, लालबाबू सिंह, एचएम अजय राय, आनंद मोहन सिंह, विनोद सिंह, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, जेपी गुप्ता, चन्दन जायसवाल, मुखिया अनिल सिंह सहित कई दलों के नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

106 मास्टर प्रशिक्षकों को मिला चुनावी प्रशिक्षण

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव-2024 के सफल संचालन के लिए 106 मास्टर प्रशिक्षकों को रविवार को समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में प्रशिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षक सभी मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देंगे। जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी, परशुराम तिवारी,रामानुज प्रसाद,अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा,अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने प्रशिक्षण दिया। इसमें चुनाव आचार संहिता, ईवीएम का संचालन, प्रपत्रों का संधारण और निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व त्रुटि रहित मतदान कराने की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पूर्व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं सदर एसडीओ अनुराग तिवारी की ओर से बीडीओ व सीओ को पोस्टल-बैलेट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के रामलखन राम, धनंजय कुमार सिंह व इंद्रदेव राम मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

केकेआर ने आइपीएल के आगामी सीजन के लिए फिल सॉल्ट को जेसन रॉय का रिप्लेसमेंट बताया है। जेसन रॉय ने नीजि कारणों का हवाला देकर आइपीएल से अपना नाम वापस ले लिया है।

बदलाव : 22 मार्च से शुरू होगा आइपीएल 2024 सीजन

जेसन रॉय ने आइपीएल-2024 से नाम वापस लिया, केकेआर ने फिल सॉल्ट को किया शामिल

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के आगामी सीजन के लिए फिल सॉल्ट को जेसन रॉय का रिप्लेसमेंट बनाया है। रॉय ने निजी कारणों का हवाला देकर अपना नाम वापस ले लिया है। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स से खेलने वाले 27 साल के सॉल्ट इस बार मिनी ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 1.5 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार टी-20 इंटरनेशनल दो शतक जमाए थे। त्रिनिनाद में 48 बॉल में शतक जमाकर वे इंग्लैंड की ओर से सबसे तेज शतक जमाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की थी। फिल सॉल्ट पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे। उन्होंने 9 मुकाबलों में 2 फिफ्टी की बदौलत 218 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 163.91 का रहा।

23 मार्च को हैदराबाद से पहला मैच खेलेगी केकेआर

केकेआर की टीम अपने आइपीएल अभियान का आगाज 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर करेगी। पहले फेज में टीम के तीन मुकाबले होंगे। टीम का दूसरा मैच 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बेंगलुरु और 3 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ विशाखापट्टनम में होगा। इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की शुरूआत 22 मार्च को होगी। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

आइपीएल के शुरुआती मैच में रॉबिन मिंज का खेलना मुश्किल

एजेंसी

गुजरात। झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज गुजरात टाइटंस के लिए आइपीएल के शुरूआती कुछ मैचों में उपलब्ध नहीं होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का यह सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। रॉबिन मिंज को बाएं हाथ में चोट लगी है। उन्हें डॉक्टरों ने चार हफ्ते के आराम की सलाह दी है। रॉबिन को आइपीएल 2024 के लिए हुए मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइंटस ने 3.6 करोड़ में खरीदा था। पिछले सप्ताह रॉबिन मिंज रांची में बाइक एक्सीडेंट में चोटिल हो गए थे। गुजरात टाइटंस के सूत्रों के मुताबिक, अहमदाबाद पहुंचने पर उनका फिटनेस टेस्ट हुआ। जिसमें गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। वह अभी टीम के मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। गुजरात टाइटंस के सूत्रों ने बताया कि मिंज का शुरूआती कुछ मैचों में खेलना मुश्किल है। गौरतलब हो कि पिछले सप्ताह रांची में रॉबिन की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई थी। रॉबिन को हल्की चोट आई थी। मिंज रांची में सुपर बाइक से कहीं जा रहे थे, उसी दौरान उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। जिसके बाद रॉबिन नियंत्रण खो बैठे और गिर गए। रॉबिन के बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वे पिछले 2 साल से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मिंज अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं। वे रांची में सोनेट क्लब की ओर से खेलते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आइजी और डीआइजी पहुंचे धनबाद

सुरक्षा मसलें पर बैठक कर पुलिस अधिकारियों दिये खास दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। समाहरणालय में पुलिस सभा कक्ष में बोकारो आईजी माइकल राज एस, डीआईजी सुरेन्द्र झा,एसएसपी एचपी जनार्दनन ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों को लेकर अहम बैठक की जिसमें जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी हरदीप जनार्दनन के अलावा सीटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहें। वहीं बैठक की जानकारी देते हुए आईजी माईकल एस राज पत्रकारों को बताया कि आज सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएसपी और इंस्पेक्टर के साथ चुनाव को लेकर तैयारी की समीक्षा बैठक की गई है। जिसमें पुलिस द्वारा चुनाव के दौरान कार्य को लेकर जानकारी साझा करते हुए बूथों की सुरक्षा हेतु खास दिशा निर्देश दिए गए। चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। चुनाव से पहले आने वाले फोर्स की व्यवस्था,फोर्स की मूवमेंट की तैयारी, पॉलिटिकल मीटिंग, इलेक्शन कमीशन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार चेक पोस्ट बनाना, चेकिंग को दुरुस्त करना आतंकवाद क्षेत्र का जायजा लेना यह सभी शामिल हैं।

आईजी माइकल राज चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करना यह हम लोगो कि पहली प्राथमिकता रहती है। इसी संदर्भ में यह मीटिंग की गई थी। जिसमें सुरक्षा के इंतजाम को लेकर हम लोगों ने दिशा निर्देश दिए है।

एचपी जनार्दन एसएसपी चुनाव को लेकर हम लोग अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। कोयला उठाओ को लेकर दो गुटों में झड़प कोई नई बात नहीं है। वर्चस्व को लेकर इस तरह की घटना को हमेशा अंजाम दिया जाता रहा है।

जो भी लोग दोषी होंगे उसे पर कार्रवाई की जाएगी। और हमने पहले भी इसको लेकर कार्रवाई की है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मोदी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद । माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 12 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। तथा 10 वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया जाएगा । इस पर आधारित आज रविवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

धनबाद अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित कुमार ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित किया एवं धनबाद रेल मंडल के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास/ उद्घाटन एवं रेल सेवाओं के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी क इस अवसर पर मंडल के अमरेश कुमार वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भाकपा माले ने शुरू किया चुनावी अभियान

गिरिडीह(आजाद सिपाही)। कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिए भाकपा माले ने अभियान शुरू कर दिया है। आज कोवाड़ में सदर प्रखंड के प्रमुख पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक कर सभी पंचायतों में जनता के सवालों पर सभाएं करने तथा सभी बूथों पर कमीटियां बनाते हुए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष इकट्ठा करने की रणनीति बनाई गई। आज की बैठक की अगुवाई जिला कमिटी सदस्य संजय चौधरी तथा मनोज कुमार यादव ने करते हुए कहा कि, कोडरमा में माले ही मजबूत है देश के किसान, मजदूर, युवा सभी इस सरकार से 10 साल का हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन जन सवालों पर असफल मोदी सरकार के पास इस का कोई जवाब नहीं है। श्री यादव ने पार्टी कार्यकताओं से अपने-अपने इलाके में टीम बनाकर घर घर से समर्थन जुटाने और चुनावी संघर्ष कोष इकट्ठा करने के निर्णय को लागू करने का आह्वान किया।

झामुमो धनबाद महानगर समिति के प्रयास से बिजली आपूर्ति की गयी : मंटू

झरिया(आजाद सिपाही)। टुंडी विधायक माननीय मथुरा प्रसाद महतो के प्रयास एवं महानगर उपाध्यक्ष फिरदौस अंसारी के कड़ी मेहनत से झरिया विधानसभा अंतगर्त शिमलाबहाल बस्ती में बिजली आपूति की गई जो लगभग 20 वर्षो से यह बस्ती अंधेरा में डूबा हुआ था माननीय विधायक ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद लगभग 17 वर्षो तक भाजपा का शासन रहा लेकिन अफसोस कि बात है आज तक जनता को सिर्फ ठगने का काम भाजपा के नेता ने किया विकाश को रोकना ही भाजपा का मुख्य उद्देश्य रहा इसीकारण झारखंड में सरकार को स्थिर करना चाहती थी लेकिन गठबंधन की सरकार ने साबित कर दिया कि झारखंड झुकेगा नही चाहे भाजपा जितने भी हतकंडे अपनाले झारखंड सरकार के विकाश की गंगा हर घर में बहेगी यही सरकार का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्यरुप से उपस्थित बसंत महतो, महानगर अध्यक्ष मन्टू कुमार चौहान उपाध्यक्ष बंटी सिंह,संयुक्त सचिव राजेश तुरी, मीडिया प्रभारी मिलन महतो, झा.को.म.यू केंद्रीय नेता सपन बनर्जी, झरिया नगर अध्यक्ष फरीद मल्लिक, जाहिद शेख, कृष्णा चौहान, लक्ष्मण चौहान, दिलीप महतो, कुलदीप महतो, इंतखाब अंसारी इसके अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित है ।

डीसी के निर्देश पर मंडल कारा में तलाशी

धनबाद (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में आज सुबह धनबाद मंडल कारा में औचक तलाशी ली गई। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर आज सुबह सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र कुमार, पुटकी व झरिया के अंचल अधिकारी, टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला पुलिस बल ने संयुक्त रूप से मंडल कारा की औचक तलाशी ली। इस क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में 1 कैंची, 2 नेल कटर, 1 चिलम व 1 मोबाइल चार्जर बरामद किया गया। बरामद सामान को प्रभारी कारा अधीक्षक को सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा

कतरास (आजाद सिपाही)। जोगता में शुक्रवार को हुई फायरिंग और बमबाजी की घटना करने वालों पर शिकंजा कसता जा रहा है। अब उनके नाम गुंडा रजिस्टर में तो दर्ज होगा ही, क्राइम कंट्रोल एक्ट में भी बुक हो सकते है। ऐसी घटनाओं के पीछे अवैध कमाई और वर्चस्व ही मुख्य वजह सामने आई है। पुलिस जांच में भी यह सब बातें सामने आई है। एस एसपी का कहना है कि पिछले दिनों हुई घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उन लोगों ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में कहा था कि उन्हें न खदान से मतलब है ना कोयला से. उन्हें कहा गया था कि?5000 दिए जाएंगे,तुम जाकर पत्थर फेंको ,हंगामा करो। इससे स्पष्ट होता है कि जोगता में जिस तरह की घटना घटी है, उसके पीछे कोई और है. यह एक तरह से संगठित अपराध है और इसके पीछे सफेदपोश होते हैं। शनिवार की रात नामजद लोगों की गिरफ्तारी के लिए 25 से 30 जगह पर छापेमारी की गयी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया वज्रगृह और मतगणना स्थलों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों के साथ आज जिले के विभिन्न वज्रगृह एवं मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि बाजार प्रांगण, धनबाद पॉलिटेक्निक, पॉलिटेक्निक के सामने स्थित पुराने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी परिसर, निरसा पॉलिटेक्निक, मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निरीक्षण किया।

निरीक्षण करने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी चुनाव में जिला प्रशासन के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। इसी दृष्टिकोण से आज वज्रगृह और मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। वहां की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभी कुछ और स्थान का भी निरीक्षण किया जाएगा और चुनाव से पहले वज्रगृह और मतगणना स्थलों को चिन्हित कर वहां पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, नगर निगम, भवन प्रमंडल, निर्वाचन शाखा सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

एग्यारकुंड। रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय मैथन में फरवरी माह-2024 का अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला द्वारा अपराध गोष्ठी में उपस्थित सभी थाना प्रभारी के समक्ष माह में प्रतिवेदित एवं निष्पादित होने वाले संभावित कांडों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से कल आई जी साहब द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उसे शांतिपूर्ण, कदाचार और भयमुक्त चुनाव कराने हेतु थाना और ओपी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

थाना और ओपी प्रभारी को स्वयं वाहन चेकिंग करने और लंबित कांडों में अनुसंधान पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी इत्यादि की रोकथाम हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वारंट,कुर्की,सम्मन इत्यादि का निष्पादन करने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही,अन्य सभी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गयी।

निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, निरस अंचल पुलिस निरीक्षक अक्षय राम, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी सुंदर सिंह सोलंकी, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, कालुबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितीश कुमार, कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, रीडर जे0पी0 वर्मा, मौजूद थे।

सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले की 128 वी पुण्यतिथि के अवसर पर राजेंद्र मोड सेक्टर 8 अ बोकारो इस्पात नगर में क्रांति ज्योति माता सावित्री वाई फूले पुण्यतिथि समारोह का आयोजन मदन मोहन महतो के अध्यक्षता एवं सुरेश प्रसाद महतो के संचालन में संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले के तस्वीर पर माला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन मोहन महतो ने कहा माता सावित्रीबाई फुले नारी उत्थान नारी शिक्षा के माध्यम से पितृ सत्तात्मक व्यवस्था में नारी को स्वाभिमानी एवं समानता के साथ समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाने वाली सशक्त महिला थी। समाज सेवा में अग्रसर विधवा महिलाओं केलिए रहनुमा के रूप में कार्य करने वाली तथा फ्लैग जैसे बीमारी में मरीजों की सेवा करते हुए बीमार होने से देहात हो गया देश में सर्वप्रथम महिलाओं को शिक्षित करने वाली निडर एवं संघर्षील जुझारू भारत में प्रथम महिला शिक्षिका रोल मॉडल के रूप में स्थापित हुई देश में विभिन्न सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं को लागू कर समाज में एक अच्छा संदेश देने का काम किया जा रहा है।

चुनाव आयोग के सदस्य अरुण गोयल का इस्तीफा लोकतंत्र के लिए खतरा: ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य ब्रजेंद्र सिंह ने कहा है की चुनाव आयोग के एक सदस्य अरुण गोयल का बिना किसी कारण का इस्तीफा देना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल केंद्रीय चुनाव आयोग में सिर्फ दो ही सदस्य थे एक सदस्य फरवरी में ही सेवानिवृत हुए थे। लेकिन जिस तरह से आनन फानन में गोयल साहब ने त्यागपत्र दिया और जितनी जल्दबाजी से उनका त्यागपत्र स्वीकृत किया गया इसके पीछे बहुत कुछ राज छुपा हुआ है जो आने वाले दिनों में इस पर से पर्दा उठने की संभावना है वर्तमान में केवल मुख्य चुनाव आयोग राजीव कुमार ही एकमात्र चुनाव आयोग में है और पूरी जिम्मेवारी लोकसभा हो या दूसरा कोई चुनाव हो निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने की पूरी जिम्मेवारी उन पर है। अब सवाल उठता है कि आखिर पिछले वर्ष जब सुप्रीम कोर्ट ने यह देश दिया था की चुनाव आयोग का सदस्य बनाने के लिए एक कमेटी होगी जिसमें प्रधानमंत्री विपक्षी दल का नेता और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल रहेंगे।

लेकिन उस आदेश को पलटने के लिए जिस तरह से सरकार ने आनन फानन में जिस तरह से संसद में नया कानून बनाकर पास कराया और जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को कमेटी से बाहर किया यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है और सभी को मनन करने की जरूरत है। चुनाव ऐलान होने में अब सिर्फ मुश्किल से एक सप्ताह का समय बचा है और ऐसी स्थिति में एक आदमी अगर ईवीएम मशीन से चुनाव कराते हैं। अभी समय है चुनाव आयोग यदि निष्पक्ष चुनाव कराने चाहते हैं तो बैल्लोट पेपर से ही चुनाव कराएं तो उनके हक में होगा और देशवासियों के भी हक में होगा अंत में यही कह ना चाहता हूं। कि आगे आगे देखिए होता है क्या अभी खेल बाकी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सिंदरी में मासस की प्रखंडस्तरीय बैठक संपन्न

धनबाद(आजाद सिपाही)। लोकसभा के अंतर्गत सिंदरी विधानसभा के गोविंदपुर प्रखंड में जमशेद अंसारी के अध्यक्षता में मासस का प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न जिसमें प्रखंड कमिटी के सभी वरिष्ट एवं सक्रिय कार्यकताएँ शामिल हुए, जिसमे आगामी चुनाव को देखते हुए चुनावी सभा से संबंधित कार्यक्रम पर चर्चा एवं दिन निर्धारित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के मासस प्रत्याशी कॉ० जगदीश रवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मासस के केंद्रीय सचिव कॉ० चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो उपस्थित रहे। सभा में कॉ० रवानी के सभी कार्यकताओं से कहा किसी भी हाल में धनबाद लोकसभा क्षेत्र मासस के खाते में दर्ज करवाना है, क्योंकि धनबाद संसदीय क्षेत्र मासस के संस्थापक एके रॉय का सीट रहा है लेकिन लोकसभा में भाजपा शासन में आई है तब से यहां विकाश कही भीड़ में गुम सी हो गई है।

झारखंड में लहरायेगा भाजपा गठबंधन का परचम: पवन झा

धनसार(आजाद सिपाही)। झारखण्ड प्रदेश जनता दल सेक्युलर के प्रदेश पदाधिकारीयो की बैठक के बाद बस्ताकोला गौशाला मोड में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसमें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष पवन झा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल सेक्यूलर का गठबंधन भाजपा से हुई है। झारखंड प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर कार्यकर्ता गठबंधन को जीतने के लिए जमीनी स्तर पर प्रत्येक बूथ तक पहुंच मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी कई चरणों में वार्ता हुई है। लोकसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश के सभी 14 सीट पर भाजपा गठबंधन के जीत का परचम लहराएगा। आगामी चुनाव के पहले संगठन से जुड़े कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के समस्या को किस तरह दूर करें इस पर मंथन हुई। भाजपा के कई वरीय नेताओं के और से कई आश्वासन पार्टी कार्यकताओं को मिला है। इसके बाद से पार्टी कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से भाजपा गठबंधन को जीतने के संकल्प को दोहराया है। पार्टी से जुड़े कई कार्यकताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क चला रही है। लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के वरीय नेताओं के दिशा निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता सभी 14 लोकसभा सीट पर जमीनी स्तर पर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के पूर्व अन्य दो चरणों में पार्टी के अहम बैठक संपन्न होगी। जिसमें सभी लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार में दमखम के साथ गठबंधन को जीतने के लिए पदाधिकारीयो की टीम की घोषणा की जाएगी. मौके पर श्याम कुमार वर्मा, सलाम अंसारी, वासुदेव महतो, विजय कुमार खतरी, विमलेश कुमार, अजीत मुखर्जी, बैजू राम, महेंद्र सिंह, महावीर माहतो आदि थे।

लक्की सिंह ने भाजपा का पट्टा पहना कर युवाओं को किया पार्टी में शामिल

सिंदरी (आजाद सिपाही)। सिंदरी विधायक के रूप में माँग के साथ भाजपा युवा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह का जोरदार स्वागत उनको माला पहनाकर रविवार को गोविंदपुर बाजार में किया गया। लक्की सिंह ने सैकड़ो युवकों को पार्टी का पट्टा व फूलों का माला पहनाकर भाजपा में शामिल किया। युवा नेता लक्की सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुसार लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया जा रहा है। 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के 400 पार की गारंटी को पूरा करने में सिंदरी विधानसभा अपना भरपूर योगदान देगा। सिन्दरी विधानसभा से पूरे भारत मे सबसे जदा मतदान होगा जिसके लिए सशक्त विधानसभा के रूप में विकसित किया जाएगा । युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए तैयारी की गई है। मंच की अध्यक्षता भाजपा नेता मनोज कुम्भकार व संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता रवि शर्मा ने किया।

कैबिनेट की बैठक में 17 प्रस्तावों पर मुहर

गैर-पेशेवर यूजी और पीजी छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

- शिक्षकों को ब्लॉक अनुदान एक कालीन सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राज्य मंत्रिमंडल की 76वीं बैठक माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में लोक सेवा भवन के तीसरे तल के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गयी। कैबिनेट बैठक में राज्य के राजस्व, विद्यालय एवं लोक शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी, खाद्य, आपूर्ति एवं शिविर कल्याण एवं सहकारिता मंत्री अतनु सब्यसाची नायक, विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न विभागों के 17 प्रस्ताव पारित किये गये। अनु गर्ग ने राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले के बारे में जानकारी दी।

इस बैठक में प्राथमिक शिक्षकों की वेतन दर में बदलाव का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही इस बैठक में ओआइएस कैडर के पुनर्गठन को भी मंजूरी दे दी गयी है। इसी तरह समबाय संस्थाओं के लिए भी सरकार 5 साल तक के लिए फंड की व्यवस्था करेगी। इसके लिए सरकार ने कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में राज्य के लोगों के लिए 'आम बस स्टैंड' योजना शुरू करने का फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि पूरे प्रदेश में बस अड्डों को बेहतर बनाया जायेगा और सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी। दूसरी ओर, ढेंकनाल बिरसाल में बीपीएसी को भी उन्नत किया जायेगा।

कैबिनेट बैठक में नये अनुदान प्राप्त शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए भी बड़ी घोषणा की गयी है। कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ देने की मंजूरी दे दी गयी। वहीं, राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में फैसला लिया है कि जल्द ही गैर-व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के छात्रों के संशोधन में सुधार की व्यवस्था होगी। शनिवार को कैबिनेट बैठक से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति में वाणिज्य एवं परिवहन, कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव सुश्री उषा पाढ़ी, स्कूल एवं गण शिक्षा आयुक्त एवं सचिव अश्वती एस, उच्च शिक्षा आयुक्त एवं सचिव श्री अरविंद अग्रवाल भी उपस्थित रहकर बैठक में विभागीय कैबिनेट के निर्णय के संबंध में जानकारी दी गयी।

सोआ विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों का गौरव : शाश्वती

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में काम करने वाली महिलाओं ने न केवल शिक्षा या स्वास्थ्य के क्षेत्र में बल्कि विभिन्न विषयों में भी अपने अमूल्य योगदान से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। सोआ की उपाध्यक्ष सास्वती दास ने कहा कि इस संबंध में वे विश्वविद्यालय और राज्य भर में आदर्श बन गये हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती दास ने शनिवार को परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर सोआ की महिला कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और बधाई दी।

इस अवसर पर श्रीमती दास ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। श्रीमती दास ने द्रौपदी, अनुसूया, सीता, सावित्री, कुंतला कुमारी और लक्ष्मीबाई जैसी महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाएं स्वर्नीम इतिहास की पृष्ठभूमि हैं। आज की महिलाएं समाज के साथ कदम मिला कर देश और राष्ट्र का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने इन महिलाओं को बधाई दी और सम्मानित किया।

स्वागत भाषण के अवसर पर सोआ परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर मंजुला दास ने उपस्थित महिला कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि हर सफल आदमी के पीछे एक महिला का हाथ होता है। इसी तरह आइएमएस एवं सम हॉस्पिटल की डीन प्रो. संघमित्रा मिश्र ने कहा कि एक महिला ही परिवार को एकजुट रखती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। गौरतलब है कि सोआ में पढ़ने वाले 55 फीसदी छात्री हैं, जबकि यूनिवर्सिटी में काम करने वाले 40 फीसदी शिक्षक और कर्मचारी महिलाएं हैं। महिला दिवस पर उपाध्यक्ष सुश्री दास की उपस्थिति में महिला कर्मचारियों ने केक काटकर जश्न मनाया।

17 को होगा होली धमाल रशियन संग थिरकेगी रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सन डाउनर इंटरटेनमेंट की ओर से प्री होली सेलिब्रेशन इट्स होली थिंग का आयोजन 17 मार्च को किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के कार्निवाल पैलेस में किया जायेगा। यह जानकारी सन डाउनर इंटरटेनमेंट के सीईओ आदित्यय राज और फाउंडर ईशान कुमार सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि रांची में होने वाला होली सेलिब्रेशन में यह कार्यक्रम सबसे अलग और सबसे ज्यादा शानदार होगा। कार्यक्रम में रशियन डांसर भी आ रही है, जो अपनी अदाओं से जलवा बिखेरेंगी। इसके अलावा डीजे की धुन में यूथ के रंगभरी होली खेलेंगे। आदित्य ने बताया कि अब तक करीब 1000 से अधिक टिकट की बिक्री हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किए गये है। प्रशासन भी इसमें सहयोग कर रही है। होली खेलने के साथ साथ यूथ स्नेक्स और ड्रिंक की भी व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीइओ आदित्य राज फाउंडर ईशान कुमार सोनी, मीडिया मैनेजर आयुष राज वर्मा व अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

पुरी समुद्र तट पर सुदर्शन पटनायक ने बनायी कलाकृति

दे रही 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान को नया आयाम

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। 'मेरा पहला वोट देश के लिए'अभियान देशभर में गति पकड़ रहा है और इसी को आगे बढ़ाते हुए प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओड़िशा के पुरी समुद्र तट पर रेत की एक कलाकृति बनायी है। अपनी कलाकृति के माध्यम से, उन्होंने युवा और पहली बार मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने और हमारे लोकतंत्र को समृद्ध और मजबूत करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पटनायक की कलाकृति की सराहना करते हुए कहा, 'यह कलाकृति रेत पर बनी है, लेकिन इसकी छाप हर भारतीय के मन पर है। मंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में आगे कहा कि #मेरा पहला वोट देश के लिए के रूप में, अभियान देश के हर कोने तक पहुंच गया है, जिससे पहली बार मतदान करने वालों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए एक बेजोड़ उत्साह भर गया है, रेत पर उकेरे गए इस अभियान की हम एक सुंदर अभिव्यक्ति देख रहे हैं।

'मेरा पहला वोट देश के लिए'अभियान देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में भी चलाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और राष्ट्र की व्यापक भलाई के लिए मतदान के महत्व को बताना है। यह पहल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावों के महत्व और मतदान के गौरव का प्रतीक है।

एनटीपीसी बोंगाइगांव में बर्दवी शिकला लेडीज क्लब का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बर्दवी शिकला लेडीज क्लब ने एनटीपीसी बोंगाईगांव के सहयोग से महिलाओं को सशक्त बनाने और टाउनशिप के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सामुदायिक कल्याण पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोकराझाड़ के जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी, आइएएस की सम्मानित उपस्थिति में यह पहल उत्साह और उद्देश्य के साथ शुरू हुई। श्री द्विवेदी ने सामाजिक बेहतरी के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए विशेष रूप से बालिका सशक्तिकरण में उनके प्रयासों की सराहना की।

श्री करुणाकर दास ने बर्दवी शिकला लेडीज क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए एक जीवंत और समावेशी सामुदायिक जीवन को बढ़ावा देने के लिए क्लब के अटूट समर्पण पर जोर दिया। विभिन्न पहलों के माध्यम से, क्लब ने टाउनशिप और उससे आगे के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयास किया है।

इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण 2022 की 40 जीइएम लड़कियों को सोलर लाइट का वितरण था, जो उन्हें उनकी प्रकाश आवश्यकताओं के लिए स्थायी समाधान प्रदान करता है। यह कदम न केवल अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देता है, बल्कि संसाधनों तक पहुंच के माध्यम से युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को भी दर्शाता है। इस कार्यक्रम में आइएस रेड्डी जीएम (रखरखाव), आशुतोष विश्वास जीएम (संचालन) और बर्दवी शिकला लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्य झुमिता बिस्वास और वाणी रेड्डी सहित प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। 2022 में जीइएम पास आउट मस्कुरा खातून ने एनटीपीसी बोंगाईगांव में व्यावहारिक यात्रा और सीख को साझा किया और अपने प्रशंसा पत्र से दूसरों को प्रेरित किया।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने स्ट्रीट लाइट स्थापना परियोजना की आधारशिला रखी

- स्ट्रीट लाइट स्थापना परियोजना की लागत 1.8 करोड़ रुपये है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के सीएसआर विभाग के तरफ से झारसुगुडा में प्रसन्न पंडा चौक से बीजू पटनायक चौक तक स्ट्रीट लाइटों की स्थापना के लिए आधारशिला रखने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह पहल जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की सामुदायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1.8 करोड़ रुपये है। इस परियोजना का उद्देश्य सड़कों को रोशन करना है, जिससे क्षेत्र में पैदल चलने वालों और यात्रियों की सुरक्षा में वृद्धि होगी।

समारोह में मुख्य अतिथि दीपाली दास विधायक झारसुगुड़ा, सम्मानित अतिथिब्रजबंधु भोई एडीएम झारसुगुड़ा, एसएन सिंह, उपाध्यक्ष परियोजनाएं एवं जनसंपर्क और अतिरिक्त रानी हाती अध्यक्ष नगरपालिका झारसुगुडा उपस्थित थे।

जेएसपी ने नवीन जिंदल का जन्मदिन फिटनेस दिवस के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल का जन्मदिन जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के कर्मचारियों और इसके व्यावसायिक परिसर के आसपास रहने वाले लोगों द्वारा फिटनेस दिवस के रूप में मनाया गया है। इस अवसर पर जेएसपी एवं उसकी शाखा जेएसपी फाउंडेशन द्वारा मिनी मैराथन, योग शिविर, रक्तदान शिविर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अंगुल प्लांट के कार्यकारी निदेशक पंकज मल्हान, आयरन जोन के कार्यकारी निदेशक दामोदर मित्तल, योग गुरु स्वामी सत्यबिंदु सरस्वती और अन्य विभाग प्रमुखों ने आज सुबह मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाई। जेएसपी अध्यक्ष नवीन जिंदल के प्रति अपना प्यार, सम्मान और स्नेह व्यक्त करने के लिए कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य और अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

इस मौके पर पंकज मल्हान ने कहा कि नवीनजी उन सबसे इनोवेटिव लोगों में से एक हैं जिनसे मैं मिला हूं। वह राष्ट्र निर्माण और आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान के दृढ़ दूरदर्शी हैं। वह हमेशा सामाजिक और सतत विकास में रुचि रखते हैं। नवीन जी हमेशा कहते हैं कि खरढ सिर्फ एक कंपनी नहीं है; यह एक परिवार है जहां हम एक साथ काम करते हैं, एक साथ रहते हैं और एक साथ बढ़ते हैं। जेएसपी अंगुल इकाई की ओर से, मैं उनके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना करता हूं। इसी तरह, जेएसपी फाउंडेशन ने जिंदल आशा केंद्र और नेत्रहीन और बधिर विद्यालय के समर्थन में दिबांग पिला के साथ नवीन जिंदल का जन्मदिन मनाया।डीएवी सावित्री जिंदल हाई स्कूल, उत्कल बालाश्रम अंगुल के छात्रों ने नवीन जिंदल का जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, जेएसपी फाउंडेशन ने अंगुल जेल के कैदियों को कैरम बोर्ड, शतरंज बोर्ड, लूडो, वाटर प्यूरीफायर, कॉम कूलर, इमरजेंसी चार्जिंग लाइट, सीलिंग फैन, पेडस्टल फैन, म्यूजिक सिस्टम जैसे आवश्यक खेल और उपयोगी सामान वितरित किये। इस अवसर पर दामोदर मित्तल, अतुल दुबे, आरवी श्रीधर, शुभदीप खां, श्याम माहेश्वरी, शरत पंडा सहित अंगुल जेएसपी की परिचालना प्रबंधन टीम के सदस्यों ने नवीन जिंदल को स्वस्थ और समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दीं। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा कलिंग अस्पताल के सहयोग से भुवनेश्वर कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया है और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिठाई वितरित की गयी है। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रशांत होता ने कहा कि देश के लिए नवीन जिंदल के योगदान को अगली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**